CMYK



खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, शुक्रवार 13 जून 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 303 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 16 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**ट्रम्प ने मस्क की माफी स्वीकार की**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**हर गेंद पर चुनौती पेश करें भारतीय क्रिकेटर: गंभीर**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# आग का गोला बना एयर इंडिया ड्रीमलाइनर, 241 की मौत

## एक ब्रिटिश नागरिक जिंदा बचा, पांच मेडिकल स्टूडेंट्स की भी मौत, एयर इंडिया की फ्लाइट जा रही थी लंदन

### 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश सवार थे, गुजरात के पूर्व सीएम रूपाणी का भी निधन

### ज्यादातर शव इतनी बुरी तरह झुलसे, पहचान करना हुआ मुश्किल, डीएनए टेस्ट से होगी पहचान

अहमदाबाद, वार्ता

**अहमदाबाद में गुरुवार** दोपहर एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हो गया। इसमें 12 क्रू मेंबर समेत 242 लोग सवार थे। अब तक हादसे में केवल एक यात्री के जिंदा बचने की बात सामने आई है। बाकी सभी लोगों की मौत हो गई है। एक न्यूज एजेंसी ने पुलिस कमिश्नर के हवाले से जानकारी दी कि प्लेन की सीट नंबर 11-ए पर बैठे हुए भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक रमेश विश्वास कुमार हादसे में जिंदा बच गए हैं। उनका वीडियो भी सामने आया है। इससे पहले एजेंसी ने कहा था कि विमान में सवार सभी लोगों की मौत हो गई है। वहीं जिस हॉस्टल पर विमान गिरा है, वहां बोइंग ड्रीमलाइनर विमान बीजे मेडिकल कॉलेज परिसर में गिर गया। विमान का एक हिस्सा इंटर्न डाक्टरों के हॉस्टल के मेस में घुस गया। इससे पांच मेडिकल स्टूडेंट की मौत की खबर है। मृतकों में चार अंडरग्रेजुएट स्टूडेंट्स और एक पीजी रेजिडेंट डाक्टर बताया जा रहा है।

एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई-171 अहमदाबाद से लंदन जा रही थी। इसमें 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत कुल 230 यात्री सवार थे। बाकी 12 क्रू मेंबर्स थे। हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का भी निधन हो गया है। भाजपा के राज्यसभा सांसद परिमल नाथवानी ने एक्स पर यह जानकारी दी। प्लेन जिस बिल्डिंग से टकराया, वहां अहमदाबाद के सिविल हॉस्पिटल के डाक्टर्स रहते हैं। जानकारी के मुताबिक हादसे के समय इमारत में 50 से 60 डाक्टर मौजूद थे, इनमें 15 से ज्यादा घायल हो गए हैं। हादसे की जगह से मिले ज्यादातर शव इतनी बुरी तरह झुलस चुके हैं कि उनकी पहचान करने में बेहद मुश्किल आ रही है। उनकी पहचान डीएनए टेस्ट के बाद ही संभव होगी। केरल के कोझिकोड में 7 अगस्त 2020 को एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान रनवे से फिसलकर क्रैश हो गया था। इसमें 21 -शेष पृष्ठ दो पर



## चमत्कार: एक यात्री जिंदा बचा



विमान हादसे में एक शख्स के जिंदा बचने की खबर है। अहमदाबाद के पुलिस कमिश्नर जीएस मलिक ने बताया कि पुलिस को सीट 11ए पर एक जीवित व्यक्ति रमेश विश्वास कुमार मिला। व्यक्ति अस्पताल में पाया गया है और उसका इलाज चल रहा है। अभी तक मौतों की संख्या के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि विमान आवासीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हुआ है।

## मोदी, शाह और खड़गे समेत अनेक नेताओं ने विमान हादसे पर जताया शोक



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत अनेक नेताओं ने गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार को हुए विमान हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है और प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना जताई है।

श्री मोदी ने इसे दिल दहलाने वाली घटना बताते हुए कहा कि प्रभावित लोगों की सहायता के लिए हरसंभव कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक पर एक पोस्ट में लिखा कि अहमदाबाद में हुई त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया है। यह शब्दों से परे दिल दहला देने वाली घटना है। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। मैं मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हूं, जो प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे हैं।

## टाटा ग्रुप ने किया एक-एक करोड़ के मुआवजे का ऐलान

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया की उड़ान संख्या ए-171 के दुर्घटनाग्रस्त होने की पुष्टि करते हुए इस पर गहरा शोक जताया और पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। टाटा ग्रुप ने पीड़ितों के लिए एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा देने का ऐलान किया है। साथ ही विमान दुर्घटना में ध्वस्त हुई हॉस्टल की बिल्डिंग के निर्माण में भी मदद का आश्वासन दिया है।

श्री चंद्रशेखरन ने कहा कि मैं बहुत दुख के साथ इसकी पुष्टि करता हूं कि अहमदाबाद से लंदन के गैटविक के लिए उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की उड़ान संख्या ए-171 दुर्घटना का शिकार हो गई। हमारी शोक संवेदनाएं इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से प्रभावित सभी लोगों के परिजनों के साथ है। इस समय, हमारा ध्यान प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के लोगों को ढांढस बंधाने पर है। हम दुर्घटनास्थल पर आपातकालीन सेवा में जुटी टीमों की सहायता करने और प्रभावित लोगों को सभी आवश्यक सहायता देने का काम पूरी ताकत के साथ कर रहे हैं। इस बारे में आगे जैसे ही और अधिक जानकारी मिलेगी उसे तत्काल अपडेट कर साझा करेंगे। विमान दुर्घटना के बारे में लोगों को जरूरी सूचना देने के लिए एक आपातकालीन केंद्र खोला गया है।

## पंजाबी इन्फ्लुएंसर कमल कौर का शव कार से बरामद



**बठिंडा।** पंजाब पुलिस ने बुधवार रात बठिंडा में आदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी के पास खड़ी कार के अंदर पंजाबी इन्फ्लुएंसर कमल कौर 'भाभी' का शव मिलने के बाद हत्या के पहलू से जांच शुरू कर दी है।

लुधियाना की रहने वाली कौर के इंस्टाग्राम पर 3.83 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं और वह नियमित रूप से रील पोस्ट करने के लिए जानी जाती थीं और अक्सर रूढ़िवादी सामाजिक मानदंडों को चुनौती देने वाली बोल्ड तस्वीरें और वीडियो शेयर करने के लिए सुर्खियों में रहती थीं। लोगों ने बताया कि बठिंडा-चंडीगढ़ हाईवे पर यूनिवर्सिटी के पार्किंग में खड़ी कार से दुर्गंध आ रही थी। जब पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन की तलाशी ली, तो उन्हएक महिला का शव मिला।

## कोर्ट की सतर्कता ज्यूडिशियल टेररिज्म में न बदले: सीजेआई



**नई दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई ने कहा कि ज्यूडिशियल रिव्यू (न्यायिक समीक्षा) की शक्ति का इस्तेमाल संयम से करना चाहिए। ऐसा तभी हो, जब कोई कानून संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता हो।

एक लीगल न्यूज पोर्टल के सवाल का जवाब देते हुए जस्टिस गवई ने कहा कि कई बार आप (कोर्ट) सीमाओं को पार करने की कोशिश करते हैं और वहां घुसने की कोशिश करते हैं, जहां आमतौर पर न्यायपालिका को प्रवेश नहीं करना चाहिए। जस्टिस गवई ने आगे कहा कि ज्यूडिशियल अलर्टनेस जरूरी है, लेकिन इसे ज्यूडिशियल टेररिज्म में नहीं बदलना चाहिए। जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि जब विधायिका और कार्यपालिका नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने में असफल रहती हैं, तब न्यायपालिका को हस्तक्षेप करना पड़ता है।

# गर्मी का सितम जारी, यूपी-बिहार में लू से पांच की मौत

**नई दिल्ली।** देश में बुधवार को राजस्थान का श्रीगंगानगर सबसे गर्म शहर रहा। यहां सीजन का सबसे ज्यादा पारा 48 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। 6 साल पहले 2019 में शहर का तापमान 49 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम विभाग ने राजस्थान के 13 जिलों में गुरुवार को भीषण गर्मी की चेतावनी दी है। बिहार के शिवहर में बुधवार को घर की मरम्मत कर रहे एक युवक की लू लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान रवि राम (30 साल) के रूप में हुई है। मौसम विभाग ने राज्य के सभी जिलों में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। तापमान भी 1-2 डिग्री बढ़ सकता है। यूपी के अधिकतर जिलों में तापमान 40 डिग्री के पार है। बीते 24 घंटे में लू (हीटस्ट्रोक) से 4 लोगों की मौत हुई है। गुरुवार को भी प्रदेश के कई जिलों में हीटवेव की चेतावनी है। मध्य प्रदेश में गुरुवार को लगातार छठे दिन भीषण गर्मी का असर रहेगा। ग्वालियर, चंबल-सागर संभाग के 12 जिलों में लू चलने की संभावना है। इधर, दिल्ली में पारा 45 डिग्री पहुंचने के कारण रेड अलर्ट है। बुधवार को दिल्ली का आया नगर 45.0 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा। मौसम विभाग ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश में गर्मी का अलर्ट जारी किया है।

### दिल्ली में भीषण गर्मी के मद्देनजर रेड अलर्ट जारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को भीषण गर्मी जारी रहने पर मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने कहा कि राजधानी दिल्ली में गुरुवार को चौथे दिन प्रचंड गर्मी का प्रकोप जारी रहा। विभाग ने इसके मद्देनजर रेड अलर्ट जारी किया है। उन्होंने लोगों से बहुत जरूरी काम होने पर घर से बाहर निकलने की बात कही और निरंतर पेयजल लेने की अपील की। इन दिनों गर्मी और उमस का असर लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। विशेष रूप से बुजुर्ग, बच्चे और बाहर काम करने वाले लोग इससे अधिक प्रभावित हो सकते हैं। विभाग के बुलेटिन के मुताबिक राजधानी में 13 जून तक प्रचंड गर्मी और लू जारी रहेगी।

## कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस में रिकॉर्ड बुकिंग

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर को शेष देश से जोड़ने वाली कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस में पिछले छह दिनों में रिकॉर्ड बुकिंग दर्ज की गई है और आगामी दो हफ्तों के लिए सीटें भी एडवांस में बुक हो गई हैं।रेलवे सूत्रों के मुताबिक ट्रेन अगले दो हफ्तों के लिए पूरी तरह से भरी हुई है। कटरा-श्रीनगर-कटरा दोनों दिशाओं में चलने वाली दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों में 26 जून तक कोई सीट उपलब्ध नहीं है। उन्होंने बताया कि जुलाई के लिए भी सीटें बुक हो गई हैं। तीन जुलाई से शुरू हो रही वार्षिक अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर भारी भीड़ होने की उम्मीद है। पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी इस ट्रेन से यात्रा कर रहे हैं।

## मणिपुर में दूसरे दिन भी पांच जिलों में कर्फ्यू में ढील

**इंफाल।** मणिपुर में पांच जिलों में गुरुवार को 12 घंटे के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई। जिला मजिस्ट्रेट के आदेशानुसार इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, काकचिंग, थौबल और विष्णुपुर में सुबह पांच बजे से शाम पांच बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई। राज्य सरकार ने गुरुवार को इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्व में शैक्षणिक संस्थान खोलने की घोषणा की। स्थिति तनावपूर्ण रहने के कारण हालांकि अधिकांश संस्थान बंद रहे। इन पांचों जिलों में इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध बरकरार है। सामाजिक सांस्कृतिक संगठन अरामबाई टेंगोल (एटी) ने अपने एक नेता की गिरफ्तारी के विरोध में 10 दिवसीय बंद का आह्वान किया था, जिसे मंगलवार को वापस ले लिया गया। संगठन ने कहा कि बंद हिंसक हो रहा है।

## माउंट एवरेस्ट फतह करने वाले एनसीसी कैडेट सम्मानित

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने माउंट एवरेस्ट को फतह करने वाले राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के पर्वतारोहण अभियान दल को गुरुवार को यहां दस लाख रुपये की राशि प्रदान कर सम्मानित किया। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को यहां एक वक्तव्य जारी कर बताया कि अभियान दल के कैडेटों ने रक्षा मंत्री से मुलाकात की। अभियान दल के सदस्यों की औसत आयु 19 वर्ष है और इनमें पांच लड़कियां और पांच लड़के शामिल है। दल ने गत 18 मई को माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की। रक्षा मंत्री ने कर्नल अमित बिष्ट के नेतृत्व में टीम के अदम्य साहस, धैर्य और देशभक्ति का सम्मान करते हुए कठिन परिस्थितियों में यह उपलब्धि हासिल करने के लिए उन्हें 10 लाख रुपये का चेक प्रदान किया।

## पूरा देश खड़ा है प्रभावित परिवारों के साथ: मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे को हृदय विदारक बताते हुए कहा है कि दुख की इस घड़ी में पूरा देश प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा है।

श्रीमती मुर्मू ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह इस घटना के बारे में जानकर 'बहुत व्यथित' हैं और उन्होंने इसे 'हृदय विदारक आपदा' कहा। राष्ट्रपति ने कहा कि अहमदाबाद में हुए दुखद विमान दुर्घटना के बारे में जानकर मैं बहुत व्यथित हूं। यह एक हृदय विदारक आपदा है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं। राष्ट्र इस अवर्णनीय दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा है। एयर इंडिया के अमहदाबाद से लंदन जा रहे विमान में चालक दल के 12 सदस्यों समेत 242 लोग सवार थे। विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## भारत की एयरलाइनों के कुछ बड़े हादसे

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में गुरुवार को एयर इंडिया की उड़ान संख्या ए-171 की दुर्घटना से पहले देश की एयरलाइनों के कुछ बड़े विमान हादसे इस प्रकार हैं-

- एक जनवरी 1978 को एयर इंडिया की उड़ान संख्या 855 का बोइंग 747 विमान मुंबई से उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद अरब सागर में गिर गया। विमान के सभी 213 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की मृत्यु हो गई।
- 23 जून 1985 को टोरंटो से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया की उड़ान संख्या 182 के विमान सम्राट कनिष्क को खालिस्तानी आतंकवादियों ने आयरलैंड तट के पास बम विस्फोट से उड़ा दिया। इस हमले में विमान में सवार सभी 329 लोगों की मौत हो गई। यह भारत का सबसे घातक विमान हादसा माना जाता है।
- 14 फरवरी 1990 को बेंगलुरु में एयरबस ए320 विमान लैंडिंग के दौरान रनवे से आगे निकलकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में 92 लोगों की मृत्यु हो गई।
- 12 नवम्बर 1996 को हरियाणा के चरखी दादरी में दो विमान हवा में ही टकरा गए थे। इसमें एक विमान सऊदी एयरलाइंस की उड़ान संख्या 763 और दूसरा कज़ाकिस्तान एयरलाइंस की उड़ान संख्या 1907 था। इस हादसे में दोनों विमानों में सवार सभी 349 लोगों की मौत हो गई।
- 22 मई 2010 को दुबई से मैंगलोर लौट रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस का बोइंग 737 विमान के रनवे से फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त होने से 158 लोगों की मौत हो गई।
- सात अगस्त 2020 को केरल के कोझिकोड एयरपोर्ट पर एयर इंडिया एक्सप्रेस का वंदे भारत मिशन पर गया विमान दुबई से लौट रहा विमान रनवे से फिसल का दो हिस्सों में टूट गया। इस हादसे में 21 लोगों की जान चली गई।
- 17 जुलाई 2000 को अलायंस एयर के विमान के पटना के रिहायशी इलाके में गिरने से 56 यात्रियों की मौत हो गई थी।

## एयर इंडिया बोइंग के 787 ड्रीमलाइनर की है यह पहली घातक दुर्घटना

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में गुरुवार को हुई भीषण विमान दुर्घटना अमेरिकी विमान विनिर्माता कंपनी बोइंग के किसी बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान का दुनिया में पहला भीषण हादसा है, जिसमें यात्रियों और चालक दल के सदस्यों सहित विमान पूरी तरह से नष्ट हो गया है। समाचारपत्र न्यूयॉर्क टाइम्स में प्रकाशित एक लेख के मुताबिक बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों में परिचालन संबंधी कई खामिया प्रकाश में आती रही हैं, जिनमें यात्रियों के घायल होने की भी सूचना है। इस लेख के अनुसार इस विमान के साथ अभी तक कोई जानलेवा हादसा नहीं हुआ है। ड्रीमलाइनर भारत में पहली बार एयर इंडिया विमानों में 2012 में शामिल किए गए थे। ये विमान अपनी उच्च तकनीक, ईंधन की बचत और यात्रियों के लिए अधिक आरामदायक होने के कारण ये विमान विश्वभर की एयरलाइनों की पसंद में ऊपर बने हुए हैं। एयर इंडिया के बेड़े में 2016 में शामिल एक ड्रीमलाइनर बोइंग 787 विमान गुरुवार अपराह्न अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरते ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान में 230 यात्री, दो पायलट और चालक दल के 10 सदस्य सवार थे।

## पायलट ने आखिरी समय पर मे-डे कॉल किया था

**अहमदाबाद।** विमान के पायलट सुमित सुब्बरवाल ने आखिरी मौके पर मे-डे कॉल दिया था। यह एक अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन कॉल है, जिसे पायलट उस स्थिति में भेजता है जब विमान गंभीर संकट में हो और उसे इमरजेंसी हेल्प की जरूरत हो। मे-डे शब्द की उत्पत्ति फ्रेंच शब्द 'मैदे' से हुई है, जिसका अर्थ होता है मदद कीजिए (हेल्प मी)। इसे तीन बार दोहराया जाता है 'मे-डे, मे-डे, मे-डे' वहीं विमान हादसे के बाद एयर इंडिया ने एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। यह नंबर 1800-5691-444 है।

## विमान दुर्घटना: स्थानीय प्रशासन की मदद को आई सेना

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में गुरुवार को हुई भीषण विमान दुर्घटना के बाद भारतीय सेना भी मदद के लिए आगे आई है तथा सेना के जवान राहत और बचाव अभियान में नागरिक प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं। विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रयासों में नागरिक प्रशासन की सहायता के लिए सेना की 130 कर्मियों वाली टीमों को तैनात किया गया है। इन टीमों में मलबा हटाने के लिए जेसीबी के साथ इंजीनियरिंग टीमें, डाक्टरों और पैरामेडिक्स मेडिकल टीमें, त्वरित कार्रवाई दल तथा अग्निशामक यंत्र शामिल हैं।

## सीजेआई गवई ने विमान हादसे से प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और उनके साथी अन्य न्यायाधीशों ने गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार को हुए दुखद विमान हादसे से प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। शीर्ष अदालत की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि मुख्य न्यायाधीश और उनके साथी न्यायाधीशों ने रजिस्ट्री के अधिकारियों के साथ मिलकर हादसे से प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

# सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के अद्भुत ग्यारह साल

## मोदी हैं देश की आवाज, खुद को तपा कर 140 करोड़ देशवासियों के सपनों को दी परवाज : जसवंत सिंह





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक बैंकट हॉल में मोदी सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सफलतम 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 'प्रोफेशनल मीट' का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी और संचालन जिला महामंत्री विनय राणा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सैनी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षक एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज रहे।

प्राप्त समाचार के अनुसार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए मोदी सरकार के स्वर्णिम 11 साल पूरे होने पर समस्त देशवासियों को मंगलक. ामनाएं दी और कहा कि इस समयकाल में पूरी दुनिया ने देखा कि कैसे सेवा से प्रेरित शासन व्यवस्था जनता के जीवन में अनेकों बदलाव ला सकती है। युवा को रोजगार देना हो या फिर नारी सशक्तिकरण, किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना हो या फिर देश से गरीबी कम करना, मोदी सरकार हर पैमाने पर शत-प्रतिशत खरी उतरी। इन 11 वर्षों में दलितों, वंचितों, पिछड़ों, आदिवा. सियों के कल्याण को प्राथमिकता देते हुए नरेन्द्र मोदी ने उनको उनका हर हक दिलवाया है। मोदी सरकार के कार्यकाल में ही हमने भारत को दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनते देखा। साथ ही आज हम हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहे हैं। हमारी सशक्त सेनाओं ने सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर के जरिए दुश्मन को घर में घुसकर मारा। इसके साथ ही दुनिया के सामने ये स्पष्ट संदेश भी दिया कि नया भारत किसी के सामने झुकने वाला नहीं है। आज 140 करोड़ देशवासियों को ये विश्वास है कि मोदी सरकार जनकल्याण के अपने इन प्रयासों से 'विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को जरूर हासिल करेगी। साथ ही जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी ने उपस्थित सभी प्रबुद्ध वर्ग के महानुभावों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संयोजक नरेश भाटी, शोभित त्यागी, पवन राजपूत, सुनील राजपूत रहे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष चौ. साकेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व सांसद राजा भारतेंदु सिंह, धामपुर विधायक अशोक राणा, डॉ. तेजपाल वर्मा, राजीव सिसौदिया, सुमन त्यागी, लोकेंद्र चौधरी, चेयरपर्सन बिजनौर श्रीमती इंदिरा सिंह, दीपक गर्ग मोनू जिला मीडिया प्रभारी, भाजपा सीपी सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई राजेश पायलट की पुण्यतिथि

## मंझौला गुर्जर में विचार गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के तत्वावधान में जननायक, किसानों के मसीहा, प्रेरणा स्रोत एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि प्रेरणा दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक सादगी से मनायी गई।

विचार गोष्ठी में अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रचार मंत्री डॉ. मनोज कटारिया ने प्रेरणा स्रोत स्व. राजेश पायलट को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि एक ऐसा व्यक्तित्व जिन्होंने अपना पूरा जीवन देश और समाज के लिए समर्पित कर दिया। किसानों के मसीहा, युवाओं के प्रेरणास्रोत और गरीबों के सच्चे हमदर्द स्व. राजेश पायलट हमेशा हम सब के दिलों में एक विशेष स्थान रखेंगे। उन्होंने कहा कि उनके निधन से हुई समाज की अपूर्णीय क्षति आज भी महसूस होती है और उनके विचार, उनकी सादगी एवं उनका जनसेवा का जज्बा हमें निरंतर प्रेरित करता रहेगा।

उन्होंने हमेशा राजनीति को सेवा का माध्यम माना और आम आदमी की आवाज बनकर खड़े रहें।

विचार गोष्ठी में स्व. राजेश पायलट की 25वीं पुष्यतिथि पर उन्हें नमन करते हुए उनके दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। तहसील क्षेत्र के ग्राम मंझौला गुर्जर में डॉ. मनोज कटारिया के निवास स्थान पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं शिक्षाविद ओमवीर सिंह भड़ाना की अध्यक्षता और वेदपाल सिंह जिन्दल के संचालन में आयोजित विचार गोष्ठी में धर्मपाल सिंह, चन्द्रपाल सिंह, राजपाल सिंह, नरेशपाल सिंह, टीकाराम सिंह, सुरेश कुमार, राजीव कुमार, विरेन्द्र सिंह, वरूण कुमार, राजेन्द्र सिंह, अर्जुन सिंह, पवन कुमार, संजीव कुमार, संजय सिंह, महावीर सिंह, महीपाल सिंह, मोहित कुमार, कमल सिंह, परवीन सिंह, सतीश कुमार, तिलक राम सिंह एवं देवेन्द्र सिंह आदि ने श्रद्धेय राजेश पायलट को नमन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# रंजिशन घर में घुस कर प्रधान पुत्र पर धारदार हथियारों से हमला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ग्राम धींगरपुर में उस समय अफरा तफरी का माहौल बन गया जब मौजूदा प्रधान के घर पर कुछ लोगों ने धारदार हथियारों से हमला करते हुए प्रधान पुत्र को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम धींगरपुर निवासी मुकीम पुत्र महमूद ने थाने में तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि बुधवार की देर रात असलम पुत्र पीरू, आफताब पुत्र उस्मान, शोएब पुत्र शमीम, शमीम पुत्र नामालूम, इमरान आदि निवासी गण अनीसा नंगली अपने अन्य अज्ञात साथियों के साथ पीड़ित के घर में घुस आए और उसके पुत्र जिशान पर धारदार हथियारों से हमला करते हुए उसको गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को गंभीर हालत में सीएचसी से हायर सेंटर भेज दिया गया है। वहीं पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई करते हुए हुए जांच की जा रही है।

# पत्थरवाला ग्राम में नहीं पहुंच रहा पानी

## महिलाओं ने जताई नाराजगी, जिम्मेदारों पर उठाए सवाल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** विकासखंड हिदायतपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पत्थर वाला में बुनियादी सुविधाओं का टोटा ग्रामीणों की परेशानी का सबब बना हुआ है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम में वर्षों पहले पानी की पाइप लाइन तो बिछा दी गई, लेकिन आज तक उस लाइन में नियमित रूप से पानी नहीं पहुंच पाया। ग्राम की टंकी में पानी न होने के चलते ग्रामीणों को पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम की महिलाओं मीना, सोना, पुष्पा, बसंती और जसोदा ने बताया कि बार-बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। पानी के लिए दूर-दराज से पानी लाना पड़ता है या निजी साधनों पर खर्च करना पड़ता है। गर्मी में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। इसके अलावा ग्राम में बिजली के जर्जर और लटकते तार भी एक बड़ी समस्या बने हुए हैं। कई स्थानों पर तार इतने नीचे लटक गए हैं कि बच्चों, पशुओं और राहगीरों के लिए खतरा बने हुए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन विभाग की ओर से इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द पानी की व्यवस्था बहाल करने और बिजली के लटकते तारों को दुरुस्त कराने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर जल्द सुनवाई नहीं हुई, तो वे प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

# भाजपा नेताओं ने की पावर कॉरपोरेशन चेयरमैन से मुलाकात



## बिजली की समस्या रखी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भाजपा नेताओं ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के चेयरमैन आशीष गोयल से मिल कर के नजीबाबाद क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति को लेकर चर्चा की और लाइट की व्यवस्था को दुरुस्त करने का अवश्वाशन दिया।

मालूम हो कि सहानपुर फिडर से नगर के लिए नई लाइन को स्वीकृति देने के लिए आभार व्यक्त किया। नजीबाबाद ईद उल अजहा के मौके पर हर साल यह समस्या जरूर होती है। पिछले साल इन दिनों हर जगह के ट्रासंफारम फूक गए थे, तो कही जंपर उड़ जाने की शिकायत रहती थी। वैसे ही इस साल भी है इस दौरान कुछ पुराने समय एवं चान्दपुर कालेज में पड़ाई के समय की बाते भी वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव अरोड़ा ने साझा की। क्योंकि दोनों का गृह नगर चांदपुर से ही है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नेता सुबोध पराशर पूर्व विधायक/एमएलसी के नेतृत्व में चिकित्सा प्रकोष्ठ मंडल अध्यक्ष डॉ. राजीव अरोड़ा, डॉ. सुरेन्द्र कुमार जौहर, सजंय जोशी आदि मौजूद रहे।

# व्यापारियों के हितों की लड़ाई हमेशा लड़ेंगे

## कपिल सर्राफ ने अंग वस्त्र भेंट कर किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** जीएसटी कार्यालय में जॉइंट कमिश्नर राजीव ऑथर के कार्यालय पर मुरादाबाद मंडल के एडिशनल कमिश्नर अशोक कुमार से भेंट हुई। एडिशनल कमिश्नर मुरादाबाद मंडल अशोक कुमार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की तरफ से जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ एवं प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक अरोड़ा एवं संगठन के सम्मानित सदस्य हर्षित सर्राफ ने संयुक्त रूप से एडिशनल कमिश्नर जीएसटी मुरादाबाद अशोक कुमार को माला पहनकर एवं अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया।

व्यापारियों की समस्याओं पर वार्तालाप की एडिशनल कमिश्नर अशोक कुमार ने सरलता पूर्वक आश्वासन दिया कि व्यापारियों की कोई भी समस्या होगी उसे सरलता पूर्वक नियमानुसार व्यापारियों के हित को ध्यान में रखते हुए उसका निस्तारण शीघ्र कर दिया जाएगा। कमिश्नर साहब ने कहा कि व्यापारी और अधिकारी दोनों एक ही गाड़ी के दो पहिए हैं। हमें दोनों को मिलकर गाड़ी को सरलता पूर्वक अच्छे ढंग से देश हित में चलाना है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति व्यापारियों और अधिकारियों के बीच में नहीं बननी चाहिए। प्रत्येक अधिकारी को व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेना चाहिए और उसका निस्तारण सरलता पूर्वक करना चाहिए। श्री सर्राफ ने भी आश्वासन दिया की अच्छे और व्यापारिक हित के सभी कार्यों में हम अधिकारियों को सहयोग करते रहे हैं और आगे भी करेंगे। हम व्यापारी भी शांति के पक्षधर है। इस मौके पर पूरे जिला बिजनौर के जीएसटी विभाग के समस्त अधिकारी मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में नासिर उर्फ आदिल चौधरी ने वितरित किया ठंडा शरबत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** भीषण गर्मी के बीच लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व प्रदेश महासचिव नासिर उर्फ आदिल चौधरी ने एक सराहनीय पहल की। उन्होंने नगर में राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाकर उनकी प्यास बुझाई।

मोहल्ला मुस्लिम चौधरी कुरी हाउस निवासी अपने टीवीएस के चौधरी शोरूम पर आदिल चौधरी द्वारा लगाए गए सेवा शिविर की काफी सराहना हो रही है। शरबत वितरण के दौरान उन्होंने कहा कि इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं है और इस तपती धूप में लोगों की सेवा करना सबसे बड़ा सुकून है। मेरे एवं मेरे परिवार के द्वारा काफी लंबे समय से समाज की सेवा के उद्देश्य से इस तरह का शिविर लगाए जाते हैं और हमेशा कोशिश करेंगे की इस काम को करते रहें। इस वक्त गर्मी का तापमान बहुत ज्यादा है, आने-जाने वाले को पानी की जरूरत होती है। इससे मानवता के साथ-साथ लोगों की दुआएं भी मिलती है, जिससे मन को बहुत सुकून मिलता है। स्थानीय लोगों ने भी इस कार्य की खुले दिल से तारीफ की और कहा कि ऐसी सामाजिक सेवाएं समाज में आपसी भाईचारे और इंसानियत का संदेश देती हैं। इस मौके पर नय्यर चौधरी, वली उर रहमान, अशोक चौधरी, विशाल, प्रशांत कुमार, प्रशांत शर्मा, फैजान अंसारी, जावेद अंसारी आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सिंधु जल संधि निलंबन का लाभ उठाया जाएगा: खट्टर

**श्रीनगर।** केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गुरुवार को कहा कि सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) के वर्तमान निलंबन का पूरा लाभ देश के बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए उठाया जाएगा। खट्टर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ समीक्षा बैठक के बाद श्रीनगर में मीडिया के साथ बातचीत कर रहे थे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**आग का गोला..**

यात्रियों की मौत हुई थी, जबकि 110 लोग घायल हुए थे। इसमें कोरोना के दौरान वंदे भारत मिशन के तहत दुबई से भारतीयों को लाया जा रहा था। एयर इंडिया की फ्लाइट नंबर एआई-171 ने दोपहर 1:38 बजे उड़ान भरी थी। दोपहर 1:40 बजे यह क्रैश हो गई। जानकारी के मुताबिक विमान एयरपोर्ट की दीवार और एयर कस्टम कार्गो ऑफिस के पास क्रैश हुआ। विमान के गिरते ही पूरे इलाके में धुएं का गुबार दिखाई दिया। अहमदाबाद सिविल अस्पताल में स्ट्रेचर कम पड़े, तो हाथ ठेले से लेकर पहुंचे शव, अस्पताल में ओ निगेटिव ब्लड की कमी अहमदाबाद प्लेन क्रैश होने के बाद हादसे के शिकार लोगों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल लाया गया। अस्पताल में स्ट्रेचर कम पड़े तो हाथ ठेले से शवों को ले जाया गया। अस्पताल में ओ निगेटिव ब्लड की कमी होने के बाद ब्लड डोनेशन की अपील की है। अहमदाबाद में एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन सिविल हास्पिटल के हॉस्टल की 4 बिल्डिंग से टकराया था। जिनमें रेजिडेंट डाक्टर रहते थे। घटना के दौरान हॉस्टल में 50 से 60 इंटर्न डाक्टर्स मौजूद थे। ज्यादातर मेस में लंच कर रहे थे। बो. इंग 787.8 ड्रीमलाइनर विमान की बैट्री से बनावट तक विवाद बोइंग का 787.8 ड्रीमलाइनर विमान अपनी फ्यूल एफिशिएंसी और आरामदायक सफर के लिए जाना जाता है। हालांकि इसकी सेफ्टी को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। इसमें खामियां सामने आने के बाद दुनियाभर में इसकी फ्लीट के उड़ान भरने पर 3 महीने के लिए रोक लगा दी गई थी। अहमदाबाद में क्रैश हुए एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन में पंजाब भाजपा के प्रभारी एवं गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी का निधन हो गया। वह 3 साल से पंजाब और चंडीगढ़ भाजपा के प्रभारी थे। उन्होंने 3 दिन पहले लुधियाना में वेस्ट हलका के उपचुनाव में पार्टी उम्मीदवार जीवन गुप्ता के लिए प्रचार किया था। एयर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन में सवार एक यात्री आकाश वत्स ने कहा कि मैंने इसी विमान में कुछ गड़बड़ियां देखी थीं। सीट का टच स्क्रीन नहीं चल रहा था, बटन खराब थे। मैं यह वीडियो एयर इंडिया को भेजना चाहता था। मैं और ज्यादा जानकारी देना चाहता था। कृपया मुझसे संपर्क करें।

# भाजपा ने टैगोर के मकान पर हमले के लिए यूनुस की भर्त्सना की

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय जनता पार्टी ने बंगलादेश में नोबेल पुरस्कार से अलंकृत गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के पैतृक घर पर इस्लामिक कट्टरपंथियों के हमले और दोषियों पर मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने की कड़ी निंदा की है और वैश्विक समुदाय से इस कृत्य के खिलाफ एकजुट होने की अपील की है।

भाजपा के प्रवक्ता डा. संबित पात्रा ने यहां पार्टी के मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में बंगलादेश की अंतरिम सरकार की भर्त्सना करने के साथ ही पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार की इस घटना पर चुप्पी की आलोचना की और कहा कि सुश्री बनर्जी वोटबैंक की राजनीति के कारण चुप्पी साधे हैं, जबकि भाजपा सभ्यतागत मूल्यों की राजनीति के कारण मुखर हुई है। डा. संबित पात्रा ने कहा कि आप सबको विदित है कि मंगलवार को गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर जी के बंगलादेश में स्थित पैतृक घर पर हमला हुआ और उसको काफी क्षति पहुंचाई गई। गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर कोई आम शख्सियत नहीं थे। वे असाधारण विविधता वाले व्यक्ति थे। उन्होंने अपने साहित्य, दर्शन और दृष्टि के माध्यम से दुनिया को बहुत योगदान दिया। टैगोर सीमाओं तक सीमित नहीं थे, उनकी विरासत राष्ट्रों से परे थी। उन्होंने 2 राष्ट्र के राष्ट्रगान को लिखा। भारत के राष्ट्रगान 'जन-गण-मन' को रबिन्द्रनाथ जी की कलम ने ही संजोया और बंगलादेश के राष्ट्रगान को भी उन्होंने ही लिखा था। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस घर पर हाल ही में हुआ हमला हिंसा की एक पूर्व नियोजित घटना में किया गया था।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

प्रवर मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभि0/समन्वय, उत्तर प्रदेश, मुरादाबाद कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा ई-टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत रुपये | अग्रिम धन रुपये | निविदा फॉर्म की लागत रु. | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | **04RT-SNT-Sig-SSDAC-MSDAC** प्रोविज़न ऑफ़ एस एस डी ए सी/ एम एस डी ए सी इन लियू ऑफ़ ओवरएज्ड यूनिवर्सल एक्सेल काउंटर इन नजीबाबाद (EX)-सहारनपुर सेक्शन ऑफ़ मुरादाबाद डिवीज़न | 39068629.22 | 345400.00 | Nil | 10.07.2025 15:00 hrs. |
| 2 | **05RT-SNT-Sig-SSDAC-MSDAC** प्रोविजन ऑफ़ एस एस डी ए सी/ एम एस डी ए सी इन लियू ऑफ़ ओवरएज्ड यूनिवर्सल एक्सेल काउंटर इन चंदौसी - बरेली सेक्शन ऑफ़ मुरादाबाद डिवीज़न | 14552199.59 | 222800.00 | Nil | 10.07.2025 15:00 hrs. |
| 3 | **10RT-SNT-Sig-MB-MLB-ELB** मिडटर्म रिहैबिलिटेशन ऑफ़ एम एल बी इंटरलॉकिंग एल सी गेट्स विथ इ एल बी इन RAC-LKO, MB-CH-ALJN, CH-BE, GJL-MZM, KRJ-MTC & LRJ-HW-DDN-RKSH सेक्शन ऑफ़ मुरादाबाद डिवीज़न | 42569992.67 | 362900.00 | Nil | 10.07.2025 15:00 hrs. |

नोट:- निविदा के पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा सूचना 04RT,05RT,10RT-SNT-SIG-SSDAC-MLB-ELB-2024-25 दिनांक 10.06.2025 1749/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# दलित युवती से रेप में अस्पताल संचालक हाशिम अंसारी अरेस्ट

## पूर्व से विवादों से रहा नाता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** दलित युवती से रेप एवं उसे धमकी देने के मामले में पुलिस ने लाइफ केयर अस्पताल के चीफ संचालक हाशिम अंसारी को गिरफ्तार किया है। हाशिम अंसारी का पूर्व से ही विवादों से नाता रहा है। पूर्व में उन्होंने अपनी पत्नी पर बंधक बनाने का आरोप लगाते हुए बंधे हाथों के साथ घर की दूसरी मंजिल पर गैलरी में आकर शोर मचाया था।

प्राप्त समाचार के अनुसार पीड़िता ने तीन जून को थाना नूरपुर में तहरीर दी थी कि हाशिम अंसारी पुत्र असगर हुसैन निवासी मौहल्ला रामनगर, कस्बा व थाना नूरपुर ने उसके साथ जबरन बलात्कार किया। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 205/25 धारा 64 (1), 352, 351 (3) बीएनएस व 3 (2) 5एससी/एसटी एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने आरोपी हाशिम अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है।

गौरतलब है कि हाशिम अंसारी पूर्व से ही विवादित व्यक्ति रहा है। उसका अपनी पत्नी से भी लम्बा विवाद चला था। उसने अपनी पत्नी पर बंधक बनाकर कमरे में बंद करने का आरोप लगाया था। यह मामला काफी दिनों तक चर्चाओं में रहा था।

# मंडावर में भीषण गर्मी के चलते बर्फ की मांग में उछाल

## कीमत दोगुनी किलो से बिक रहा बर्फ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** भीषण गर्मी की मार झेल रहे मंडावर क्षेत्र में बर्फ की मांग में जबरदस्त इजाफा देखने को मिल रहा है। स्थानीय बाजारों में बर्फ की कीमतें आसमान छू रही हैं। जहां सामान्यत: 300 रुपये की बर्फ की सिल्ली अब 600 रुपये में बिक रही है। वहीं, प्रति किलो बर्फ की कीमत 20 रुपये तक पहुंच गई है।

स्थानीय व्यापारियों के अनुसार तापमान में लगातार वृद्धि के कारण लोग गर्मी से राहत पाने के लिए बर्फ का उपयोग बड़े पैमाने पर कर रहे हैं। बर्फ की मांग इतनी बढ़ गई है कि आपूर्ति गाड़ियां पहुंचने से पहले ही बर्फ बिक जा रही है। एक स्थानीय बर्फ विक्रेता ने बताया की गर्मी ने इस बार सारी हदें पार कर दी हैं। ग्राहक सुबह से ही बर्फ की सिल्ली बुक कराने लगते हैं और दोपहर तक सारा स्टॉक खत्म हो जाता है।

क्षेत्र के निवासियों का कहना है कि बर्फ की कमी और बढ़ती कीमतों ने उनकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। एक स्थानीय निवासी ने कहा, पहले हम 300 रुपये में सिल्ली खरीद लेते थे, लेकिन अब दोगुनी कीमत चुकानी पड़ रही है। गर्मी में बर्फ के बिना गुजारा मुश्किल है। विशेषज्ञों का मानना है कि गर्मी का प्रकोप और मांग में वृद्धि के कारण बर्फ की कीमतों में और उछाल आ सकता है।

## एक नजर

### किरतपुर में अकरम गिरफ्तार

**बिजनौर।** किरतपुर पुलिस ने ग्राम भोजपुर निवासी अकरम पुत्र बशीर को गिरफ्तार किया है। वादी हेमेन्द्र राजपूत पुत्र सागर सिंह निवासी ग्राम औरंगपुर फत्ता में सात जून को उनके पुत्रों के द्वारा सड़क किनारे बाइक खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में जानलेवा हमला करने के मामले में छह नामजद के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### नहटौर में अजीमुद्दीन व जिशान अरेस्ट

**बिजनौर।** नहटौर पुलिस ने कल ग्राम बैगराजपुर में हुए विवाद के मामले में ग्राम के निवासी अजीमुद्दीन पुत्र ईमामुद्दीन एवं जिशान पुत्र अजीमुद्दीन को गिरफ्तार किया है। वादी खेम सिंह पुत्र तुलसी ने पांच नामजद व दो अज्ञात के विरूद्ध अपने पुत्र रितिक को पुरानी रंजिश में रास्ते में रोक कर गंभीर रूप से घायल करने एवं बाद में उनके घर में घुसकर पत्नी व पुत्र पर भी हमला करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने एससी/एसटी एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। गांव में हालात तनावपूर्ण बने हुए है।

### चांदपुर में जितेन्द्र गिरफ्तार



**बिजनौर।** चांदपुर पुलिस ने फर्जी कागजात के आधार पर जमीन का फर्जी बैनामा कराने के आरोपी ग्राम बसंतपुर निवासी जितेन्द्र पुत्र ईश्वरचंद को गिरफ्तार किया है। वादी ने छह नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### रक्तदान शिविर का उदघाटन



**नजीबाबाद।** रक्त दान महादान टीम के वाट्सअप ग्रुप के तीन वर्ष पूरा होने पर रक्तदान शिविर का उदघाटन आरटीआई कार्यकर्ता ने फीता काटकर किया। दरियापुर स्थित चेरीटेबल ब्लैड बैंक में संचालक हाजी फहीम अख्तर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है और रक्तदान कर किसी की भी जान बचाई जा सकती है। उन्होंने सभी से रक्तदान करने की अपील की वक्ताओं ने रक्तदान के लाभ भी विस्तार से बताए। इस मौके पर कई लोगों ने रक्तदान भी किया। वहीं मुख्य अतिथि तथा कार्यक्रम में आए अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर सुभाष जैन, पंकज मेहरा, शगुफ्ता, प्रदीप गुसाई, कैकशा, वरिष्ठ सपा नेता हाजी मोहम्मद फैसल, फुरकान खा, हाजी वसीम अहमद, मोहम्मद कासिम जुनैद अंसारी, राहुल कुमार , कामिल शादाब अहमद, सलमान, ईसा मालिक, अफसर कुरैशी, आफताब राईन, भूपेंद्र शर्मा, हाजी शाहनवाज मंसूरी, मुकीम अहमद, हाजी शमशुल इस्लाम, आदि उपस्थित थे इस अवसर पर रक्त दान टीम के अन्य सदस्यों ने शिविर में बढ़ चढ़ कर हिसा लिया।

## महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास

**धामपुर।** जैतरा रेलवे फाटक पर उस समय हड़कंप मच गया जब एक महिला अचानक रेलवे ट्रैक पर जाकर लेट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला आत्महत्या के इरादे से ट्रैक पर लेटी थी। गनीमत रही कि उस समय कोई ट्रेन नहीं आई थी, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे फाटक से गुजर रहे राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर महिला को समझा-बुझाकर ट्रैक से हटाया। जानकारी के अनुसार महिला का अपने घर में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद वह पास ही स्थित रेलवे फाटक पहुंच गई थी। स्थानीय लोगों की तत्परता से महिला को सुरक्षित हटाकर उसके परिजनों को सूचना दी गई। बाद में महिला को सकुशल उसके घर पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि महिला पास की एक कॉलोनी की रहने वाली है।

# अहमदाबाद विमान हादसे पर शोकसभा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अत्यन्त दु:ख के साथ यह सूचना जब प्राप्त हुई, तो अचानक से मानो दिल धक से बैठ गया। संस्थापिका श्रीमती सविता अग्रवाल ने मोबाइल पर यह समाचार देखते हि इस सभा का आयोजन किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार एयर इण्डिया का बॉइंग 787 ड्रीम लाइनर विमान अहमदाबाद हवाई अड्डे से बर्मिंघम के लिये जैसे ही उड़ान भरा, जिसमें 242 यात्रियों के साथ विमान के क्रू मेम्बर्स सवार थे। उसके कुछ समय के पश्चात ही कुछ तकनीकी खराबी के कारण डॉक्टर्स हॉस्टल के ऊपर जा गिरा, जिससे भारी जान माल की क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है।

अब तक घटना स्थल से 100 से अधिक शव मलवे से निकाले जा चुके है एवं कई गंभीर रूप से घायलों को निकट के अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। इस दुर्घटना ने सभी समाज के हृदय को झकझोर कर रख दिया है। अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाज सेवा संस्थान (रजि.) व अग्रवाल वैवाहिकी पत्रिका बिजनौर इस दुर्घटना पर गहरा दु:ख प्रकट करते हुए हताहत हुए यात्रियों एवं अन्य जन के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करता है व ईश्वर से दिवंगत हुए यात्रियों की आत्मा की शान्ति हेतु प्रार्थना करता है एवं उनके परिवारजनों को इस महा दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करता है।

दु:ख की इस कठिन घड़ी में बिजनौर का अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाजसेवा संस्थान व अग्रवाल वैवाहिकी, बिजनौर उनके साथ खड़ा है। इस सभा में डॉ. आकाश अग्रवाल, हिंदुस्तान अखवार मुरादाबाद के पूर्व क्षेत्रीय प्रबंधक बिमल अग्रवाल, देवेश अग्रवाल, प्रदीप कुमार अग्रवाल व डॉ. नीलम गुप्ता, कुसुम लता, ममता शर्मा, मनु श्री, नीना, मधु अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, रेखा गंज, रानी, रेनू सिंघल, संध्या अग्रवाल, आशा अग्रवाल, पायल अग्रवाल, पूनम करनवाल, सरस्वती जोशी, अलका अग्रवाल, सपना अग्रवाल, शशि शर्मा, शिखा गुप्ता, उमा अग्रवाल, उषा शर्मा, वंदना अग्रवाल, निशा गर्ग, सीमा अग्रवाल, रीना अग्रवाल, शारदा अग्रवाल, अरुणा मित्तल, अंजू वशिष्ठ, रश्मि सिंह, पायल रानी आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# धामपुर में तेजी से गिर रहा जल स्तर

## नागरिक सरकारी सड़कों पर करा रहे नया बोरिंग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जितनी प्रचंड गर्मी पड़ रही है, उतनी ही तेजी के साथ भूमि का जल स्तर नीचे गिर रहा है। सबसे ज्यादा तेजी के साथ धामपुर में भूमि का जलस्तर गिर रहा है। हालात यह है कि बोरिंग कराने के लिए घरों में जगह न होने की वजह से नागरिक अब सरकारी सड़कों को तोड़कर उस पर बोरिंग करा रहे है।

गौरतलब है कि धामपुर व नूरपुर ब्लॉक में भूमि के जल का स्तर सबसे ज्यादा तेजी के साथ नीचे गिर रहा है। पिछले पांच सालों में जनपद में भूमि का जल स्तर नीचे गिरा है। लेकिन धामपुर व नूरपुर ब्लॉक में हालात ज्यादा खराब है। धामपुर नगर क्षेत्र में तो भूमि के जल का स्तर इतना ज्यादा नीचे गिर गया है कि पूर्व में घरों के अंदर हुए बोरिंग अब जवाब दे चुके है। उनमें से पानी नहीं निकल रहा है। घर के अंदर इतनी जगह नहीं है कि फिर से बोरिंग कराया जा सके। मजबूरी में नागरिकों को सड़कों पर बोरिंग कराना पड़ रहा है। नागरिक सरकारी सड़कों को तोड़ कर उसमें बोरिंग करा रहे है। जिन नागरिकों के पास बोरिंग कराने के लिए रुपए नहीं है, उन्हें दूसरों के घरों से पानी भरना पड़ रहा है। सड़कों पर मौजूद सरकार इंडिया मार्का हैण्डपम्प भी खराब पड़े है। बोरिंग करने वालों को फुर्सत नहीं मिल रही है। अगर बारिश नहीं हुई, तो हालात काफी ज्यादा खराब हो जाएंगे।

# छबील लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाया



## भीषण गर्मी में मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ग्राम पंचायत भवानीपुर उर्फ जिकरीवाला के ग्राम प्रधान पति वहीदुर्रहमान के परिवार ने राष्ट्रीय राजमार्ग 734 पर छबील लगाकर राहगीरों को यात्री वाहन चालकों को रोककर ठंडा मीठा शरबत पिलाया।

इस अवसर पर पूर्व प्रधान सईदुर्रहमान ने बताया कि वह प्रतिवर्ष भीषण गर्मी के मौसम में छबील लगाकर राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाते हैं। इस मौके पर प्रधान पति वहिदुर्रहमान, मौहम्मद जमशीद व युवा साथी मौहम्मद शहजाद, मुशर्रफ अली, मुस्तकीम अहमद, आफताब आलम, वहाजुद्दीन, मौहम्मद इरशाद आदि ने शरबत पिलवाने में सहयोग किया।

# यशपाल उर्फ पेला के खिलाफ एसपी से कार्रवाई की मांग



## तहरीर वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** जनेशा देवी पत्नी जीतू, निवासी ग्राम योगेंद्र नगर, थाना भोपा, जिला मुजफ्फरनगर ने पुलिस अधीक्षक बिजनौर को प्रार्थना पत्र देकर यशपाल उर्फ पेला पुत्र बाली, निवासी ग्राम तैय्यबपुर काजी उर्फ काजीवाला, थाना मण्डावर, जिला बिजनौर के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार प्रार्थिनी ने आरोप लगाया है कि यशपाल ने उनकी बेटी और बहू को तीन दिन तक बंधक बनाकर यौन शोषण किया था तरह-तरह से प्रताड़ित किया और 20 हजार रुपये की फिरौती लेकर उन्हें छोड़ा। जनेशा देवी ने मंगलवार को थाना मण्डावर में इस संबंध में प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद, 10 जून 2025 को शाम को यशपाल ने अपनी गैंग के साथ चार-पांच अज्ञात व्यक्तियों को प्रार्थिनी के घर भेजकर तहरीर वापस लेने का दबाव बनाया। इन लोगों ने रुपये का लालच दिया और तहरीर वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी दी। इससे प्रार्थिनी और उनका परिवार भयभीत है।

प्रार्थिनी का कहना है कि थाना मण्डावर पुलिस की निष्क्रियता के कारण यशपाल और उसके साथियों का उत्पीड़न बढ़ता जा रहा है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से त्वरित कार्रवाई की मांग की है ताकि उनके परिवार को न्याय मिल सके और उत्पीड़न रुक सके।

# गर्मी का सितम, विद्युत विभाग का जुल्म

## चार-चार घंटे की अघोषित विद्युत कटौती से भाजपा सरकार की किरकिरी





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एक तरफ आसमान से आग बरस रही है और गर्मी के सितम की वजह से जिस्म पसीने से तर बतर हो रहा है। ऊपर से जनपद मुख्यालय पर चार से ज्यादा घण्टे की विद्युत कटौती की जा रही है। साथ ही लो वोल्टेज और बार-बार की ट्रिपिंग ने हालात खराब कर रखे है। जिससे भाजपा सरकार की किरकिरी हो रही है और आम जनता सरकार को कोस रही है।

गौरतलब है कि जनपद में प्रचंड गर्मी पड़ रही है। गर्मी का सितम इतना ज्यादा हो रहा है कि जिस्म पसीने से तर बतर हो रहा है। ठण्डे पानी से नहाने का भी कोई फायदा नहीं हो रहा है। इतनी भीषण गर्मी पड़ रही है कि रातों की नींद और दिन का चैन भी खत्म हो चुका है। अमीरजादों को छोड़ कर इस भीषण गर्मी से हर कोई परेशान है। सबसे ज्यादा परेशान गरीब व मध्यम वर्ग है। बीमारों की हालत इस भीषण गर्मी में ज्यादा खराब हो रही है। गर्मी की वजह से निकलने वाले पसीने का आलम यह है कि पहने कपड़े भी निचौड़े जा सकते है।

भीषण गर्मी की वजह से सड़कों पर भीड़ दिखाई नहीं दे रही है। बाजारों से ग्राहक गायब हो गए है। दुकानदार व व्यापारी हाथ पर हाथ रखकर बैठे हुए हैं। इस संवाददाता ने जब दोपहर में लगभग तीन बजे जनपद मुख्यालय के मुख्य बाजार के हालात जानने का प्रयास किया, तो पता चला कि ग्राहक ही नहीं आ रहे है। बाजार में सन्नाटा छाया हुआ था। जबकि आम दिनों में मुख्य बाजार में भारी भीड़ रहती है।

दूसरी तरफ जनपद मुख्यालय की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। आज शाम लगभग तीन बजे से जनपद मुख्यालय पर विद्युत आपूर्ति ठप थी और शाम लगभग सात बजे समाचार लिखे जाने तक विद्युत आपूर्ति नहीं दी गई थी। इसके अलावा कई बार विद्युत कटौती की गई। बार-बार की ट्रिपिंग की वजह से हालात बद से बदतर हो रहे है। नागरिकों का कहना है कि भाजपा सरकार की विद्युत व्यवस्था फ्लाप हो चुकी है। उपभोक्ता राजीव कुमार, विनय, संजीव कुमार, मनोज अग्रवाल आदि का कहना है कि विद्युत विभाग के द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए पूर्व में कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। विद्युत विभाग के द्वारा उपभोक्ताओं को बिल तो लम्बे चौड़े भेज दिए जाते है, लेकिन उपभोक्ताओं को सुचारू विद्युत आपूर्ति देने के लिए गंभीरता के साथ कोई प्रयास नहीं किए जाते है। उपभोक्ताओं का कहना है कि विद्युत विभाग के अभियंता सबसे ज्यादा नकारा है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# रात में कार रोककर बदमाशों ने की व्यापारी से लूट व मारपीट

## मोबाइल और 80 हजार रुपये लूटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** थाना क्षेत्र के ग्राम अलीपुर जट से कुछ ही दूरी के फासले पर बदमाशों ने एक व्यापारी से लूट की वारदात को अंजाम दिया। 47 वर्षीय मौहम्मद आजम परचून की होलसेल का काम करते हैं। दुकान बंद कर वह जब रात में कार से घर लौट रहे थे, तो यह घटना घटित हुई।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम से कुछ ही दूरी पर बदमाशों ने सड़क पर पेड़ डाल दिया, जिसके कारण आजमा को कार रुकवानी पड़ी। गाड़ी रुकते ही खेत में छिपे बदमाश निकलकर सामने आ गए और उन्होंने पीड़ित पर ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बदमाशों ने कार में तोड़फोड़ कर आजम से 80 हजार रुपए की नगदी लूट ली। बदमाश उनका मोबाइल फोन भी तोड़कर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल मौहम्मद आजम को अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना प्रभारी तेजपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर मिल गई है। उन्होंने कहा कि मामला प्रथम दृष्टया संदिग्ध लग रहा है और इसकी जांच की जा रही है।

# रामनाथ सिंह बने लोक जनशक्ति पार्टी के जिलाध्यक्ष

## अधिक से अधिक लोगों को पार्टी में जोड़ने का करेंगे प्रयास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगर के वरिष्ठ पत्रकार एवं आईएनओ के महामंत्री रामनाथ सिंह को लोक जनशक्ति पार्टी का जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी सदस्यों एवं पत्रकारों ने सम्मानित किया।



उत्तर प्रदेश लोक जनशक्ति पार्टी के प्रधान महासचिव राजीव मोहन गोयल ने प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार वर्मा के अनुमोदन से 30 अप्रैल को जनपद बिजनौर के मौहल्ला बक्शीवाला निवासी रामनाथ सिंह को जनपद बिजनौर के जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्ति पत्र देकर लोक जनशक्ति पार्टी की विचारधारा एवं लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय भारत सरकार, चिराग पासवान के हाथों को मजबूत करने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष रामनाथ सिंह ने प्रदेश प्रधान महासचिव को आश्वासन दिया कि जनपद बिजनौर में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने में पूरा सहयोग प्रदान करेंगे। नगर के आर्य समाज स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में रामनाथ सिंह को फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस, नरेंद्र कुमार मारवाड़ी, अवनीश कुमार मोंटी, नदीम अहमद, नवीन कुमार गर्ग, डॉ नरेंद्र सिंह योगाचार्य, बिजेंदर आर्य, डॉ. ओपी शर्मा, जिला अध्यक्ष आईएनओ यादराम सिंह, हरीराज सिंह, पूर्व उप निरीक्षक एलआईयू रो. हिताश सिंह, बी आर पाल, गूलशरण सिंह, हरीराज, केसरी वीरेंद्र प्रताप सिंह, हरि सिंह आदि ने रामनाथ सिंह को फूल मालाएं पहनाकर जिला अध्यक्ष बनने पर बधाई दी और उनसे आशा व्यक्त की गई कि वह पार्टी में रहकर जाति धर्म से ऊपर उठकर जन सेवा करेंगे तथा अधिक से अधिक लोगों को पार्टी में जोड़ने के लिए प्रयासरत रहेंगे।

# आग लगने से हजारों का नुकसान

## पीड़ित ने की मुआवजा दिलाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** गांव फतेहपुर धारा में एक गरीब के छप्पर के घर में अज्ञात कारणों से लगी आग में लगभग 80 हजार रूपए का सामान जल गया। घटना के वक्त परिवार के सभी लोग मजदूरी करने जंगल गए हुए थे।



गांव फतेहपुर धारा निवासी रमेश सिंह पुत्र मुन्नू ने बताया कि वह अत्यंत गरीब व्यक्ति है। बुधवार को वह अपनी पत्नी अनीता, दो पुत्रियों व पुत्र के साथ जंगल में मजदूरी पर गन्ने की खुदाई करने गया था। उनकी गैर मौजूदगी में बुधवार शाम लगभग सात बजे अज्ञात कारणों से उनके छप्पर के घर में अचानक आग लग गई। आग की ऊंची ऊंची लपटें देखकर पड़ोसी और ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़े और पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया, परंतु आग ने और विकराल रूप ले लिया जिससे उसकी झोपड़ी के अंदर खड़ी एक पुरानी बाइक, एक नई साइकिल, अनाज, चारपाई, बिस्तर, पहनने के कपड़े, राशन, गैस चूल्हा, बर्तन आदि लगभग 80 हजार रुपए का सामान जल गया। पीड़ित रमेश सिंह ने प्रशासन से मुआवजा दिए जाने की मांग की है। लेखपाल रोहित पंवार ने बताया कि नुकसान का आंकलन कर मुआवजा दिलाये जाने का प्रयास किया जाएगा।

# नरेंद्र मारवाडी मंडल अध्यक्ष मनोनीत

**बिजनौर।** प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस ने वरिष्ठ एवं मान्यता प्राप्त पत्रकार नरेंद्र मारवाड़ी को संगठन का मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष मनोनीत कर फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

जिला मुख्यालय पर स्थित आर्य समाज के सभागार में सामान्य समारोह की अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष आलोक भारद्वाज एवं संचालन महामंत्री आशीष शर्मा ने किया। इस समारोह में पत्रकार नदीम अहमद, नवीन कुमार गर्ग, अवनीश गौड़ मोंटी, रामनाथ सिंह, दीपेंद्र त्यागी जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह आर्य, वीरेंद्र सिंह आदि एवं पतंजलि योगपीठ के जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे। उपस्थित पत्रकारों ने श्री मारवाड़ी के मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर उनका फूल मालाएं पहनाकर स्वागत करते हुए बधाई दी। समारोह में सभी पत्रकारों ने उनसे आशा व्यक्त करते हुए कहा कि वह हमेशा पत्रकार एकता एवं पत्रकारों के हितार्थ संघर्षरत रहेंगे और मंडल स्तर पर संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे। नरेंद्र मारवाड़ी ने भी अपने मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि वह अपने अनुभव तथा पूर्व की भांति पत्रकारों को साथ लेकर संगठन को निष्ठा पूर्वक मजबूत करने का कार्य करेंगे। संगठन के राष्ट्रीय सचिव डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस ने बताया कि सन 2000 में स्थापित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक जर्नलिस्ट एसोसिएशन देश के कई राज्यों में पत्रकारों को एकजुट करने का निरंतर कार्य कर रहा है। समय-समय पर प्रत्येक राज्यों में बैठकों एवं सम्मेलनों का आयोजन किया जाता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश चंद्र कुशवाहा के मार्गदर्शन में राज्य अध्यक्षों के प्रयासों से विभिन्न राज्यों के पत्रकार इस संगठन के सदस्य बन रहे हैं। देश के किसी भी पत्रकार के उत्पीड़न अथवा अन्य परेशानियों के निराकरण हेतु संगठन हमेशा संघर्षरत रहता है। पत्रकारों की अनेक समस्याओं के लिए राज्यों एवं केंद्र सरकार को ज्ञापन देकर निराकरण कराए जाने की मांग की जाती रही है।

## एक नजर

### समर कैम्प का समापन

**नजीबाबाद।** नगर के मूर्ति देवी कन्या इण्टर कॉलेज में कार्यवाहक प्रधानाचार्या श्रीमती सुनीता चौधरी के निर्देशन में विद्यालय में 21 मई से 10 जून तक संचालित समर कैम्प का समापन किया गया। कैम्प के समापन पर छात्राओं द्वारा विभिन्न गतिविधियां की गई। विद्यालय के प्रबंधक एवं कार्यवाहक प्रधानाचार्य द्वारा छात्राओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस उपलक्ष्य में विद्यालय के प्रबंधक नीरज जैन व कार्यवाहक प्रधानाचार्या श्रीमती सुनीता चौधरी उपस्थित रही।

### तहरीर देकर कार्यवाही की मांग

**नजीबाबाद।** कोतवाली मार्ग स्थित कमालपुर खाई खेड़ी निवासी दिनेश कुमार पुत्र शीशराम सिंह ने थाना प्रभारी निरीक्षक नजीबाबाद को दी गई। एक तहरीर में बताया कि सोमवार को दोपहर लगभग तीन बजे वह अपने घर से नजीबाबाद छोटे ट्रैक्टर से आ रहे थे तभी अचानक श्रावनपुर नहर के पास लगभग 12 लोग जो चार मोटरसाइकिल संख्या पर सवार थे। लाठी डंडों से उन पर हमला कर दिया। जिसमें प्रार्थी की एक सोने की चैन 3.5 तोले की तथा 11 हजार 400 रुपए की धनराशि भी लूट ली और उस पर जानलेवा हमला भी किया। जिससे उसके हाथ में फ्रैक्चर भी हो गया। पीड़ित ने तहरीर में बताया कि हमला करने वालों में गांव के ही सचिन पुत्र बाबूराम, प्रिंस पुत्र सचिन राजकुमार पुत्र हुकुम सिंह व अन्य कई लोग जिनकी संख्या नौ थीं और उन्होंने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था। पीड़ित दिनेश कुमार ने उचित कार्रवाई की मांग थाना प्रभारी निरीक्षक से की है। पुलिस में तहरीर के आधार पर पीड़ित को फिलहाल टोकन नंबर भी उपलब्ध करा दिया है।

### कृषक गोष्ठियों का आयोजन




**नहटौर।** विकास खंड क्षेत्र की नौ ग्राम पंचायतों में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत कृषि गोष्ठियां का आयोजन किया गया, जिसमें वैज्ञानिकों ने कृषकों को खरीफ फसलों के नवीनतम जानकारी दीं विकसित संकल्प अभियान के अंतर्गत भारतीय ग्राम पंचायत खिजरपुर, हरगनपुर, हकीमपुर, नारायण, रायपुर लकड़ा, मटौरा दर्गा, पाली जट, नवादा चौहान, खेतापुर, पप्सरा में आयोजित गोष्ठियों में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. भूपेंद्र, डॉ. केके सिंह, डॉ. शिवांगी, डॉ. शकुंतला. डा. पिंटू, डॉ. प्रतिभा गुप्ता ने किसानों को खरीफ फसलों की नवीनतम जानकारी के साथ-साथ प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य संतुलन, उर्वरक के उपयोग की जानकारी के साथ-साथ आधुनिक कृषि यंत्र एवं स्मार्ट खेती की जानकारी भी दी। सह फसली खेती के साथ-साथ सब्जी उत्पादन व फल उत्पादन पर भी प्रकाश डाला। गोष्ठियों में अमोल तोमर, सुभाष सिंह, राजू सिंह, रजनीश वर्मा, गन्ना पर्यवेक्षक ओमप्रकाश, मोनू आदि कृषि विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### खेत में पानी पर विवाद, एक घायल

**हीमपुर दीपा।** हीमपुर दीपा थानां क्षेत्र के ग्राम कश्मीरपुर गढ़ी में खेत से पानी निकलने को लेकर दो समुदाय के लोगो में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चल पड़े, जिसमें जिशान्त पुत्र जोगराम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने बताया कि मेढ़ में पानी चलाने को लेकर अनीश पुत्र नामालूम ने उस पर हमला किया था। पीडित ने जातिसूचक शब्दों से नवाजने का भी आरोप लगाया है।

# चिलचिलाती गर्मी में कई जगह लगाए छबील



## गर्मी से बेहाल नागरिकों को पहुंचा रहे राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** गर्मी के मौसम में राहगीरों को राहत देने के लिए जगह-जगह मीठे ठंडे शरबत के छबील लगाए जा रहे हैं। इन छबीलों में राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाकर उनकी गर्मी से राहत दिलाई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के युवाओं ने इस गर्मी के मौसम में राहगीरों की सेवा करने का बीड़ा उठाया है। वे खुद कड़ी धूप में खड़े होकर राहगीरों को ठंडा शरबत पिला रहे हैं। इन छबीलों का महत्व इस गर्मी के मौसम में और भी बढ़ जाता है, जब लोग गर्मी से बेहाल होकर राहगीरी कर रहे हैं। इन छबीलों के माध्यम से राहगीरों को गर्मी से राहत मिल रही है और वे अपनी यात्रा को सुगम बना पा रहे हैं। युवाओं की इस पहल को सामाजिक सेवा के रूप में देखा जा रहा है। उनकी इस पहल से न केवल राहगीरों को गर्मी से राहत मिल रही है, बल्कि समाज में एक अच्छा संदेश भी जा रहा है।

# डीएम ने की विकास कार्यों की समीक्षा

## आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण सुनिश्चित करने के दिए दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज शाम कलेक्ट्रेट सभागार में ग्राम्य विकास, पंचायती राज, एनआरएलएम, आपूर्ति विभाग, मनरेगा, पशुधन विभाग के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।



जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अमृत सरोवर पर चल रहे कार्यों को ससमय पूरा करना सुनिश्चित करें तथा बनाए जाने वाले खेल मैदानों के निर्माण कार्य को भी जल्द से जल्द शुरू करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीमावर्ती ग्रामों में बनाए जाने वाले खेल मैदानों की सूची उपलब्ध कराना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने आपूर्ति विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि लक्ष्य के सापेक्ष शेष रह गई उचित दर वाली राशन की दुकानों को पूरा करना और जो दुकान संचालित हो गई है। उनकी निगरानी करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि वृक्षारोपण के कार्य को लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ण करने के लिए बड़े स्थानों का चिन्हांकन करना सुनिश्चित करें और ग्रामों में ग्राम वन बनाना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण कि समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि लक्ष्य के सापेक्ष आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण करना सुनिश्चित करें तथा जो आंगनवाड़ी केंद्र पूरे हो गए हैं, उनको क्रियाशील कराएं। उन्होंने पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पंचायतों के विकास के लिए संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि क्रियान्वित योजनाओं को विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप गुणवता के आधार पर ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने पशुधन विभाग की समीक्षा में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पशुओं के लिए भूसा प्रबन्धन, पेयजल की व्यवस्था, लाईट एवं शेड की व्यवस्था सुनिश्चित रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक गौशाला में चारा/भूसा की उपलब्धता कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्यमंत्री सहभागिता योजना, मुख्य मंत्री स्वदेशी गोसंवरधन योजना सहित मिनी नंदनी कृषक समृद्धि योजना की समीक्षा में निर्देश दिए की प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करें उन्होंने अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों के अनुरूप कार्य करने की हिदायत दी, जिससे योजनाओं में अपेक्षित प्रगति बनी रहे। साथ ही किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल अवगत कराने को भी कहा, जिससे समय रहते समस्या का समाधान किया जा सके। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुनाल रस्तौगी, डीसी एनआरएलएम /नरेगा, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, जिला पंचायत राज अधिकारी दमनप्रीत सिंह अरोड़ा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभाग अधिकारी मौजूद थे।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र गजेंद्र सिंह जो दिल्ली में रहता है। गलत संगत में पड़कर बिगड़ गया है और नशे का आदी हो गया है। वह जब भी घर आता है मेरे व मेरे परिवार के साथ मारपीट व गाली गलौच करता है। गजेंद्र की माता बाला देवी भी उसका साथ देती है। इसी कारण मैंने अपने पुत्र गजेंद्र सिंह व उसकी माता यानि मेरी पत्नी बाला देवी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है और इनसे पारिवारिक सम्बंध समाप्त कर लिये है। इनके किसी भी कृत्य व लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का कोई मतलब वास्ता नहीं है। **बल्लू सिंह पुत्र शिब्बा सिंह, ग्राम मौल्हड़वाला, थाना नगीना देहात, जिला बिजनौर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत जलीलपुर, विकास खण्ड जलीलपुर, बिजनौर

पत्रांक-मीमो / पंचायत/मनरेगा/2025- 2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

कार्यक्रम अधिकारी महोदय जलीलपुर के आदेशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत जलीलपुर में मनरेगा/ राज्यवित्त / केन्द्रवित्त योजना की धनराशि से ग्राम जलीलपुर में मुख्य सड़क से गऊ आश्रय स्थल तक कच्चे मार्ग पर खड़ंजा निर्माण कार्य कराए जाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री बालूरेत, ईंट, सीमेंट, कोरसैन्ड, रोड़ी आदि की आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2025-2026 में कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों से निविदाएं दिनांक 19/06/2025 तक समय पूर्वाह्न 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएंगी। निविदादाता का व्यापार कर / आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क देकर दिनांक 18/06/2025 तक प्राप्त किये जा सकते हैं। सम्बंधित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा की शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पंचायत कार्यालय से की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत सचिव**

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम चतरपुर निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने पर परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं डेढ़ माह पूर्व मृतक युवक की शादी गांव आनन्दीपुर में हुई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी।



थाना क्षेत्र के ग्राम चतरपुर निवासी सत्यवीर उर्फ नन्हा उम्र 28 वर्षीय पुत्र निर्मल सिंह शराब पीने का आदि था। अचानक एक सप्ताह पूर्व वह बीमार हो गया था। सत्यवीर उर्फ नन्हा बीमारी के दौरान अपनी ससुराल ग्राम आनन्दीपुर में गया हुआ था। उसके साला प्रवीण अपने जीजा का इलाज करा रहा था। बृहस्पतिवार की देर शाम अचानक सत्यवीर उर्फ नन्हा की हालत बिगड़ी जिसे साला प्रवीण उसे कस्बा स्योहारा में किसी निजी चिकित्सक के यहां लेकर जा रहा था। स्योहारा ले जाने के दौरान रास्ते में ही सत्यवीर उर्फ नन्हा की मौत हो जाने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर थानाध्यक्ष सुमित राठी का कहना है कि मृतक युवक सत्यवीर उर्फ नन्हा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# टैबलेट एवं चेक वितरण समारोह कार्यक्रम

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता में माध्यमिक शिक्षा विभाग के द्वारा आज पूर्वाह्न कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में हाईस्कूल एवं इन्टरमीडिएट परीक्षा-2025 में प्रदेश एवं जनपद स्तरीय मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट एवं चेक वितरण समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट, प्रशस्ति पत्र, मेंडल एवं 21 हजार रुपये के चेक प्रदान किए गए। उन्होंने उपस्थित मेधावी छात्र एवं छात्राओं को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि आप सब में कैलीबर एवं कैपेसिटी मौजूद है। आप आगे बढ़ें और अपने बल पर जीवन के हर क्षेत्र में नवाचार के रूप में विशिष्ट पहचान बनाएं। उन्होंने नसीहत देते हुए कहा कि इसी के साथ अपनी प्रतिभाओं एवं योग्यता से समाज एवं देश के निर्माण में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। इस अवसर पर जनपद के मेधावी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों द्वारा लखनऊ से आयोजित मुख्यमंत्री का प्रदेश स्तरीय लाइव प्रसारण कार्यक्रम, बोर्ड परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान एवं मुख्यमंत्री विद्यालय खेल पुरस्कार वितरण के लिए आयोजित कार्यक्रम देखा गया। लाइव प्रसारण कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ के लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न बोर्डों के टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित किया और उनका उत्साह बढ़ाया।

## न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, जनपद अमरोहा

प्रकीर्ण फौजदारी वाद सं. 590/2023
धारा -125 सीआरपीसी
थाना- हसनपुर, जनपद
अमरोहा, उ.प्र.

श्रीमती रूही पत्नी मौ. आरिफ पुत्री असलम निवासी मौहल्ला शाह चन्दन, कस्बा चांदपुर, जिला बिजनौर। हाल निवासी सम्भल अड्डा, रिलायंस पेट्रोल पम्प के सामने हसनपुर, जनपद अमरोहा।

**बनाम**

मौ. आरिफ पुत्र रफीक निवासी मौहल्ला पठानपुरा निकट कुरैशियान मदरसा, थाना व कस्बा नजीबाबाद, जनपद बिजनौर।

**नोटिस-**

**विपक्षी-** मौ. आरिफ पुत्र रफीक निवासी मौहल्ला पठानपुरा, निकट कुरैशियान मदरसा, थाना व कस्बा नजीबाबाद, जनपद बिजनौर।

आपके विपक्षी मौ. आरिफ के विरूद्ध प्रार्थनी श्रीमती रूही की ओर से वाद अन्तर्गत धारा 125 सीआरपीसी अपने भरण पोषण हेतु अंकन 40,000/-रुपए प्रतिमाह के भरण-पोषण के रूप में आपसे दिलाये जाने हेतु न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अत: आप दिनांक 02.07.2025 पर स्वयं उपस्थित होकर आपत्ति दाखिल करना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियत तिथि 02.07.2025 को आपकी अनुपस्थिति में वाद में आपके विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

नियत दिनांक: 02.07.2025

**प्रधान न्यायाधीश**
**परिवार न्यायालय**
**अमरोहा।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत शाहपुर भसौडी, विकास खण्ड जलीलपुर, बिजनौर

पत्रांक-मीमो / पंचायत/मनरेगा/2025- 2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

कार्यक्रम अधिकारी महोदय जलीलपुर के आदेशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत शाहपुर भसौडी में मनरेगा/ राज्यवित्त / केन्द्रवित्त योजना की धनराशि से ग्राम शाहपुर भसौडी में आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कराए जाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री टाईल्स, बालूरेत, ईंट, सीमेंट,कोरसैन्ड, सरिया, रोड़ी, डस्ट आदि की आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2025-2026 में कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों से निविदाएं दिनांक 19/06/2025 तक समय पूर्वाह्न 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएंगी। निविदादाता का व्यापार कर / आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क देकर दिनांक 18/06/2025 तक प्राप्त किये जा सकतें हैं। सम्बंधित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा की शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पंचायत कार्यालय से की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत सचिव**

# सांसद चंद्रशेखर आजाद ने ऊर्जा मंत्री को लिखा पत्र

## विद्युत व्यवस्था में सुधार की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** क्षेत्रीय सांसद चंद्रशेखर ने जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी निभाते हुए प्रदेश के ऊर्जा मन्त्री अरविंद कुमार शर्मा को पत्र प्रेषित किया है।

पत्र में उन्होंने नगीना लोकसभा क्षेत्र में गहराते बिजली संकट की ओर ध्यान दिलाते हुए समस्या के समाधान की मांग की है।

पत्र में सांसद चंद्रशेखर ने कहा है की उनकी लोकसभा क्षेत्र के नगीना, धामपुर, नजीबाबाद, स्यौहारा, नहटौर, नूरपुर, किरतपुर, शेरकोट, साहनपुर, सहसपुर, जलालाबाद व ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की हालत बद से बदतर हो गयी है। ट्रांसफार्मर कई कई हफ्तों से खराब पड़े है। उन्हें बदला नहीं गया है। इससे खेतों सिंचाई, विद्यार्थियों की पढ़ाई, उद्योग धंधे, छोटे कारोबार, अस्पतालों व आम जनता पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

सांसद चंद्रशेखर ने पत्र में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने, ट्रांसफार्मर की मरम्मत कराने, कम वोल्टेज समस्या दूर किये जाने तथा बिजली विभाग की कार्य प्रणाली में पारदर्शिता व जवाब देही सुनिश्चित करने की मांग की है।

# सीएम ने तीरंदाज निष्ठा को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** ग्राम शादीपुर निवासी तीरंदाज खिलाड़ी निष्ठा गुप्ता को बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मानित किया। निष्ठा को यह सम्मान उनके द्वारा एसजीएफआई खेलों में जीते गए स्वर्ण पदक के लिए दिया गया। निष्ठा को सम्मान मिलने से गांव तथा परिजनों में हर्ष का माहौल है ।



ग्राम शादीपुर निवासी विवेक गुप्ता की पुत्री निष्ठा गुप्ता तीरंदाज खिलाड़ी है। गत वर्ष गुजरात के नाडियाड में संपन्न हुई 68 वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में निष्ठा गुप्ता ने अंडर-14 आयु वर्ग में दो स्वर्ण पदक तथा एक रजत पदक प्राप्त किया था। बृहस्पतिवार को लखनऊ स्थित लोक भवन में मुख्यमंत्री द्वारा खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री विद्यालयी खेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। निष्ठा गुप्ता को स्वर्ण जीतने के लिए सम्मानित किया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा निष्ठा को डेढ़ लाख रुपए के चेक तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। निष्ठा गुप्ता को मुख्यमंत्री ने मंच से सम्मानित किया। निष्ठा गुप्ता के सम्मान से गांव तथा परिजनों में हर्ष का माहौल है। निष्ठा ने मुख्यमंत्री से सम्मान प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर ( बिजनौर )
**सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं. 01 के सम्पत्ति संख्या 139/2 जो पालिका के गृहकर/जलकर अभिलेखों में श्री विकास कुमार पुत्र हरिओम सिंह के नाम दर्ज है। अत: श्री विकास कुमार पुत्र हरिओम सिंह का नाम निरस्त कर विपिन कुमार पुत्र सावंत सिंह व अदिति सिंधु पत्नी विपिन का नाम दर्ज किए जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस संबंध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तद्पश्चात समयोपरांत सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर ( बिजनौर )
**सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं. 02 के सम्पत्ति संख्या 223 जो पालिका के गृहकर/जलकर अभिलेखों में श्रीमति मीरा देवी पत्नी भूपाल सिंह के नाम दर्ज है। अत: श्रीमति मीरा देवी पत्नी भूपाल सिंह का नाम निरस्त कर अंकुश कुमार चौहान व श्रीमती मणि सिंह का नाम दर्ज किए जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस संबंध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तद्पश्चात समयोपरांत सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

# अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर

## भूमाफिया फरार, जनता से की गई सावधान रहने की अपील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर में तेजी से फैल रहे अवैध कॉलोनीकरण के मकड़जाल पर आखिरकार प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। धामपुर के रामलीला मैदान के पीछे और दुर्गा विहार कॉलोनी के सामने बाईपास मार्ग पर स्थित एक अवैध कॉलोनी को प्रशासन ने जेस.ीबी चलाकर ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान भू-माफिया और उनके सहयोगी मौके से फरार हो गए।

नगर में कई स्थानों पर नियमों को ताक पर रखकर हरे-भरे पेड़ों को काटा जा रहा है और कृषि भूमि को अवैध रूप से आवासीय भूमि में तब्दील कर भोली-भाली जनता को प्लॉट बेचे जा रहे हैं। न तो कॉलोनियों के लिए विनियमित विभाग से कोई अनुमति ली जा रही है और न ही नियमानुसार बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। परिणामस्वरूप बाद में वहां रहने वाले नागरिकों को सड़क, पानी, बिजली और सीवर जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ता है।

प्रशासन द्वारा की गई इस कार्रवाई में नायब तहसीलदार कपिल आजाद, विभागीय के नेपाल सिंह, बाबू योगेंद्र कुमार, हलका लेखपाल प्रभात कुमार, छत्रपाल सिंह एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। जेसीबी के माध्यम से कॉलोनी में बनी सड़कें, चिह्नित प्लॉट और निर्माणाधीन ढांचे तोड़े गए। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि अवैध कॉलोनियों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी प्लॉट या जमीन की खरीदारी से पहले यह सुनिश्चित करें कि वह भूमि वैध है या नहीं, तथा उस पर कॉलोनी विकास की विधिवत अनुमति प्राप्त है या नहीं। किसी भी तरह की धोखाधड़ी से बचने के लिए तहसील या नगर निकाय कार्यालय से वैधता की पुष्टि अवश्य करें।

इस कार्रवाई से भू-माफियाओं में हड़कंप मच गया है। लेकिन सवाल यह भी उठता है कि जब इतनी बड़ी कॉलोनियां विकसित हो रही थीं, तो संबंधित विभागों की निगरानी और अनुमति प्रक्रिया कहां सोई हुई थी?

प्रशासन की यह कार्रवाई निश्चित ही सराहनीय है, लेकिन यदि इसी तरह समय रहते सख्ती बरती जाए तो शहर को अनियोजित विकास से बचाया जा सकता है। साथ ही, आम नागरिकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए जागरूक होकर ही संपत्ति खरीदनी चाहिए।

## अग्रवाल प्रशिक्षण सभा की शोक सभा

**बिजनौर।** एयर इण्डिया का बॉइंग 787 ड्रीम लाइनर विमान अहमदाबाद हवाई अड्डे से बर्मिंघम के लिये जैसे ही उड़ान भरा, जिसमें 242 यात्रियों के साथ विमान के क्रू मेम्बर्स सवार थे। उसके कुछ समय के पश्चात ही कुछ तकनीकी खराबी के कारण डॉक्टर्स हॉस्टल के ऊपर जा गिरा। घटना स्थल से 100 से अधिक शव मलबे से निकाले जा चुके हैं एवं कई गंभीर रूप से घायलों को निकट के अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाज सेवा संस्थान व अग्रवाल वैवाहिकी पत्रिका ने दुर्घटना पर गहरा दु:ख प्रकट करते हुए हताहत हुए यात्रियों एवं अन्य जन के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करता है व ईश्वर से दिवंगत हुए यात्रियों की आत्मा की शान्ति हेतु प्रार्थना करता है। इस सभा में डॉ. आकाश अग्रवाल, हिंदुस्तान अखवार मुरादाबाद के पूर्व क्षेत्रीय प्रबंधक बिमल अग्रवाल, देवेश अग्रवाल, प्रदीप कुमार अग्रवाल व डॉ. नीलम गुप्ता, कुसुम लता, ममता शर्मा, मनु श्री, नीना, मधु अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, रेखा गंज, रानी, रेनू सिंघल, संध्या अग्रवाल, आशा अग्रवाल, पायल अग्रवाल, पूनम करनवाल, सरस्वती जोशी, अलका अग्रवाल, सपना अग्रवाल, शशि शर्मा, शिखा गुप्ता, उमा अग्रवाल उषा शर्मा, वंदना अग्रवाल, निशा गर्ग, सीमा अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# गर्मी में अपने परिवार के साथ पक्षियों का भी सहारा बनें: शेरबाज पठान

## पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने की अपील





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** जून की चिलचिलाती गर्मी में पंखे कूलर भी साथ नहीं दे पा रहे हैं। वहीं इस भीषण गर्मी में आम जन का बुरा हाल है।

कांग्रेस लीडर शेरबाज पठान ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि वह ऐसी गर्मी में अपना और अपने परिवार का पूरा ख्याल रखें। साथ ही ऐसी गर्मी में पक्षियों का भी सहारा बनते हुए अपने आसपास अपने मकानों, दुकानों व प्रतिष्ठानों की छतों, छज्लियों आदि पर पक्षियों के लिए मिट्टी के बड़े बर्तनों में ठंडा पानी अथवा दाना भरकर रखें, जिससे कि पक्षी भी अपनी जान बचा सके। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में तालाब पोखर भी सूख रहे हैं। वर्षा न होने के कारण यह बड़ी समस्या आमजन के लिए सिर उठाएं खड़ी है, जिससे निपटना हर किसी के बस की बात नहीं है। उनका कहना है कि इस समय खेतो में खड़ी फैसले भी सूख रही है, किसान भाई बामुश्किल अपने खेत में खड़ी फसलों की सिंचाई कर पा रहा है। उनका कहना है कि इस गर्मी में पशु पक्षियों के लिए बड़ी समस्या खड़ी हो जाती है। इस हलक सुखाती गर्मी में पक्षी अपनी जान बचाने के लिए ठंडी व पत्तेदार पेड़ों की छांव ढूंढ़ते एवं पानी के आसपास भटकते देखे जा रहे हैं। किसी भी तरह गर्मी से जान बचाने के लिए पक्षी दम भी तोड़ते देखे जा रहे हैं।

चेयरपर्सन पति कांग्रेस लीडर शेरबाज पठान ने कहा कि हमने भी अपने मकानो की छतों पर पक्षियों के लिए मिट्टी के बड़े बर्तनों में ठंडा पानी भरकर साथ में दाना भी रखने का एक छोटा सा प्रयास किया है। आप भी पक्षियों के लिए इतना तो अवश्य करें।

# साले ने साथियों के साथ मिल कर जीजा को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** एक माह से मायके में रह रही नाराज पत्नी से फोन पर हुई कहासुनी के बाद साले ने अपने साथियों के साथ जीजा के घर पहुंचकर उसका हाथ तोड़ दिया तथा बुरी तरह घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नांगल थानांतर्गत ग्राम सुंगरपुर बेहड़ा निवासी अमित कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसकी पत्नी रानी दोनों बेटियों को लेकर पिछले एक माह से अपने मायके ग्राम काजीवाला थाना मंडावर में गई हुई है। बुधवार की रात्रि लगभग 9 बजे अमित अपनी पत्नी रानी से फोन पर बात कर रहा था। अमित अपनी पत्नी को घर आने के

### मायके रह रही पत्नी से हुई थी कहासुनी

लिये कह रहा था, जबकि उसकी पत्नी आने से साफ इंकार कर रही थी। इसी बात को लेकर दोनों में फोन पर कहासुनी हो गई। अमित का कहना है कि फोन पर उसके ससुर ब्रह्मपाल ने उसके साथ गाली-गलौज की।

अमित का आरोप है कि थोड़ी देर बाद ही उसका साला भूपेन्द्र अपने दो अज्ञात साथियों के साथ उसके घर पहुंच गया। उस समय वह अपने घेर में था। उन तीनों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसो, लोहे की चैन और चाकू से हमला कर दिया।

इससे अमित के माथे तथा सिर से खून निकल आया और उसका दाहिना हाथ टूट गया। कमर सहित शरीर के अन्य हिस्सों पर गुम चोटें आई हैं। उसकी चीख - पुकार सुनकर परिजन तथा पड़ौसी वहां पहुंचे, तो तीनों आरोपी जल्दबाजी में अपनी बाइक वहीं छोड़कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये।

पुलिस ने घायल अमित को मेडिकल परीक्षण के लिये भेजा है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील सैनी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# 107 छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित

## चेयरपर्सन इंदिरा सिंह ने दिया लक्ष्य बनाकर भविष्य संवारने का संदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिले के प्रतिष्ठित कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में उप्र सरकार द्वारा प्रदत्त टैबलेट व स्मार्टफोन वितरण हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बी.टेक एवं एम.बी.ए. के सत्र 2024-25 में अध्ययनरत शिक्षित युवाओं को तकनीकी सशक्तिकरण हेतु 107 छात्र व छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि इन्दिरा सिंह चेयरपर्सन नगर पालिका परिषद बिजनौर, विशिष्ट अतिथि व संस्था निदेशक प्रो. (डॉ.) अमित कुमार बंसल व डीन एकेडमिक मनोज कुशवाहा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके टेबलेट वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।





इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमति इन्दिरा सिंह ने सभी छात्र व छात्राओं को संबोधित करते हुए अपने विचार रखे। उन्होंने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाया तथा छात्र व छात्राओं को सभी योजनाओं का लाभ लेकर तकनीकी शिक्षा का अधिक से अधिक प्रयोग कर लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करने तथा अपना भविष्य सवारने का संदेश दिया।

संस्था सचिव कु. उदयन वीरा, कु. रुचिवीरा सांसद मुरादाबाद व श्रीमति स्वाति वीरा सचिव रेडियो संदेश बिजनौर ने सभी छात्र व छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के समय में टेबलेट या आई.टी. के अन्य साधन बहुत ही आवश्यक है। अत: इन सभी का उपयोग करते हुए आप सभी को अपनी समुचित पढ़ाई करना चाहिए तथा अपना भविष्य उज्जवल बनाना चाहिए। संस्था निद.ेशक प्रो. (डॉ.) अमित कुमार बंसल ने सभी टैबलेट पाने वाले छात्र व छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी तथा सभी अतिथियों का अपना कीमती समय देकर हम सब का उत्साहवर्धन करने हेतु सभी का आभार व्यक्त किया। नोडल अधिकारी प्रो.(डा.) लोकेश कुमार अग्रवाल व नाइला नईम ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष विभोर राजवंशी, गौरव गुप्ता, शुभम कुमार, सुधीर लाम्बा, अजय उपाध्याय आदि एवं विमल कश्यप, ललित राठी, विनीत कुमार, अमन शर्मा, बिजेन्द्र कुमार, सुनील भारद्वाज, डॉ. अभिषेक चौधरी, सोनम यादव, प्रदीप कुमार शर्मा, निगम चौधरी, जोमवीर सिंह आदि समस्त फैकल्टि व स्टाफ उपस्थित रहे।

# पत्रकारों ने छबील लगाकर पिलाया शरबत

### थानाध्यक्ष ने की पत्रकारों की सराहना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थानीय पत्रकारों द्वारा भीषण गर्मी में छबील लाकर राहगीरों को रूह अफजा का ठंडा व मीठा शरबत पिलाया। थानाध्यक्ष ने पत्रकारों के इस कार्य की सराहना की।

गुरुवार को अत्यंत भीषण गर्मी को देखते हुए स्थानीय पत्रकारों ने थाने के सामने हिंदुस्तान पेट्रोल के निकट छबील लगाकर राहगीरों को रूह अफजा का ठंडा व मीठा शरबत पिलाया। इस मौके पर शिविर में पहुंचे थाना अध्यक्ष सुमित कुमार राठी ने भीषण गर्मी के चलते पत्रकारों द्वारा राहगीरों को शरबत पिलाने के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि भंयकर गर्मी में राहगीरों को शरबत पिलाना पुण्य का काम होता है। यह कार्य करने से स्वयं इंसान की अंतरात्मा को भी राहत पहुंचती है तथा शरबत पीने वाला भी दुआएं देता है। उन्होंने कहा कि प्रचंड गर्मी में पुलिस व पत्रकारों द्वारा उठाए गए इस सराहनीय कदम की प्रशंसा करते हुए कहा कि पुलिस व पत्रकार देश व समाज की रक्षा के साथ-साथ कई अन्य सामाजिक कार्यो में भी लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे है। ऐसे में इस छबील से यात्रियों व राहगीरों ने मीठा ठंडा पानी पीकर अपनी प्यास बुझाई। छबील शिविर में थाना अध्यक्ष सुमित कुमार राठी व एसएसआई श्रीपाल सिंह ने पत्रकारों के साथ मिलकर अपने हाथों से राहगीरों को शरबत पिलाया।

इसमें मोके पर मौजूद अन्य एसआई प्रवीण सिंह कघ्स्बा इंचार्ज, एसआई हरवीर सिंह, हेड कांस्टेबल विशाल मलिक, कांस्टेबल राहुल कुमार, कांस्टेबल विपिन सिंधु, वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र अग्रवाल, शेख मौहम्मद यूसुफ, सुनील कुमार, विनय भार्गव, इशरत अली, अजमल खान, सुनील नारायण, अमानत हुसैन, कमरुद्दीन, आमिर पठान, अनीस अहमद, मुजम्मिल खान सूरी, डॉ. जीशान अहमद, सुनील कुमार चौहड़वाला आदि मौजूद थे।

# गुरु जी की कृपा से मेरा सब काम हो रहा है...



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आर्ट ऑफ लिविंग के द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें गुरु श्री श्री रविशंकर का गुणगान किया गया।

बड़ी मंडी स्थित सत्संग भवन में भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ गुरु जी की पूजा कर एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। भजन गुरु जी की कृपा से मेरा सब काम हो रहा है, करते हैं गुरु जी मेरा नाम हो रहा है सबको खूब पसंद आया। सब ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। भजन संध्या में सुधीर कौशिक, सौरभ अग्रवाल, सचिन कुमार, मयंक मल्होत्रा, पवन संगम, मधु श्री गुप्ता, लवी अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, अर्चना कौशिक आदि शामिल रहे। अंत में गुरु जी की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

## एक नजर

### सिद्ध आश्रम पर भंडारे का आयोजन

**नजीबाबाद।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला मंत्री अलीपुर द्वारका तिसोतरा निवासी शोभित चौधरी ने सपरिवार सिद्ध आश्रम परिसर भोवावाली पर विशाल भंडारे का आयोजन किया, जिसमें अनेक भक्तों, ग्राम व क्षेत्रवासियों सहित कई राजनीतिक, सामाजिक व्यक्तियों ने पूरा हवन में भाग लेकर प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ कमाया। भंडारे में भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, सुधीर कुमार भुइयार, चौधरी यशपाल सिंह, तेजपाल सिंह, आकाश कुमार, कुलबीर सिंह, डॉ. रितेश सेन, संदीप चौधरी एड., संदीप पहलवान, विकास कुमार, राहुल तोमर, हेमेन्द्र सिंह, रवि कुमार मौजूद रहे।

### मंदिर का ताला तोड़कर चोरी

**बिजनौर।** यहां पंजाबी कॉलोनी के सामने स्थित शनिदेव मंदिर का किसी ने रात्रि को ताला तोड़कर गल्ला भी तोड़ दिया और गल्ले की धनराशि चुरा ले गया। मंदिर के प्रबंध सदानंद खेड़ा ने बताया कि घटना की सूचना थानाध्यक्ष को दे दी गई है तथा घटना की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

### बिजली अव्यवस्था से परेशानी

**नजीबाबाद।** भीषण गर्मी तपती धूप व उमस से लोगों का इस समय बुरा हाल है। इसी बीच ओवरलोड के चलते जगह-जगह फाल्ट आने से बिजली अव्यवस्था से लोग बेहाल हो रहे है। सुबह सवेरे से ही तेज धूप, पतता सूरज व पतिश से लोगों का घरों व दुकानों में रहना मुहाल हो रहा है। गर्मी के कारण लोग अपने घरों में नही निकल रहे है। गर्मी में कई-कई बार नहाने के बाद भी लोग पसीना-पसीना हो रहे है। भयंकर गर्मी के कारण लोगों के दिन का सुकून व रात की नींद छिन गई है। गर्मी इतनी पड़ रही है कि बिजली विभाग ओवरलोड के चलते जगह-जगह फाल्ट आने से परेशान है। गर्मी व ओवरलोड के कारण अधिकांश ट्रांसफार्मर हीट हो रहे है। बिजली विभाग बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से कराने के लिए काफी प्रयास कर रहा है। मगर गर्मी के कारण बार-बार व्यवस्था फेल हो रही है। गर्मी से बचने के लिए युवा व बच्चे स्वीमिंग पुल व टयूबवैल पर नहाकर गर्मी से निजात पाने का प्रयास कर रहे है।

### चेयरमैन ने किया क्रिकेट मैच का शुभारंभ

**नजीबाबाद।** स्पोर्ट्स हेडक्वार्टर की ओर से दो दिवसीय नाइट डे क्रिकेट टूर्नामेंट का नगर पंचायत साहनपुर के चेयरमैन एवं आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खुर्शीद मंसूरी ने बीती रात एमडीकेवी स्कूल के सामने इंडोर स्टेडियम में फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि खेल को खेल भावना के साथ खेलें। प्रतियोगिताओं में भाग लेने से खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। नवनीत चतुर्वेदी, राजीव कौशिक, सार्थक कौशिक, अभिषेक गुप्ता, विपुल शर्मा आदि मौजूद रहे।

### उर्दू टीचर सहित कई सम्मानित

**नजीबाबाद।** कौमी उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ की ओर से गालिब एकेडमी दिल्ली में नेशनल अवॉर्ड प्रतिभा सम्मान व कैरियर गाइडेंस समारोह आयोजित हुआ। समारोह की अध्यक्षता चौधरी वासिल अली एवं संचालन आबिद हमीद खान ने किया। समारोह में नजीबाबाद के बच्चों फातिमा सिद्दीकी पुत्री जमाल अहसन नैनीताल, गौसिया पुत्री महमूद अली, जियाउर्रहमान पुत्री हाजी अताउल्लाह, शीरीन फातिमा पुत्री तनवीर अहमद नजीबाबाद को पुरस्कृत किया गया। सरताज मैडम समग्र विद्यालय हुमायूंपुर इददू नजीबाबाद को लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। शिक्षक आमिर अली, डॉ. मौहम्मद रिजवान, शमीम अहमद, तनवीर अहमद को कार्यक्रम में सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में बच्चों को डॉ. शहला अंजुम, डॉ. सलीम जावेद एमबीबीएस (एमएस), डॉ. शाहीन सुल्ताना गाजीपुर, डॉ. प्रोफेसर सालेहा रशीद इलाहाबाद, शाहीन तनवीर उत्तराखण्ड, सना कौसर अमरोहा, फरहीन उबैद आदि ने विभिन्न पाठ्यक्रम व कैरियर के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान कर बच्चों द्वारा पूछे गए सवालों के संतोषजनक जवाब दिए।

# एम.एस.डब्ल्यू. प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस, बिजनौर के एमएसडब्ल्यू प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष गोपाल स्वरुप सिंह ने बताया कि एमएसडब्ल्यू प्रथम सेमेस्टर में हिमानी ने 76.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, हिमांशु ने 74.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा शिवी ने 72.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं।

कृष्णा कॉलेज कॉलेज ऑफ साइंस की प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने सभी उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को बधाई

### हिमानी प्रथम व हिमांशु द्वितीय स्थान पर रहे

देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही उत्तम रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्र/छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें। कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, सहायक प्रवक्ता अनुज कुमार ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# ग्राम पंचायत मोटाढ़ाक में ग्राम चौपाल

## महिलाओं की गोद भराई व बच्चों को अन्नप्राशन कराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत शाम पांच बजे गांव की समस्या-गांव में समाधान के तहत विकास खंड नजीबाबाद के ग्राम पंचायत मोटाढ़ाक में ग्राम चौपाल का आयोजन कर ग्राम वासियों की समस्याओं का मौके पर मौजूद अधिकारियों के माध्यम से समाधान किया गया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नजीबाबाद, ग्राम प्रधान, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, जिला पंचायत राज अधिकारी दमनप्रीत सिंह अरोड़ा, डीसी मनरेगा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने सर्व प्रथम मोटाढ़ाक स्थित बलूनी पब्लिक स्कूल में आंगनबाड़ी के अंतर्गत महिलाओं की गोद भराई, पुष्टाहार वितरित कर बच्चों को अन्नप्राशन कराया।



जिलाधिकारी ने कहा कि शासन का उद्देश्य है कि ग्रामों में प्रवास करने वाले ग्रामीण बंधुओं को शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी एवं विकास योजनाओं का पात्रता के आधार पर लाभ उपलब्ध कराया जाए।

उन्होंने कहा कि ग्राम चौपाल ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को त्वरित गति से ग्राम स्तर पर ही समाधान करने का प्रभावी माध्यम है, जिसके द्वारा उनकी शिकायतों के निस्तारण के अलावा सरकारी योजनाओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ बेहतर रूप में क्रियान्वित किया जा सकता है।

उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि गांव में प्राथमिकता के आधार पर स्वच्छ पेयजल कार्य को पूर्ण मानक एवं गुणवत्ता के आधार पर पूरा कराना सुनिश्चित करें तथा सड़कों पर किसी भी अवस्था में कोई पेयजल पाइप कार्य के लिए किए गए गड्ढों को भी शत प्रतिशत रूप से बंद कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि गांव में वृद्धावस्था, निराश्रित तथा दिव्यांग पेंशन के पात्र लाभार्थी मौजूद हैं। उनको शत प्रतिशत रूप से पेंशन दिलाने के लिए कैंपों का आयोजन कराया जाना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने ग्राम प्रधान एवं ग्राम वासियों द्वारा उठाए गई समस्याओं के संबंध में आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा सभी समस्याओं को नोट किया गया है और सभी समस्याओं का निराकरण पूर्ण गुणवत्ता कि आधार पर शीघ्रता के साथ किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गांव का कोई भी पात्र व्यक्ति जनकल्याणकारी सरकारी योजनाओं से संतृप्त होने से वंचित ना रहने पाए। जिलाधिकारी द्वारा ग्राम चौपाल कार्यक्रम से पूर्व आयुष्मान आरोग्य मंदिर, उप स्वास्थ केंद्र तथा ग्राम सचिवालय का निरीक्षण भी किया गया। जहां पर सभी व्यवस्था पूर्णरूप संचालित पाई गई।

# सरकारी जमीन पर बनी दुकानों का हुआ ध्वस्तीकरण

### अदालत के आदेश पर गिराई गई पक्की दुकानें

शाह टाइम्स,संवाददाता

**सिरसी।** अतिक्रमण हटाओ अभियान के दूसरे दिन पक्की दुकानों का ध्वस्तीकरण किया गया। जे सी बी चलते ही दुकानदारों ने आनन-फानन में अपना सामान निकाला। शांति व्यवस्था के लिए पुलिस बल मौजूद रहा।

कस्बा सिरसी में लगभग दर्जन भर दुकानों का निर्माण सरकारी भूमि पर किया गया था। जिसका मुकदमा तहसीलदार के न्यायालय में चल रहा था। दुकानदार मुकदमा हार गए थे। तब नोटिस जारी कर उन्हे दुकानों को खाली करने के लिए कहा गया था। तहसीलदार धीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में टीम ने दुकानों का ध्वस्तीकरण का काम किया। पक्की दुकानों के गिराने से लोगों की भारी भीड़ लग गई और सम्भावित कार्रवाई की चर्चा करते देखे गए। इस दौरान नायब तहसीलदार बब्लू कुमार, हल्का लेखपाल अमित कुमार व राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।



सिरसी-सरकारी ज़मीन पर बनी ध्वस्त की गई दुकानों का मलबा देखती भीड़।

## विधायक गुन्नौर ने किया पुलिस भर्ती चयनितों का सम्मान

**बबराला।** नगर के इंद्रा चौक स्थित गुन्नौर विधायक रामखिलाड़ी सिंह यादव के आवास पर विधानसभा क्षेत्र गुन्नौर से पुलिस भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों का स्वागत एवं सम्मान किया।

गुन्नौर सपा विधाायक रामखिलाड़ी सिंह यादव ने सभी के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही सभी लोग जीवन में और ऊंचाइयों को प्राप्त करें।

## फरूखद्दीन शाह की दरगाह पर उर्स का आगाज किया

**सम्भल।** नगर के मौहल्ला चौधरी सराय स्थित हजरत दादा फरूखद्दीन शाह रह. की दरगाह पर विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी परम्परागत रस्मों के साथ उर्स का आगाज किया गया। कुरआन ख्वानी एवं चादर पोशी के साथ लंगर का वितरण हुआ और महफिले मिलाद के बाद रात्रि मे महफिले कव्वाली का आयोजन किया गया। बड़ी सख्या मे दूर दराज से अकीदतमन्द उर्स मे दरगाह पर हाजिरी लगाने और मन्नते व मुरादे मांगने पहुंचे। इस मौके पर सुल्तान सज्जादे, नदीम किदवई, मुकीम साबरी, फाजिल खां आदि मौजूद रहे।

# मंडी समिति में अतिक्रमण हटाते आढ़तियों से हुई जमकर नोंक-झोंक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जिले के विभिन्न कस्बे और शहर में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत बहजोई मंडी समिति में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही पर व्यापारियों और पुलिस-प्रशासन के बीच नोंक-झोक पर पुलिस ने कुछ व्यापारियों को हिरासत में ले लिया।

एसडीएम चंदौसी, मंडी समिति सचिव और पुलिस बल की मौजूदगी में बहजोई स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। कई थानों की पुलिस फोर्स की मौजूदगी में की गइ कार्यवाही से नाराज़ आढ़तियों और व्यापारियों से पुलिस-प्रशासन से नोकझोंक हो गयी। हुई। जिस पर पुलिस ने कुछ व्यापारियों को हिरासत में लिया। सूचना मिलने पर भाजपा के बहजोई नगर पालिका परिषद चेयरमैन राजू शंकर राजू पहुंच गए। जिनके हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हो सका। प्रशासनिक अधिकारियों ने व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठानों के सामने से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए जबकि अतिक्रमण न हटाने पर दुकान का आकार और मूल्य देखते हुए अतिक्रमण हटाया जाएगा। एसडीएम विनय मिश्रा ने कहा कि शासन के निर्देश पर यह कार्रवाई की जा रही है। इससे किसानों को आवागमन में परेशानी नहीं होगी। मंडी समिति सचिव मोहित फौजदार ने 50 व्यापारियों को नोटिस जारी किए। इस दौरान तनाव के चलते बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## कपिल के सरेंडर की सूचना पर दिनभर छावनी बना रहा अदालत मार्ग

**सम्भल।** भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के भाई कपिल सिंहल के अदालत में आत्म सर्मपण की सूचना पर पुलिस ने अदालत परिसर और उसके आसपास मार्ग को छावनी बना दिया। जबकि अस्पताल और अन्य स्थानों पर निगाह रखकर तलाशी की गई। दिन भर छावनी बने रहने के बाद भाजपा नेता के भाई ने आत्मसपर्मण नहीं किया।

### 18 वर्षों के लम्बे संघर्ष के बाद सम्पूर्ण सनातन समाज की सफलता

# कल्कि धाम बनने से नहीं रोक सकेगी कोई भी बाधा

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** विश्व हिन्दू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि आज बहुत ही आनंद का दिन है। जिसकी वर्षो से प्रतीक्षा थी और जिसका कारण कट्टरपंथी लोगों का लम्बा विरोध था, सत्ता का भी लम्बा विरोध रहा। कानून की किताब से सारी बाधाएं लगातार खोद कर निकाली जाती रहीं। संघर्ष में लगभग 2 दशक लगे। लेकिन आखिरकार वो शुभ दिन आया जब इस भूमि की खुदाई हो गयी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पूजित शिलाओं को शंकराचार्य भगवान द्वारा मुख्य गर्भ गृह में स्थापित किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शिला को पूजना और शंकराचार्य भगवान द्वारा शिलाओं को स्थापित करना इस बात की घोषणा करता है कि अब कोई भी बाधा इस धाम को बनने से नहीं रोक सकती। जब समय में यहां विशालतम मंदिर का निर्माण होकर रहेगा। नरेंद्र मोदी द्वारा कही बात अक्षरशः सत्य हो रही है कि श्री कल्कि धाम विश्व को दिशा देगा। श्रीमद जगद्गुरु शंकराचार्य द्वारकाशारदा पीठाधीश्वर पूज्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि 18 वर्षो के संघर्ष के बाद आचार्य प्रमोद कृष्णम ने जो सफलता प्राप्त की वो उनकी नहीं बल्कि सम्पूर्ण सनातन समाज की सफलता है, यह धाम निश्चित ही सनातन के गौरव को बढ़ाएगा। यह ऐसा धाम बनने जा रहा है जिसमें भगवान विष्णु के दशावतारों के दस गर्भ गृह होंगे। मनुष्य वृत्ति पर बोलते हुए शंकराचार्य जी ने कहा कि शास्त्र सम्मत व्यवहार करना सभी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी भी है जिस प्रकार बिना टिकट यात्रा करने पर रेलवे का कोई दोष नहीं है। उसी प्रकार शास्त्र सम्मत व्यवहार न करने पर शास्त्रों का कोई दोष नहीं है। शंकराचार्य जी ने कहा कि मेरा आशीर्वाद श्री कल्कि धाम निर्माण में लगे सभी लोगों के साथ है और हमेशा रहेगा।



सम्भल-कल्किधाम में शिला पूजन कर स्थापित करते संत।



सम्भल-कांग्रेस के संगठन सृजन बैठक लेते कांग्रेसी नेता व जिलाध्यक्ष आरिफ तुर्की।

### मायके वालों ने दहेज हत्या करने का लगाया आरोप, शव पीएम को भेजा

# फांसी के फंदे पर झूलती मिली विवाहिता

शाह टाइम्स,संवाददाता

**असमोली।** संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की फांसी का फंदा लगने से मौत हो गयी। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने हत्या करने का आरोप लगाया।



मौके पर पुलिस पहुंच गयी। परिजनों ने पीएम कराने की मांग की।

चन्दौसी कोतवाली के कैथल गेट निवासी राजकुमार की पुत्री लक्ष्मी का विवाह करीब तीन वर्ष पूर्व असमोली थाने के शाहपुर सोत निवासी सचिन के साथ हुआ था। दोनों का वैवाहिक जीवन खुशी से चल रहा था। कुछ समय बाद घर में पुत्र रत्न की किलकारियां गूंजी,लेकिन बीते कई दिनों से घर में कलेह रहने लगी। गुरूवार की सुबह 11 बजे लक्ष्मी फांसी के फंदे पर ढूलती मिली। इसकी सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने लक्ष्मी को मारकर फांसी के फंदे पर लटकाकर हत्या करने का आरोप लगाया। सूचना पाकर असमोली थाना पुलिस मौके पर आ गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेने का प्रयास किया। परिजन विवाहिता के शव का पोस्ट मार्टम करने की मांग करने लगे। पुलिस ने लाश को कब्ज़े में लेकर पीएम को भेज दिया। मृतका के परिजनों की और से तहरीर देकर पति सचिन पुत्र जगपाल व ससुर जगपाल, चचेरा ससुर हरिसिंह, पुत्रगण रत्नसिंह व सास प्रवेश पत्नी जगपाल, नंद अंजलि पुत्री जगपालदान दहेज के लिए प्रताड़ित करते रहने और मारपीट व गाली-गलौंच करने तथा दहेज में बुलेरो गाड़ी व कीमती सामान की मांग करने तथा फांसी लगाकर हत्या करने का आरोप लगाया। इस मामले में ग्राम प्रधान शाहपुर सोत सौरन सिंह पुत्र शिव चरन से बात करने पर मृतका के पिता को धमकाने का आरोप लगाया है।

# विमान हादसे पर पूर्व चेयरमैन ने जताया शोक

शाह टाइम्स,ब्यूरो



**सम्भल।** अहमदाबाद विमान हादसे पर जहां पूरा देश दुखी है तो वहीं पूर्व चैयरमेन ने भी इस घटना पर गहरा दुख प्रकट करते हुए मरने वालों को श्रृद्वांजलि एवं घायलों के जल्द स्वास्थ्य की कामना की।

भारतीय सद्भावना मंच गो प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश के संयोजक एवं नगर पालिका परिषद सम्भल के पूर्व चैयरमेन हाजी नुसरत इलाही ने अहमदाबाद विमान हादसे पर गहरा दुख प्रकट किया। हाजी नुसरत इलाही ने बोलते हुए कहा कि यह बेहद दुखद घटना है। हम मरने वालों की आत्मा की शांति और घायलों के जल्द स्वास्थ्य का कामना एवं कामना करते हैं। हाजी नुसरत ईलाही ने कार्यकर्ताओं संग दो मिनट का मौन रखकर मरने वालों को श्रृद्वांजलि अर्पित की।

## प्रचंड गर्मी से पंखे और कूलरों में भी नहीं राहत

**सम्भल।** बुधवार को भारी गर्मी का रौद्र रूप रहा। दोपहर को तपती दोपहरी और आसमान से बरसती आग ने लोगों को घरों के अदर छिपने को मजबूर किया,जबकि पंखे आदि भी गर्म हवा फैंकने से लोगों का चैन नहीं मिल सका। प्रचंड गर्मी के कारण बाज़ार ओर सड़के भी सूनी रहीं।

# डीआईजी पुलिस अकादमी ने प्रशिक्षण केन्द्र का किया निरीक्षण

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** अपर पुलिस महानिदेशक पुलिस अकादमी ने टैक्निकल इंस्टयूट का निरीक्षण किया। इस दौरान व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर मानक अनूरूप कार्य पूण करने के निर्देश दिए।

गुरूवार को अपर पुलिस महानिदेशक डा. भीमराव अंबेडकर पुलिस अकादमी मुरादाबाद राजीव सभरवाल रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण केन्द्र इश्वरदास टैक्निकल इंस्टीटयूट बहजोई का निरीक्षण करने पहुंचे। गारद की सलामी लेकर अपर पुलिस महानिदेशक ने पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के साथ आगामी रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण के दृष्टिगत ईश्वर दास टैक्निकल इन्स्टीटयूट बहजोई में किये जा रहे कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने रिक्रूट आरक्षियों के व्यवस्थापन तथा ट्रेनिंग की व्यवस्थाओं मैस, बैरक, स्नानघर, कक्षाओं आदि का जायजा लेकर व्यवस्थाओं को मानक अनरूप पूर्ण करने के सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सम्भल आलोक कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात डा. प्रदीप कुमार सिंह, गोपनीय सहायक, प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी आरटीसी आदि अधिकारी मौजूद रहें।

# जन-जन तक पहुंचाएं कांग्रेस की विचारधारा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** संगठन सृजन की महत्वपूर्ण बैठक में फ्टंल के पदाधिकारियों से विस्तार से चर्चा की। जबकि कांग्रेस की विचार धारा को जन जन तक पहुंचाने के लिए हमें घर घर जा कर कांग्रेस का प्रचार कर होगा पार्टी की नीतियों से अवगत कराने के निर्देश दिए।

जिला कार्यालय पर आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि जिला कोर्डिनेटर परवेज आलम उर्फ टीटू ने कांग्रेस की विचार धारा को जन जन तक पहुंचाने के लिए हमें घर घर जा कर कांग्रेस का प्रचार कर होगा पार्टी की नीतियों से अवगत कराने पर ज़ोर दिया। मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष आरिफ तुर्की ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ही एक मात्र पार्टी है जो हर समय जनता के बीच में संघर्ष कर रही है हमे पार्टी की नीतियों से अवगत कराना होगा कांग्रेस पार्टी ही आवाम की आवाज बुलंद करने का काम रही है। सम्भल प्रभारी विनीत कुमार त्यागी ने बताया कि कांग्रेस पार्टी विचार धारा को हमे घर घर जा कर कांग्रेस पार्टी के बारे में बताना होगा पार्टी संगठन हर समय जनता की आवाज बुलंद करने के लिए हर वक्त तैयार हैं। शहर अध्यक्ष शिव कुमार गौतम ने कहा कि हमें हर संभव कोशिश करेंगे कि पार्टी की नीतियों को अवगत कराना होगा। इस मौके पर पूर्व शहर अध्यक्ष तौकीर आलम, सलमान तुर्की, मुहम्मद शारिक जीलानी, आरिफ तनवीर, फरमान अहमद, कौसर फारुकी,यूथ जिला अध्यक्ष इमरान अब्बास नकवी मोअज्जम खान, कल्पना सिंह, संजीव कुमार साहू, अक्षय कुमार ठाकुर, रनवीर सिंह, मोअज्जम हुसैन, कोस्तुभ रस्तोगी, अकील आदि शामिल रहे।

## कल्कि धाम: रोमानिया की एंका भी पहुंची शिला महापर्व में

**सम्भल।** शिला स्थापना महापर्व पर रोमानिया निवासी एंका भी इस महापर्व में पहुँची। एंका ने कहा कि मैं भारतीय संस्कृति, भारतीय सभ्यता एवं भारतीय दर्शन से अत्यंत प्रभावित हूँ, यही वो भूमि हैं जहाँ कंकड़ में भी शंकर देखने की भावना है। संपूर्ण विश्व में भारत जैसा देश कोई दूसरा नहीं है। मैंने आचार्य जी के भजन एवं प्रवचनों को सुना है, भगवान कल्कि की महिमा को सुना है।



सम्भल-जिला मुख्यालय की स्थापना सम्भल की परिधि में करने की मांग को मुख्यमंत्री को लिखे पत्र दिखाते ग्रामीण।

# गर्मी में लोग बुरी तरह बिलबिला

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** जून की शुरुआत में ही गर्मी ने अपना सितम दिखा दिया है। आसमान से बरस रही आग से बेजुबान से लेकर इंसान तक परेशान हैं। मौसम विभाग के अनुसार दो दिन और इसी तरह की भीषण गर्मी पड़ने के आसार हैं। इसके बाद बारिश होने की उम्मीद है।

सहायक विकास अधिकारी कृषि राजकुमार शर्मा ने किसानों से अपील है कि धूप में काम न करें, इससे उनके स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ सकता है। शाम का समय कृषि कार्य के लिए ठीक है। कम प्रतिरोधक क्षमता वाले लोग ज्यादा हो रहे बीमार मौसम में अचानक हो रहे बदलाव का असर लोगों के शरीर पर भी देखने को मिल रहा है। मंगलवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में सबसे ज्यादा मरीज फिजिशियन के पास पहुंचे। डा. विनय गंगवार ने बताया कि कम प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों पर मौसम का बुरा असर पड़ रहा है। इस वजह से उन्हें बुखार, खांसी, जुकाम और ठंड लगने जैसी समस्या हो रही है। उन्होंने बताया कि इन लक्ष्णों के ओपीडी में मंगलवार को 80 मरीज उपचार के लिए पहुंचे।

## विमान हादसे में मरने वालों की आत्मा की शांति को प्रार्थना

**बबराला।** भाजपा नेता विनय वार्ष्णेय के आवास पर अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में यात्रियों की मौत पर शोक व्यक्त किया। भाजपा जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय ने कहा कि यह अत्यंत दुखद घटना है। इसमें काफी यात्रियों की मौत हो गयी। सरकार हादसे के कारणों की जांच कर रही है। हम दिवंगत आत्माओ की शांति को ईश्वर से प्रार्थना करते हैं।इसमें सभासद मीना गुप्ता, हर्षित, दिनेश कौशल, उमेशचंद,नीरज आदि रहे।

# गर्मी से इस तरह करें बचाव

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** दोपहर 12 बजे से दिन में तीन बजे तक घर से बाहर न निकलें बाहर निकलें तो पानी पीकर जाएं, साथ में पानी भरी बोतल भी रखें ठंडे कमरे से एकदम से बाहर न निकलें नींबू पानी, शिकंजी और लस्सी का सेवन करें गरिष्ठ भोजन न करें, सादा और पौष्टिक आहार लें गहरे रंग के कपड़े पहनकर धूप में न जाएं बाहर निकलने पर सिर अच्छी तरह से ढक कर रखें।

# कुरैश कॉन्फ्रेंस मेधावियों का करेगी सम्मान

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** कुरेश कान्फ्रेंस की और से हाई स्कूल और इंटर में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करेगी।

जानकारी देते हुए कुरेश कांफ्रेंस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डा. इफ्तेखार अहमद कुरैशी ने बताया कि पिछले वर्ष 57 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया था। जिसमें चार बच्चे हाफिज ए कुरान भी थे। भयंकर गर्मी की वजह से इस साल जून के आखिर में छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। छात्र-छात्राएं अपनी मार्कशीट की फोटो कॉपी और एक फोटो और आधार कार्ड अपेक्स सीएससी केंद्र पर इमरान खान के पास या डा. अय्यूब किदवई के पास 20 जून तक जमा कर दें। फार्म निःशुल्क इफ्तिखार ऑप्टिकल सेंटर या शिफा दवाखाना ग्रीन पार्क के सामने सिरसी से लिया जा सकता है। यह कार्यक्रम कुरैश कान्फ्रेंस एवं मानवाधिकार जन निगरानी समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा।

## स्वयंसेवकों ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला

**सम्भल।** एमजीएम पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई योगा फॉर अर्थ वन हेल्थ थीम पर ग्रामीण परिवेश में वृक्षों की छाया में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी नेमपाल सिंह ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला और निरोग रहने के लिए प्रातः काल आधा घंटा रोज योग करने के लिए प्रेरित किया। तथा सूर्य नमस्कार के कुछ योगासन और कपालभाति, भ्रामरी, अनुलोम विलोम जैसे प्राणायाम के बारे में और उनसे होने वाले लाभ के विषय में भी बताया। इस अवसर पर स्वयं सेविका आकांक्षा सिंह विशाखा सिंह उर्वशी सिंह अनामिका सिंह तथा स्वयंसेवक केशव गौतम सागर अंकित कुमार शिव कुमार सभी ने कार्यक्रम में मुख्य भूमिका निभाई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के समस्त स्वयंसेवक सेविका उपस्थित रहे।

# हिंदुओं का पलायन रोकने को जिला मुख्यालय सम्भल की परिधि में ज़रूरी

### ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष के पास पहुंचे ग्रामीण

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जिला मुख्यालय की स्थापना सम्भल तहसील में करने की गांवो से उठ रही आवाज तेज हो गयी है। प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष के आवास पर एकत्र होकर पहुंचे ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखकर जिला मुख्यालय की स्थापना तहसील क्षेत्र की परिधि में कराने की मांग करने का आहवान किया।

जिला संघर्ष समिति के पदाधिकारी चौ. रविराज चाहल एडवोकेट के नेतृत्व में हुए ग्रामीण एकत्रित होकर तहसील क्षेत्र के गांव सिंहपुर सानी में प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष व ग्राम प्रधान चौ गिरिराज सिंह के आवास पर पहुंचे। ग्रामीणों ने जिलाध्यक्ष से जिला मुख्यालय सम्भल नगर की परिधि में स्थापित किए जाने को मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखने का अनुरोध किया। ग्राम प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष चौ गिरिराज सिंह ने अन्य ग्राम प्रधानों व क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जिला मुख्यालय सम्भल नगर की परिधि में स्थापित की जाने की मांग की। इस दौरान बोलते हुए प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष चौ गिरिराज सिंह ने कहा कि सम्भल तीर्थ नगरी है। सम्भल में हिंदू पर्यटकों का अक्सर आना जाना लगा रहता है। सम्भल शहर में हिंदू आबादी अल्पसंख्यक है। हिंदुओं की सुरक्षा के लिहाजा से जिला मुख्यालय सम्भल नगर की परिधिमें बनाया जाना आवश्यक है। अन्यथा सम्भल नगर से हिंदू आबादी पलायन करने के लिए बाध्य होगी। धीरज सिंह ने कहा कि सम्भल नगर से हिंदू आबादी के पलायन को रोकने के लिए जिला मुख्यालय संभल नगर की परिधि में बनाया जाना बहुत आवश्यक है। नजीर हुसैन ने कहा कि सम्भल नगर में जिला मुख्यालय बन जाने से संभल में रोजगार के अवसर पैदा होंगे और हर धर्म हर समाज के व्यक्ति को रोजगार मिलेगा। चौ. रविराज चाहल एडवोकेट ने कहा कि सम्भल नगर में जिला मुख्यालय बन जाने से असमोली ब्लॉक के दूर दराज के गांव आलिया नेकपुर, मड़न, सेकपुरी, आदि के ग्रामीणों को काफी सहूलियत मिलेगी। समय व धन की बचत होगी। उन्होने मुख्यमंत्री जिला मुख्यालय सम्भल नगर की परिधि में ही स्थापित किया जाए। इस दौरान उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री को पत्र मेल द्वारा भेजे है। इस पर हम सभी लोगों का धन्यवाद करते हैं और उम्मीद करते हैं कि मुख्यमंत्रे जी सम्भल वालों को निराश नहीं करेंगे।

इस दौरान चौ गिरिराज सिंह, चौ रविराज चाहल एडवोकेट, धीरज सिंह, नेमपाल सिंह, नजीर हुसैन, अशोक कुमार, पुनीत चाहल, अंकित कुमार, कलुआ, सुभाष कुमार, डा. नाजिम, विमल कुमार, दुर्गेश सिंह आदि रहे।

# केक काटकर बदायूं सांसद का जन्मदिन मनाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** कस्बा बबराला के रामलीला मैदान में सपा कार्यकर्ताओं नें बदायूं के सपा सांसद आदित्य यादव का जन्मदिन उनके चित्र के आगे केक रखकर हैप्पी बर्थडे सांसद जी बोलकर मनाया। इस मौके पर सपा नेता अमित यादव नें कहा कि अब आने वाला समय समाजवादी पार्टी का है। जब 2027 में पीडीए की सरकार बनेगी और अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री होंगे। तब पूरी यूपी से लेकर सम्भल जिले का विकास होगा। जिसमें गुन्नौर विकास में अव्वल होगा। इस मौके पर सपा नेता अमित यादव, लकी उस्मानी, शरद यादव, शमीम अहमद, अनुराग यादव, रोहित यादव, संजय यादव, देवेंद्र सिंह, सत्यप्रकाश सिंह, राजू यादव, अक्षय यादव, राजुद्दीन अली, असगर अली, नसीम अहमद, शशिकांत वार्ष्णेय, प्रमोद गुप्ता, अंकुश गुप्ता, राजा यादव, सुमित यादव, प्रशांत, अरमान अली सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



बबराला-बदायूं सांसद के जन्मदिन पर केक काटते सपाई।

# नगर में महिला की हत्या से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** बृहस्पतिवार की सुबह कुंदरकी निवासी मोहल्ला नुरुल्लाह कन्या इंटर कॉलेज के पास 32 वर्षीय अंजुम हत्या कर दी गई। सूचना मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, एसपी देहात, क्षेत्र अधिकारी बिलारी, पुलिस फोर्स घटनास्थल पर पहुंचे। जांच के लिए फोरेंसिक टीम को भी सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि अंजुम मुंडापांडे थाना क्षेत्र की रहने वाली थी उसकी शादी रामपुर जिले के कैमरी से हुई थी दो बेटी इंसा और माही, अंजुम की शादी शादाब के साथ हुई थी इसके बाद अंजुम का शादाब से डिवोर्स हो गया और अंजुम कुंदरकी के मोहल्ला नुरुल्लाह में अपनी दोनों बेटियों के साथ आकर रहने लगी लगभग 2 साल पहले कुंदरकी निवासी युवक से कोर्ट मैरिज कर लिया इसके



बाद दोनों में अनमन रहने लगी अंजुम ने कुंदरकी थाने में युवक के खिलाफ मुकदमा भी पंजीकृत कराया। मृतिका अंजुम की बेटी का कहना है कि बृहस्पतिवार की सुबह उसकी मां की गोली मारकर हत्या कर दी गई आरोप है कि नगर का युवक और उसके भाई ने घटना को अंजाम दिया है। वरिष्ठ



पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना स्थल से एक तमंचा और छुरी बरामद हुई है। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## स्विमिंग पूल संचालकों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

**ठाकुरद्वारा।** नगर में संचालित पांच स्विमिंग पुल के संचालकों को कोतवाली पुलिस ने कड़ी के चेतावनी जारी कर दी है। स्विमिंग पूल चलता हुआ पाया गया तो संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाएगा। नगर में तीन स्विमिंग पूल रमनावाला रोड, एक स्विमिंग पूल उत्तराखंड राज्य की सीमा पर बिलाल मस्जिद के पास और एक स्विमिंग पूल वेयरहाउस के पीछे स्थित है। पिछले दिनों एक स्विमिंग पूल में युवक की मौत हो जाने के मामले में पुलिस ने स्विमिंग पूल संचालकों पर शिकंजा कस दिया है।

प्रभारी निरीक्षक ने संचालकों को से दो टूक कहा है कि स्विमिंग पूल में कोच लाइसेंस आदि सभी सुविधाएं न होने पर यदि स्विमिंग पूल चलता हुआ पाया जाता है तो कड़ी कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर संचालक को जेल भेजा जाएगा।

## एक नजर

### पारस हेल्थकेयर लिमिटेड में टिमिट की छात्रा का चयन



चांदनी कुमारी

**मुरादाबाद।** टिमिट-कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के सफलतम प्रयासों के फलस्वरूप टिमिट में लगातार कम्पनियों का रिक्रूटमेंट के लिये आना जारी है इसी के चलते भारत वर्ष की नामी गिरामी बहुप्रतिष्ठित अस्पताल पारस हेल्थकेयर लिमिटेड, पटना ने टिमिट में एमबीए- हॉस्पिटल मैनेजमेंट फाइनल ईयर (2025 पास आउट बैच) की छात्रा को एग्जीक्यूटिव की पोस्ट पर पटना में ज्वाइनिंग प्रदान की है। कंपनी की टीम का छात्रा से साक्षात्कार हुआ। चयनित भाग्यशाली छात्रा चांदनी कुमारी एमबीए- हॉस्पिटल मैनेजमेंट फाइनल ईयर को ऑफर लेटर प्रदान किया गया। यह टिमिट के एमबीए-एचएम की गुणवत्ता का साक्षात प्रमाण है। इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि वैश्विक स्तर की कंपनियों में कार्य करते हुये उँचाइयों को प्राप्त करना ही समस्त प्रबंधन संकाय के तत्वावधान में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य होता है और टिमिट के विद्यार्थियों ने अपनी लगन और मेहनत के बल पर अपना एक अलग ही मुकाम बनाया है जिसका परिणाम है कि टिमिट के विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट की कोई कमी नही है। प्रो. विपिन जैन ने सभी कंपनी प्रतिनिधियों का सधन्यवाद दिया और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर टिमिट कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के असि0 डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर और जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि टिमिट के छात्रों को भारत व विदेश की सुप्रसिद्ध कंपनियों तक पहुंचाना व उनका सुनहरा भविष्य सुनिश्चित करना ही टिमिट प्लेसमेंट सैल का मूल उद्देश्य है टिमिट के विद्यार्थियों को इंडस्ट्री के बेहतरीन पैकेज पर अन्तंराष्ट्रिय कम्पनियों में काम करने का मौका मिल रहा है। इससे छात्रों में अत्यधिक उत्साह है।

### भ्गर्मी में गुलर चौराहे पर राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाया

**कुन्दरकी।** गुलर चौराहे पर भीषण गर्मी में दावते इस्लामी इन्डिया के डिपार्टमेंट जी एन आर एफ गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन की जानिब से इंसानियत की खिदमत के तहत राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाकर गर्मी से राहत पहुंचाई। फाउंडेशन के नगर अध्यक्ष अरकान कादरी ने बताया गर्मी के इस मौसम में ठंडा पानी लोगों के लिए सबसे बड़ी जरूरत बन जाता है।

हमारा मकसद यह है कि कोई भी प्यासा न रहे। यह एक छोटी सी को. शिश है लोगों की सेवा में, और हमें खुशी है कि हमें इसमें सफलता मिल रही है। फाउंडेशन के स्वयंसेवकों ने सारी दोपहरी लोगों को शर्बत पिलाया इस अवसर पर मुहम्मद कघसिम मुहम्मद जेद मदारी मुहम्मद शुएब मुकघ्द्दस मदार मुहम्मद इब्राहिम नईम अल्वी आदि मौजूद रहे।

### आरएसएस ने हिंदू साम्राज्य दिवस मना कर शिवाजी के प्रति ज्ञापित की कृतज्ञता



**मुरादाबाद।** ओम भवन, गांधी नगर में आर एस एस ने हिन्दू साम्राज्य दिवस कार्यक्रम मनाया। छत्रपति शिवाजी का राज्याभिषेक जिसे आज हम हिन्दू साम्राज्य दिवस के रूप में मनाते हैं, केवल किसी व्यक्ति विशेष के सिंहासन पर बैठने की घटना भर नहीं थी बल्कि वह समाज और राष्ट्र की भावी दिशा तय करने वाली एक युगांतकारी घटना थी।

हिन्दू साम्राज्य दिवस हर वर्ष ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को हिन्दू साम्राज्य, संस्कृति, सभ्यता और सौहार्द के प्रति जागरूक करना है। इसके बारे में आरएसएस का मत है कि जिस दिन महान योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक हुआ, उस दिन से हिन्दू साम्राज्य की पुनर्स्थापना हुई है।

### श्री बाबा केदारनाथ जी के भंडारे के लिए खाद्य सामग्री रवाना




**मुरादाबाद।** श्री बाबा केदारनाथ सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा लगाए जाने वाले भंडारे की खाद्य सामग्री लेकर ट्रक को रवाना किया गया। लाइनपार पुतलीघर रोड बालों की तरफ से तृतीय विशाल भंडारे का आयोजन बड़ासू, सोनप्रयाग उत्तराखंड में 15जून से 25जून तक होगा।ट्रक को रवाना करते समय ट्रस्ट के प्रबंधक राजेंद्र कुमार गुप्ता, अध्यक्ष अतुल कुमार गुप्ता,सचिव शेखर चौहान,कोषाध्यक्ष शिव ओम गुप्ता,मंत्री सुनील ठाकुर एवं अखिल गुप्ता,अभय गुप्ता ,स्पर्श गुप्ता, पिंटू शर्मा, मुकेश यादव, रिक्की,मोनू गुप्ता, हरिओम गुप्ता, सुशील गुप्ता, सुनील अग्रवाल, अर्जुन शर्मा, मनोज गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय यज्ञ में दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने दी आहुतियां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वार।** श्री बालाजी शक्तिपीठ धर्मार्थ ट्रस्ट रामपुर बलभद्र द्वारा तीन दिवसीय बालाजी यात्रा के दौरान दूसरे दिन तीन दिवसीय यज्ञ में श्रद्धालुओं ने संकट मोचन आहुतियां देकर घर परिवार की सुख शांति की प्रार्थना की। बृहस्पतिवार को जिला दोसा की ग्राम पंचायत मेहंदीपुर बाला. जी में स्थित रानी झांसी धर्मशाला में महंत विक्रम यादव द्वारा तीन दिवसीय का आयोजन किया गया जिसमें दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने अपनी संकट मोचन आहुतियां यज्ञ में देकर घर परिवार में सुख शांति की प्रार्थना की, यज्ञ का आयोजन श्री बालाजी शक्तिपीठ धर्मात्र ट्रस्ट की प्रमुख सेविका प्रिया यादव द्वारा किया गया इस मौके पर जसपुर महंत राजीव कुमार राणा बरखेड़ा पांडे महंत सोमपाल सिंह संजू मुकेश कुमार गोला पवन कुमार गोला महेंद्र सिंह आदेश कुमार सोमपाल सिंह कपिल कुमार यश चौधरी हरिचंद पाल, राजेंद्र सिंह महाराज सिंह, दीपक कुमार, कार्तिक यादव, हर्षित पाल, जसपुर महंत अनीता राणा, ट्रस्ट की अध्यक्ष ज्ञान सती देवी, रिंकी चौधरी रेनू चौधरी अंजली कुमारी एकता चौधरी मान्या चौधरी मुनेशपाल गीता आदि जग में शामिल रही।

## मेघावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह में दयानंद इंटर कॉलेज कांठ के बच्चे सम्मानित



**कांठ।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा पंचायत भवन मुरादाबाद में आयोजित मेधावी छात्र/छात्राओं के सम्मान समारोह में इंटरमीडिएट परीक्षा में जिले स्तर पर स्थान बनाने वाले महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज के दो छात्र-छात्रा आर्यन चौहान तथा अक्सा नूर तथा हाई स्कूल में जिले की वरीयता सूची में स्थान बनाने वाली श्रद्धा यादव को एक टेबलेट एवं 21000 हजार का पुरस्कार देकर विधान परिषद सतपाल सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर शेफाली, जिलाधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज के इंटरमीडिएट के 26 अन्य मेधावी छात्र-छात्रा एवं हाई स्कूल के 6 मेधावी छात्र-छात्राओं को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# नगर पंचायत पाकबड़ा में चलाया गया अतिक्रमण अभियान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नगर पंचायत पाकबड़ा में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया है, जिसमें दुकानों के आगे पीली पट्टी खींचकर सामान पीछे रखने की हिदायत दी गई है। यह अभियान मंडलायुक्त महोदय के निर्देशों के क्रम में किया गया है। ऐसे अभियान अक्सर नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्रों में चलाए जाते हैं ताकि सड़कों पर अतिक्रमण से बचा जा सके और यातायात को सुचारु रूप से चलने में मदद मिल सके। इससे पहले भी कई जगहों पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाए जा रहे हैं। दुकानदारों को हिदायत दी गई है अगर पिली पट्टी से आगे सामान रखा मिला तो सामान जब्त करने के साथ जुर्माना भी लगाया जायेगा। नगर पंचायत पाकबड़ा के इस अभियान का उद्देश्य शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाना और सुव्यवस्थित करना है।

## प्रधानाचार्य के अवकाश पर जाने पर नहीं हुई जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** मुस्लिम इंटर कॉलेज के अध्यक्ष की शिकायत पर जांच के लिए 10 जून की तिथि नियत की गई थी लेकिन प्रधानाचार्य नईम अहमद 9 और 10 जून के अवकाश पर चले गए जिससे जांच कार्य नहीं हो पाया अब 12 जून को जांच होगी। मुस्लिम इंटर कॉलेज के अध्यक्ष हाजी रफीक सैफी ने प्रधानाचार्य नईम अहमद पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक से शिकायत की थी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने जिला विद्यालय निरीक्षक कुचावली के प्रधान अध्यापक शाने आजम को जांच अधिकारी नियुक्त किया था। इस पर आपत्ति जताते हुए अध्यक्ष ने जांच अधिकारी बदलने की मांग की थी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने जांच अधिकारी बदलते हुए नगलिया जट बिलारी के पी एम श्री राजकीय इंटर कॉलेज रघुपति देव को जांच अधिकारी नियुक्त किया था। रघुपति देव ने 10 जून की तिथि जांच के लिए नियत की थी। मुस्लिम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नईम अहमद ने 9 और 10 जून का अवकाश ले लिया।जांच अधिकारी ने प्रधानाचार्य मिलने को पत्र भेज कर कहा है कि अब 12 जून को जांच होगी। 12 जून को प्रधानाचार्य उपलब्ध नहीं रहते हैं तो दूसरे पक्ष से सबूत लेकर आख्या उच्च अधिकारियों को भेज दी जाएगी।

# 2027 में सपा सरकार बनने से होगा सर्वांगीण विकासः फहीम इरफान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिलारी।** क्षेत्र के ग्राम खण्डोआ में सेक्टर सफीलपुर के बूथ प्रभारियों के साथ समाजवादी पार्टी की पीडीए जनपंचायत हुई। पीडीए जनपंचायत में पहुंचे सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि 2027 में सपा सरकार बनने से सर्वांगीण विकास होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पूरे उत्तर प्रदेश के सभी विधानसभाओं के सभी सेक्टरों में पीडीए जनपंचायत आयोजित कर पीडीए को मजबूत करने का अभियान जारी है। कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई चरम सीमा पर है।

प्रदेश सरकार द्वारा नई भर्ती न निकाले जाने से बड़ी संख्या में नौजवान बेरोजगार घूम रहे है। कहा कि 2027 में पूर्ण बहुमत के सरकार बनने जा रही है, सरकार बनने पर जो अधूरे कार्य रह गये है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा। कहा कि भाजपा सरकार में पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों को आपस में बांटकर शोषण किया जा रहा है, शोषण कों रोकने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए जागरूकता अभियान चलाया है, जिसमें बड़ी संख्या में पीडीए के लोग जुड़े रहे है, कहा कि पीडीए की ताकत से भाजपा सरकार घबरा गई है। अंत में पीडीए जनपंचायत में पीडीए की एकता की मजबूती का संकल्प भी विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान द्वारा दिलाया गया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष हाजी मौहम्मद उसमान एड, ग्राम प्रधान रविन्द्र चौधरी, सेक्टर प्रभारी एपी यादव, सद्दाम सैफी ग्राम प्रधान, संजीव यादव, उस्मान गनी, डॉ अजयपाल सिंह, दिनेश जाटव, धर्मवीर जाटव विक्रम जाटव, छोटेलाल जाटव, अतर सिंह जाटव, रेवाराम कश्यप, रामचरण कश्यप, बंटी चौधरी, शाहिद लाला, समेत पीडीए परिवार के लोग मौजूद रहे।

# भाजपा विभिन्न धर्मों के बीच एकता कमजोर कर रही हैः जयवीर यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिला समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक में वक्ताओं ने कहा कि प्रत्येक बूथ कमेटियों का सत्यापन कर उसमें हर जाति की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। इसके साथ ही बूथ स्तर पर जातिगत गणना और वोट प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए। कहा कि इस कार्य में विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष और जिला संगठन पदाधिकारियों की विशेष जिम्मेदारी है। पार्टी कार्यालय सिविल लाइन में हुई बैठक में उन्होंने पीडीए की चौपालों पर भी चर्चा की।कहा कि सभी कार्यकर्ता समाज के इन वर्गो को जोड़ने का काम करें। आगामी कार्यक्रमों और संगठन की गतिविधियों पर भी दिशा निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने देश मे धर्म और जाति के आधार पर हो रहे भेदभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा वर्तमान सरकार में वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत की अवहेलना हो रही है। वयोवृद्ध और वरिष्ठ नेता श्री महेंद्र राजभर पर हुआ हिंसक हमला भाजपा के राज में 'पीडीए समाज' पर लगातार बढ़ते जा रहे अपमानजनक व्यवहार और अत्याचार का एक और निंदनीय उदाहरण है। भाजपा अगर सोचती है कि वो किसी समाज को अंदर से तोड़कर अपनी विभाजनकारी राजनीति को बनाए रखेगी तो ये उसकी गलतफहमी है। बैठक के दौरान एक जुलाई को माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के जन्म दिन को मनाए जाने पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव,पूर्व विधायक हाजी रिजावन, पूर्व मंत्री जुगल किशोर वाल्मीकि, वेद प्रकाश सैनी, प्रदीप यादव, योगेन्द्र यादव, नाजिम सैफी फुरकान अली, प्रेमबाबू बाल्मीकि, हिमांशु सैनी, राहुल यादव, गौरव




चौहान,जय कुमार प्रजापति, अशोक सैनी,नाग भारती,आशकार पाशा,सिद्धार्थ चौधरी, लुकमान खान,इलियास, सरदार पाल,बाल किशन शर्मा, नन्हें जाटव, महेंद्र पाल सिंह, मनोहरी सैनी, जुनैद अशरफी,वासु गुप्ता, तहजीब आलम, रशीद मलिक,अमीर अंसारी,गुल अहमद, संजीव दिवाकर,शरीफ सलमानी जिगरी मलिक आदि मुख्य थे।

# भाजपा ने प्रधानमंत्री के 11 साल की उपलब्धियों को किया प्रदर्शित

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकसित भारत, सेवा, सुशासन और प्रसार के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा ने उपस्थित जन समूह को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष के शासनकाल में विभिन्न वर्गों के लिए विकास कार्य किए गए हैं। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष आकाश पाल, कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विकसित भारत के लिए भाजपा की नीतियों और कार्यक्रमों को प्रदर्शित करना था। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल की उपलब्धियों की सराहना की और विक. सित भारत के लिए काम करने का संकल्प लिया गया इस दौरान ब्लॉक प्रमुख पति डॉ वीर सिंह सैनी जिला महामंत्री राजन बिश्नोई अभय प्रताप सिंह चौधरी हुकुम सिंह ठाकुरद्वारा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह डॉक्टर सुभाष सिंह गोपाल अग्रवाल भजनलाल पाल जिला उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह डॉक्टर ओमपाल सैनी विधानसभा मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार जिला सोशल मीडिया प्रभारी आदित्य मयूर भाटिया अनिरुद्ध चौहान गौरव चौहान आशुतोष अग्रवाल शिवेंद्र गुप्ता धर्मेंद्र कुमार पाल नागेंद्र लंबा हरपाल सिंह पवन शर्मा हरिओम सिंह चौहान पवन पुष्पद ग्राम इकराम कुरैशी नावेद सिद्दीकी हेमेंद्रप्रताप सिंह धर्मेंद्र, जिला पंचायत सदस्य आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय सचिव ग्राम पंचायत इस्लामनगर विकासखंड मुरादाबाद

पत्रांक मीमो ग्राम नीति/ग्रा0 पं0 /निविदा 2024 25 दिनांक 12/6/2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत इस्लामनगर विकासखंड मुरादाबाद की आयोजित बैठक 5/10/2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त 15 वित्त योजना अंतर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराए जाने हैं सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता 20/6/2025 को 12:30 तक अपनी अपनी निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छाया प्रती के साथ हैसियत प्रमाण पत्र सहित नियम अनुसार जमानत राशि के साथ एफ0डी0आर0 आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निवेदिताएं अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं निविदा स्वीकारित अस्वीकारित करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होता निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय मुख्यालय पर दिनांक 20/6/2025 की अपरान्ह 3:30 बजे खोली जाएगी

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | सामग्री की अनुमानित लगत (रु लाख में) | निविदा मूल्य | जमानत राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विजय सिंह से रवि के घर तक नाली एवं सीसी टाइल्स कार्य | ईंट, सीमेंट, बजरी, बालू, आदि | 100मी० | 189836 | 200 | 2% | 2 माह |
| 2 | मलखान से राजपाल के घर तक नाली एवं सीसी टाइल्स कार्य | ,, | 50मी० | 82292 | 200 | 2% | 2 माह |
| 3 | वीर सिंह के घर से बलबीर के घर तक नाली एवं सीसी टाइल्स कार्य | ,, | 100मी० | 195200 | 200 | 2% | 2 माह |
| 4 | मैन रोड से ऋषभ के घर तक नाली एवं सीसी टाइल्स कार्य | ,, | 100मी० | 201300 | 200 | 2% | 2 माह |
| 5 | प्रकाश से वीर सिंह के घर तक नाली एवं सीसी टाइल्स कार्य | ,, | 70मी० | 145800 | 200 | 2% | 2 माह |
| 6 | बबलू के घर से इरफान के घर तक नाली एवं सीसी टाइल्स कार्य | ,, | 90मी० | 165785 | 200 | 2% | 2 माह |
| 7 | रामावतार के घर से रामचंद्र के घर तक नाली सीसी टाइल्स कार्य | ,, | 100मी० | 198270 | 200 | 2% | 2 माह |
| 8 | रऊफ के घर से असीम के घर तक नाली सीसी टाइल्स कार्य | ,, | 120मी० | 226120 | 200 | 2% | 2 माह |

1. उपयुक्त कार्य के लिए पंजीकृत फॉर्म जीएसटी नंबर सहित निविदायक प्रपत्र देय होगा
2. इस निविदा को बिना बताए पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा मान्य नहीं होगा
3. आपूर्ति की जाने वाली सामग्री ईट, बजरी, बजरफुट, सीमेंट, रोड़ा, लोहा रेता आदि

सचिव/ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत इस्लामनगर
विकासखंड मुरादाबाद

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में 77वीं पेंशन अदालत आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मण्डलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में 77वीं पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। पूर्व आयोजित पेंशन अदालत में दिए गये निर्देशों का कई विभागों द्वारा अनुपालन न करने तथा पेंशनरों के प्रकरणों को लम्बित रखने पर मण्डलायुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि जिन-जिन विभागों द्वारा पेंशनर के प्रकरणों का निस्तारण नहीं किया जा रहा है, उन विभाग के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए कार्यवाही की जाये। श्री शमशाद अली सेवानिवृत्त लिपिक को पेंशन एवं ग्रेच्युटी का भुगतान न होने तथा हरज्ञान सिंह से0नि0 सहायक अध्यापक के प्रकरण में लापरवाही बरतने तथा बैठक में वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा मुरादाबाद के अनुपस्थित होने तथा प्रकरणों का निस्तारण न होने तक मण्डलायुक्त ने वेतन रोकने के निर्देश दिए। पेंशन अदालत में मुख्य चिकित्साधिकारी मुरादाबाद, जिला विद्यालय निरीक्षक संभल के बैठक में अनुपस्थित रहने पर मण्डलायुक्त ने चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पेंशनरों का कोई भी ड्यूज न रोका जाये, उन्हें उनके समस्त देयकों का भुगतान समय से सुनिश्चित किए जाये। मण्डलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेंशनरों की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करें। उन्होंने अपर निदेशक पेंशन को भी निर्देशित किया कि बीच में भी संबंधित विभागों से फोन कर पेंशनर के प्रकरण के निस्तारण हेतु वार्ता की जाये। उन्होंने कहा कि आगामी बैठक में संबंधित अधिकारी/अधीनस्थ प्रकरण की पूर्ण जानकारी के साथ उपस्थित हों। पेंशन अदालत में श्री भोपाल सिंह तोमर से0नि0 सहायक विकास अधिकारी अमरोहा के प्रकरण को 15 दिन में निस्तारण करने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी अमरोहा को दिए। लक्ष्मी जाटव से0 नि0 मुख्य सेविका के नकदीकरण का भुगतान नहीं होने पर कड़ी फटकार लगाते हुए दो दिन में भुगतान करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय मुरादाबाद से से0नि0 अनीता शर्मा, निर्मल कुमार, प्रभा अग्रवाल के प्रकरण लम्बित रहने तथा बैठक में उपस्थित श्री हरि बाबू को प्रकरणों की पूर्ण जानकारी नहीं होने पर उन्हें प्रतिकूल प्रविष्टि जारी की है। बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन प्रथम श्री सर्वेश कुमार गुप्ता, अपर निदेशक कोषागार, मुख्य कोषाधिकारी मुरादाबाद, जिला पंचायत राज अधिकारी अमरोहा, जिला कार्यक्रम अधिकारी संभल, सहित अन्य विभागों के संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## विमान हादसे में मृत व्यक्तियों के लिए की शोक संवेदना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** कुंदरकी ब्लाक सभागार में स्थित शहीद स्मारक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे की घटना मे मृत व्यक्तियों के लिए मोमबत्ती जलाकर शोक संवेदना व्यक्ति की तथा ईश्वर से प्रार्थना की की शोकाकुल परिवारों को यह असहनीय कष्ट सहने की शक्ति प्रदान करें एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य की कामना की शोक संवे. दना में मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप, मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर, मंडल महामंत्री संजय दिवाकर, मंडल उपाध्यक्ष हाजी मजलूम पाशा, मंडल उपाध्यक्ष देव सिंह सैनी, आकाश कुमार शर्मा ,रवि पाल, प्रेमपाल सिंह, सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।

# शादी समारोह में शामिल होने आए युवक की हादसे में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** मुरादाबाद टिहरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर थाने से एक किमी की दूरी पर सड़क किनारे खड़े युवक को बाइक चालक टक्कर मारकर भाग गया। उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई।घ्पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। बुधवार की रात को रामपुर के थाना टांडा के गांव रामनगर लतीफपुर निवासी मौहम्मद उमर के बेटे मौहम्मद नदीम और वसीम रिश्तेदार की शादी समारोह में भोजपुर गणेशपुर के बीच में स्थित मैरिज हाल में दावत खाने आये थे। गर्मी से राहत पाने के लिए वसीम मैरिज हाल से



बाहर निकल कर रोड के किनारे खड़ा हो गया। अचानक गणेशपुर देवी दिशा से तेज गति से आ रहा प्लेटिना बाइक चालक टक्कर मारकर फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने दुर्घटना करके मौके से भागी बाइक का फोटो खींच लिया। मौहम्मद नदीम घायल भाई का उपचार कराने एंबुलेंस से सीएचसी भोजपुर, पीपलसाना के निजी अस्पताल, चकबेगमपुर में स्थित फोटोन अस्पताल ले गया। हालत गंभीर होने पर सभी चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। इस पर परिजन परिजन पाकबड़ा स्थित टीएमयू लेकर गए तब तक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों की सुपुर्दगी में दे दिया। पुलिस ने मृतक के भाई मौहम्मद नदीम की तहरीर पर बाइक के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। केस की विवेचना उप निरीक्षक राहुल गोयल कर रहे हैं।

# पंचायत भवन सभागार में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादाबाद।** जनपद मुरादाबाद में पंचायत भवन सभागार में यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड एवं आईसीएससी बोर्ड के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सबसे पहले लोक भवन सभागार लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ द्वारा मेधावी छात्र/ छात्राओं को 01 लाख रुपए का चेक, प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया जिसका सजीव प्रसारण पंचायत भवन सभागार में उपस्थित लोगों द्वारा देखा गया। तदोपरांत पंचायत भवन सभागार में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इसके बाद स्कूली बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने सभी छात्र/ छात्राओं को शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी छात्र अपने मार्ग पर मजबूती से चलते रहे, आपकी जो मंजिल है उसको हासिल करें। आपको अपने मार्ग पर निरन्तर चलते रहना है। जीवन के ऊतार-चढ़ाव पर आपकी दृढ़ इच्छाशक्ति बनी रहे। उन्होंने कहा कि सबसे जरूरी बात है कि अनुशासन के साथ सतत प्रवाहमान रहना। अभी आपकी शुरुआत है, उस रस्ते पर जिस पर लगातार चलने से आप ऐसी मंजिल पा सकते है, जिससे आप समाज के लिए बहुत कुछ कर सकते है। आपको रास्ते में आने वाली सभी चुनौतियों का डटकर मुकाबला करना है। आप अभी जिस मुकाम पर खड़े है, वहां से आपके लिए अनेक रस्ते खुलते है। आपकी नजर सदैव उस बात पर रहे, जो आपने अपने मन में ठाना है बनने के लिए, चाहे जिस भी दिशा में आपको जाना है, पूरी तन्मयता के साथ उस को पाने में लगे रहें। इस अवसर पर एमएलसी सतपाल सिंह सैनी ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी के कर-कमलों के द्वारा छात्र/छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर गौवान्वित किया गया।

उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में अद्भुत अकल्पनीय जो कार्य हुए है वह शिक्षा की गति को चारचांद लगा रहे है। हमारे देश के शिक्षा मंत्री जी के नेतृत्व में नई शिक्षा नीति के माध्यम से शिक्षा के विकास को गति मिली है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में 2014 के बाद से अब बहुत अच्छा सुधार हुआ तथा शिक्षा को और बेहतर बनाया जाये यही सरकार की मंशा है। जनपद स्तर पर टॉप 10 विद्यार्थियों में से 10-10 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिसमें हाईस्कूल के 02 विद्यार्थियों (ऋतु गर्ग डा0 देवेन्द्र पाल सरस्वती विद्या मन्दिर बिलारी ने 97.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट सूची में तृतीय स्थान व जनपद स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया, इरम फातिमा डा0 देवेन्द्र पाल सरस्वती विद्या मन्दिर बिलारी ने 96.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट सूची में दसवाँ स्थान व जनपद स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया) एवं इण्टरमीडिएट के 02 विद्याथियों मयंक सिंह चित्रगुप्त इण्टर कालेज मुरादाबाद ने 95.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट सूची में छठा स्थान व जनपद स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया, चाहत एम0एल0 एकेडमी सीनियर सेकेण्डरी अलीयाबाद करनपुर डिलारी मुरादाबाद ने 95.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट सूची में दसवॉ स्थान व जनपद स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया) को मा0 मुख्यमंत्री जी के कर-कमलों द्वारा प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में धनराशि रू0 1,00,000/-, टेबलेट,मेडल व प्रशस्ति पत्र से सम्मनित किया गया। जनपद स्तर पर सम्मानित होने वाले उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद के हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के 08-08 विद्यार्थियों को धनराशि रू0-21,000/, मेडल, टेबलेट एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। जनपद मुरादाबाद में खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर स्वर्ण पदक विजेता आशीष सिंह जी0के0 पब्लिक स्कूल विवेक विहार मुरादाबाद (ताईक्वांडो), गुरबख्श सिंह, एच0के0एस0इण्टर कॉलेज उस्मानपुर मुरादाबाद (भारोत्तोलन) को मा0 मुख्यमंत्री जी के कर-कमलों द्वारा धनराशि रू0 75,000/- व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा राष्ट्रीय स्तर कांस्य पदक विजेता शिवानी पाल एस0बी0 पब्लिक स्कूल गोविन्दनगर, मुरादाबाद (ताईक्वांडो) को धनराशि रू0 30000/- व सलोनी, कस्तूरबा गांधी आवासीय बा0वि0 मूढ़ापाण्डे, मुरादाबाद (हॉकी टीम) धनराशि रू0 15,000/- प्रशस्ति पत्र प्रदान कर जनपद स्तर पर सम्मानित किया गया। जनपद में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने हेतु आयोजित 'मेधावी छात्र सम्मान समारोह' को सफलतापूर्वक संपन्न कराते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाऍ जिला विद्यालय निरीक्षक मुरादाबाद द्वारा दी गयी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, ए0डी0 बेसिक बुद्धप्रिय सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डा0 देवेन्द्र पाण्डेय एवं संबंधित अधिकारी सहित छात्र/छात्राएं एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहें।

## एक नजर

### ऑक्सीजन मैन शानू वारसी हर व्यक्ति की मदद के लिए तत्पर

**चन्दौसी।** समाजसेवी शानू वारसी को यूं ही नहीं ऑक्सीजन मैन कहा जाता, हर वर्ग का जुड़ाव उनकी ओर है। लोग समाजसेवी शानू वारसी ने



कोरोना के समय अनेक कोरोना के समय अनेक मरीजों की मदद की और लोगों को ऑक्सीजन उपलब्ध कराई। कोरोनाकाल में शानू वारसी के यहां ऑक्सीजन को लेकर लोगों की लाइन लग जाती थी। समाजसेवा का जज्बा यहां तक सीमित नहीं था अपितु किसी भी धर्म का जरुरतमंद व्यक्ति यदि शानू वारसी के यहां पहुंच जाता है तो उसकी हर संभव मदद की जाती है। समाजसेवी द्वारा ईद या अन्य त्यौहारों पर जरुरतमंद लोगों के यहां राशन मुहैया कराकर मदद की जाती है।

### घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट, तीन घायल

**कांठ।** कुछ युवकों ने घर में घुसकर गाली गलौज और मारपीट कर दी जिसमें तीन युवक घायल हो गए एक को मुरादाबाद के लिए रेफर किया गया है। घटना आज सुबह लगभग 08:30 की है पवन सिंह पुत्र लाल सहाय का कहना है कि वह अपने घर पर बैठा था और घर पर ही पास के ललित पुत्र विनय कुमार व उसका पुत्र सुमित, भतीजा वरुण बैठे थे।

तभी उधम सिंह ज्ञानवीर सिंह दिनेश कुमार पुत्रगण चंद्रपाल सिंह सिंह युवांक उर्फ प्रिंस पुत्र विनेश कुमार दीपांशु पुत्र उधम सिंह लाठी डंडे व धारदार हथियार लेकर घर में घुस गए और गंदी-गंदी गालियां देने लगे पवन ने इसका विरोध किया तो इन्होंने सुमित व ललित और वरुण को बुरी तरह मारा पीटा जिसमें यह तीनों घायल हो गए शोर सुनकर काफी लोग इकट्ठे हो गए जिनके आने पर यह लोग चले गए पीडित थाने पहुंचा और हमलावरों के खिलाफ तैयारी दी। पीड़ित ने बताया कि इस मारपीट में वरुण को काफी चोटे आई जिसे सरकारी अस्पताल से मुरादाबाद के लिए रेफर किया गया है।

### तहसील बार में मतदान और मतगणना संपन्न, बराबर वोट मिलने से अध्यक्ष पद की नहीं हो सकी घोषणा



**कांठ।** तहसील बार कार्यकारिणी के लिए किए गए मतदान की मतगणना आज संपन्न हो गई अध्यक्ष को छोड़कर बाकी पदों पर प्रत्याशियों को विजयी घोषित कर दिया गया।

लेकिन अध्यक्ष पद पर बराबर बराबर वोट आने से मामला अटक गया इसे लेकर हंगामा भी हुआ बाद में बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश से मशवरा करने के बाद अध्यक्ष की घोषणा किए जाने पर सभी सहमत हो गए। तहसील बार कांठ के लिए आज सुबह 10:00 बजे से 2:00 बजे तक मतदान हुआ इसके 1 घंटे के ब्रेक के बाद लगभग 3:30 बजे मतगणना शुरू हुई पहला परिणाम कोषाध्यक्ष के लिए आया जिसमें भू प्रकाश ने करतार सिंह को 8 मतों से हराकर जीत हासिल की वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए हरपाल सिंह को 61 और शीशराम सिंह को 49 वोट मिले एक वोटिंग कैंसिल हुआ जिससे हरपाल सिंह 12 मतों से विजयी घोषित कर दिए गए। महासचिव के लिए दीपक बिश्नोई को 93 और सुनील प्रजापति को 16 मत मिले दो मत कैंसिल होने पर दीपक बिश्नोई 77 मतों से विजयी घोषित किए गए आखिर में अध्यक्ष पद के लिए मतगणना शुरू हुई जिसमें प्रदीप कुमार और प्रमोद शर्मा को 55-55 मत प्राप्त हुए एक मत के कैंसिलेशन पर निर्णय न होने के कारण इसकी घोषणा नहीं की गई। इस बात को लेकर वकीलों के दोनों पक्षों ने हंगामा भी किया बाद में चुनाव कमेटी द्वारा बार काउंसिल से सलाह करने के उपरांत घोषणा किए जाने की बात पर अधिवक्ताओं को सहमत कर लिया कुल मिलाकर मतदान और मतगणना शांतिपूर्वक संपन्न हो गई।

### स्मार्ट मीटर पड़ा उपभोक्ता की जेब पर भारी पुराना मीटर लगवाने की एसडीएम से की मांग

**कांठ।** स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की जेब पर भारी पड़ रहे हैं ज्यादा रीडिंग देना और ज्यादा लोड दिखाना इनके लिए आम बात हो गई है जिससे उपभोक्ता परेशान है एक गणमान्य उपभोक्ता ने आज एसडीएम से शिकायत कर स्मार्ट मीटर हटाकर पुराना मीटर लगवाए जाने की मांग की है। जनता नर्सिंग होम एवं क्लीनिक पर स्मार्ट मीटर लगा है उक्त स्मार्ट मीटर से अधिक



रीडिंग निकल रही है जिससे 26500 /- रूपये का बिल आया है जो कि बहुत अधिक है जबकि पूर्व मे पुराने मीटर से लगभग 3 से 4 हजार का बिल आता था। उपभोक्ता का इतना लोड नही है जितना स्मार्ट मीटर दिखा रहा है अनेक बार शिकायत करने के बाद भी कोई ध्यान विद्युत विभाग द्वारा नही दिया जा रहा है जिस कारण सामा. जिक महिला होने के नाते उपभोक्ता काफी परेशान है। इस मामले में बिल किश जहां पत्नी डॉक्टर मोहम्मद यूसुफ ने एसडीएम को आज पत्र दिया है जिसमें.पुराना मीटर लगाने एवं स्मार्ट मीटर को हटवाने की मांग की है।

# ट्रेन से कटकर युवक की हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव भूड़मरेशी के पास से गुजर रही रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आकर एक ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना के बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। जीआरपी और स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने की तैयारी शुरू कर दी। इस बीच परिवार के लोगों ने पोस्टमार्टम करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर परिवार को सौंप दिया। ग्रामीण की मौत से सभी का रो रो शकर बुरा हाल है। भूड़ मरेशी गांव निवासी 25 वर्षीय राजीव पुत्र मोहर सिंह जोकि चार भाइयों में दूसरे नंबर का है। बीती रात रेलवे लाइन के पास वह ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस बल मौके पर पहुंच गया, जीआरपी पुलिस भी मौके पर पहुंची। दरोगा विनय कुमार सिंह ने शव का पंचनामा भरा।

परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। सभी का रो रोकर बुरा हाल हो गया। बिना किसी कार्रवाई के पंचनामा भरवाकर परिवार के लोग घर ले गए। मृतक के डेढ़ माह का बेटा भी है।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र विक्रम को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति व सामाजिक रिश्तों से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में विक्रम के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।
**महेश कुमार पुत्र नन्हू सिंह निवासी: 217, संभल रोड, नोसना शेखुपुर उर्फ मिलक नवाब थाना मैनाठेर, तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र **आकाश**, पुत्रवधू **श्रीमति तारा व** पौत्र **अर्नब उर्फ कायरव** को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।
**सूरज पुत्र रामफल निवासी दक्षिणी बाजार सम्भल रोड बहजोई देहात, जिला सम्भल।**

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र **अताउर्रहमान** को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में **अताउर्रहमान** के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमें बाजी इत्यादि के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। शमशुल कमर पुत्र श्री मोहम्मद निवासी हरथला सोनकपुर प्रथमा बैंक के पीछे, कांठ रोड, थाना सिविल लाईस, जिला मुरादाबाद।

# नगर में अतिक्रमण रोकने के लिए बनाई जाएगी पीली पट्टी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर में स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण रोकने के लिए पालिका द्वारा अभियान चलेगा। कमिश्नर मुरादाबाद के आदेश के बाद में पालिका अध्यक्ष ने निर्णय लिया है कि नगर से स्थाई व स्थाई अतिक्रमण हटाया जाएगा। पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव व अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह ने बताया कि कमिश्नर मुरादाबाद के आदेश के बाद अब नगर में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलेगा। जिसके चलते स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण को हटाया जाएगा। उससे पहले नगर पालिका एक पीली पट्टी हर स्थान पर लगाएगी। उसके बाहर अतिक्रमण



करने वालों पर कार्यवाही की जाएगी। जल्द ही पीली पट्टी लगाने का कार्य पालिका द्वारा कराया जाएगा। इसके बाहर सामान रखने वालों पर कार्यवाही होगी जुर्माना भी वसूला जाएगा।।

# भक्त ध्रुव व राजा परीक्षित की कथा सुन श्रद्धालु मंत्रमुग्ध

**ठाकुरद्वारा।** जसपुर मार्ग स्थित फैजुल्लागंज के खोखरा ताल पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन सीतापुर से आए कथा वाचक बलराम शास्त्री ने श्रोताओं को भक्त ध्रुव व सुखदेव व राजा परीक्षित का प्रसंग सुनाया। इस प्रसंग में उन्होंने बताया कि कैसे राजा परीक्षित ने श्रृंगी ऋषि के शाप के कारण अनशन व्रत किया था और कैसे श्री सुखदेव जी ने उन्हें 7 दिनों तक भागवत की कथा सुनाई थी। उन्होंने भगवान विष्णु के नाभि से कमल और कमल से ब्रह्मा जी की सृष्टि की कहानी भी सुनाई। साथ ही उन्होंने भक्त ध्रुव के भक्ति मार्ग का विस्तार से वर्णन किया। प्रसंग को सुनकर श्रोतागण भाव विभोर हो गए और जय-जय कार करने लगे। कार्यक्रम में उदयवीर सिंह, महिपाल सिंह, अशोक कुमार ,गौरव सैनी, बबलू, रविंद्र कुमार ,कीर्ति देवी, विमला देवी, ब्रह्मा देवी, साधना देवी ,दीक्षा देवी, प्रियंका ,शिव मंदिर के महंत दिनेश गिरी महाराज विनीत भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

**बेदखली सूचना**

हमने अपनी पुत्री मनुकुमारी को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति व सामाजिक रिश्तों से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मनुकुमारी के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **तेजपाल सिंह पुत्र बलवंत सिंह व श्रीमति गीता पत्नी श्री तेजपाल सिंह निवासी गण वराही लालपुर थाना भगतपुर, जिला मुरादाबाद**

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र **नमित कुमार पुत्र सुरेश** को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में नमित कुमार के द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **श्रीमति जूली पत्नी सुरेश निवासी रामगंगा विहार मकान संख्या घ-58 E.W.S. तहसील व जिला मुरादाबाद।**

# दादा मियां के उर्स का विधायक ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**बिलारी।** क्षेत्र के ग्राम स्योंडारा स्थित हजरत बाबा सदरूद्दीन रहमतुल्ला अलेह उर्फ दादा मियां के 29 वे उर्स का बुधवार की देर रात विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उर्स के उद्घाटन के बाद सभी अकीदतमंदों ने चादरपोशी कर मुल्क और कौम की तरक्की, खुशहाली और अमनो अमान के लिए दुआएं भी की । दादा मियां के उर्स के मुबारक मौके पर हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल देखने को मिला जहां मुस्लिम भाइयों के साथ हिंदू भाइयों ने भी चादरपोशी कर एकता की मिसाल कायम की। उर्स मुबारक के मौके कव्वाल फरीद चिश्ती कव्वाल, जोया वारसी कव्वाल ने कव्वाली सुनाई। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन कपिल राज , सुमित यादव , डॉ विजय यादव, अवधेश यादव, जगमोहन सिंह



प्रधान, प्रिंस यादव, आसिफ शादाब उर्फ बंटी, हाफिज शमसुद्दीन, हमशाद खान, यामीन सैफी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादाबाद।** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्धारित थीम ष्योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थष के अंतर्गत क्रीडा विभाग द्वारा महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे लगभग 20 छात्राओं ने प्रतिभाग किया । प्राचार्या प्रो चारु मेहरोत्रा ने अपने संदेश में कहा कि योग एक प्राचीन विद्या है जिसकी उत्पत्ति भारत में हजारों वर्ष पहले हुई थी।

इसमें शारीरिक आसन (आसन), श्वास अभ्यास (प्राणायाम), ध्यान और नैतिक सिद्धांत शामिल हैं। योग का अभ्यास मन, शरीर और आत्मा को एकीकृत करके समग्र कल्याण को बढ़ावा देता है।वर्तमान में योग को शारीरिक, मान. सिक व आत्मिक स्वास्थ्य व शांति के लिए बड़े पैमाने पर अपनाया जाता है। 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रत्येक वर्ष 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में मान्यता दी, और



21 जून 2015 को प्रथम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। प्रथम बार विश्व योग दिवस के अवसर पर 192 देशों में योग का आयोजन किया गया जिसमें 47 मुस्लिम देश भी शामिल थे। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन क्रीडा विभाग प्रभारी श्रीमति शिवानी गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में डॉ सविता अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में प्रो किरन साहू, प्रो मीनाक्षी शर्मा, प्रो किरण त्रिपाठी,डॉ रेनू शर्मा, एवं महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं।

# आईपीएल विक्ट्री सेलिब्रेशन पर गाइडलाइन लाएगा बीसीसीआई

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) जल्द ही आईपीएल में विक्ट्री सेलिब्रेशन पर गाइडलाइन लाने वाला है। 4 जून को बेंगलुरु में आरसीबी के आईपीएल विक्ट्री सेलिब्रेशन में 11 लोगों की मौत हो गई थी, इस कारण अब बीसीसीआई पर गाइडलाइन बनाने का दबाव भी है। दूसरी ओर, आरसीबी के मार्केटिंग और रेवेन्यू हेड निखिल सोसाले को कर्नाटक हाईकोर्ट ने जमानत दे दी। हालांकि, उन्हें अपना पासपोर्ट पुलिस के पास जमा कराना होगा।

सोसाले को सेंट्रल क्राइम ब्रांच ने 6 जून को एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था। 14 जून को मीटिंग आईपीएल टीमों के विक्ट्री सेलिब्रेशन पर गाइडलाइन के लिए बीसीसीआई 14 जून को एपेक्स काउंसिल की मीटिंग करने वाला है। इस ऑनलाइन मीटिंग में भारत की घरेलू सीरीज पर भी चर्चा होगी। एक रिपोर्ट अनुसार, बीसीसीआई ट्रॉफी सेलिब्रेशन के नए तरीकों पर विचार करने वाला है। ताकि भगदड़ जैसे हादसे भी न हो और गेम स्पिरिट भी बनी रहे। बीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने भी कहा था कि बोर्ड सभी टीमों के लिए ऑफिशियल गाइडलाइन जारी करेगा। बेंगलुरु में आरसीबी के विक्ट्री सेलिब्रेशन के दौरान करीब 3 लाख सड़कों पर पहुंच गए थे। तस्वीर विधान सभा के बाहर की है, जहां ब्ड सिद्धारमैया ने विनिंग टीम का सम्मान किया था। न्यूजीलैंड सीरीज की तारीखें भी तय होंगी बीसीसीआई की मीटिंग में ही 2026 की न्यूजीलैंड सीरीज के मैचों पर भी फैसला लिया जाएगा। कीवी टीम अगले साल टी-20 वर्ल्ड कप से पहले भारत में 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज भी खेलेगी। श्रीलंका और भारत की मेजबानी में होने वाला आईसीसी टूर्नामेंट अगले साल फरवरी और मार्च में खेला जाएगा। पिछले साल की तरह 2025 में भी घरेलू सीजन सितंबर में दिलीप ट्रॉफी के साथ शुरू होगा। इस बार भी दिलीप ट्रॉफी टूर्नामेंट इंटर जोनल ही होगा।

● 14 जून को होगी मीटिंग आरसीबी के मार्केटिंग हेड निखिल सोसाले को बेंगलुरु भगदड़ केस में मिली कर्नाटक हाईकोर्ट से जमानत

आरसीबी के मार्केटिंग हेड को जमानत मिली, बेंगलुरु भगदड़ केस में आरसीबी के मार्केटिंग हेड निखिल सोसाले को गिरफ्तार किया गया था। जिसके बाद उन्होंने अपनी जमानत याचिका दायर की, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। हालांकि, उन्हें अपना पासपोर्ट सरेंडर करने के लिए कहा गया। सोसाले के साथ डीएनए एंटरटेनमेंट के सीनियर इवेंट मैनेजर किरण कुमार और वाइस प्रेसिडेंट सुनील मैथ्यू को भी 6 जून को गिरफ्तार किया गया था। इन्हें भी जमानत मिल गई। सोसाले के वकील ने कर्नाटक हाई कोर्ट में गिरफ्तारी के तरीके पर आपत्ति जताई थी। कोर्ट ने दलीलें सुनने के बाद गुरुवार (12 जून) को तीनों कर्मचारियों को जमानत दे दी। चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ के दौरान पुलिसकर्मी घायलों को कंधे पर उठाकर हास्पिटल ले गए थे। चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची थी भगदड़ 3 जून को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को आईपीएल फाइनल में 6 रन से हराया। टीम ने 18 सीजन में पहली बार खिताब जीता, जिसकी खुशी में अगले दिन ही होमग्राउंड बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में विक्ट्री सेलिब्रेशन किया। आरसीबी टीम के सभी सदस्य जब विधानसभा में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से मुलाकात कर रहे थे, उसी दौरान स्टेडियम के बाहर भगदड़ मच गई। जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई, वहीं 33 से ज्यादा लोग घायल हुए। हादसे के बाद कर्नाटक हाईकोर्ट ने मुकदमे की जांच शुरू करवाई। जांच जारी है।

## कुलदीप हांडू डोपिंग रोधी अनुशासन पैनल के सदस्य नियुक्त

**जम्मू, वार्ता।** जम्मू कश्मीर के एकमात्र द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कुलदीप हांडू को डोपिंग रोधी अनुशासन पैनल का सदस्य बनाया गया है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा जारी आदेश के अनुसार, कुलदीप हांडू को डोपिंग रोधी नियम, 2021 के तहत दो साल की अवधि या राष्ट्रीय डोपिंग रोधी अधिनियम 2022 के लागू होने तक, जो भी पहले हो, डोपिंग रोधी अनुशासन पैनल (एडीडीपी) के खेल सदस्य के रूप में मंजूरी दी गई है।

हांडू ने कहा कि नाडा के एडीडीपी पैनल का सदस्य बनना मेरे लिए सम्मान की बात है और मुझे इसका सौभाग्य मिला है। उन्होंने कहा कि नौकरी के अलावा मैं खिलाड़ियों को वाडा के नियमों से अवगत कराने की पूरी कोशिश करूंगा और यह अवसर देने के लिए मैं युवा मामले और खेल मंत्रालय और नाडा का आभार व्यक्त करता हूं। पूर्व अंतर्राष्ट्रीय वुशु खिलाड़ी हांडू वर्तमान में भारतीय वुशु टीम के राष्ट्रीय मुख्य कोच हैं। जम्मू-कश्मीर में पुलिस उपाधीक्षक के पद पर कार्यरत हांडू विभाग में खेल अधिकारी के पद पर तैनात हैं।

# हर गेंद पर चुनौती पेश करें: गंभीर



● खिलाड़ियों से खुद को सहज स्थिति से बाहर निकलने और इंग्लैंड दौरे को यादगार बनाने के लिए कहा

**लंदन, वार्ता।** भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए कमर कस ली है। भारतीय टीम इस दौरे पर शुभमन गिल की कप्तानी में खेलने उतरेगी। इस महत्वपूर्ण सीरीज से पहले भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर और गिल ने अपनी राय रखी है। गंभीर ने खिलाड़ियों से खुद को सहज स्थिति से बाहर निकलने और इंग्लैंड दौरे को यादगार बनाने के लिए कहा है। भारत इस सीरीज में विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना खेलने उतरेगा। भारत ने 2007 के बाद इंग्लैंड की जमीन पर कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती है। भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा। गंभीर ने कहा कि गिल की कप्तानी में टीम में कुछ विशेष हासिल करने के लिए जुनून और प्रतिबद्धता है। गंभीर ने बीसीसीआई डाट टीवी से अश्विन, रोहित और कोहली के हाल ही में संन्यास का जिक्र करते हुए कहा, इस दौरे को देखने के दो तरीके हैं। एक तो यह कि हम अपने तीन सबसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना हैं या हमें देश के लिए कुछ खास करने का यह अभूतपूर्व अवसर मिला है। जब मैं इस टीम को देखता हूं तो मुझे कुछ खास करने की भूख, जुनून और प्रतिबद्धता दिखती है। अगर हम त्याग करते हैं, अगर हम अपनी सहज स्थिति से बाहर आते हैं, अगर हम हर दिन नहीं बल्कि हर सत्र, हर घंटे और हर गेंद पर चुनौती पेश करना शुरू करते हैं तो मुझे लगता है कि हम इसे एक यादगार दौरा बना सकते हैं। गंभीर ने इंग्लैंड दौरे पर पूरी टीम का स्वागत किया और बी साई सुदर्शन से शुरुआत करते हुए कुछ सदस्यों की विशेष सराहना की। उन्होंने कहा, पहली बार टेस्ट टीम में बुलाया जाना हमेशा खास होता है इसलिए मैं साई का स्वागत करना चाहता हूं जिनके लिए बल्ले से तीन महीने शानदार रहे हैं और सुनिश्चित कीजिए कि आपका लाल गेंद का करियर बेहद सफल हो। मैं अर्शदीप सिंह का स्वागत करना चाहता हूं। आपने सफेद गेंद से शानदार प्रदर्शन किया है और मुझे यकीन है कि आप लाल गेंद से भी अपना जलवा बिखेरेंगे। भारतीय कोच ने गिल और उपकप्तान ऋषभ पंत की पीठ भी थपथपाई। गंभीर ने कहा कि मैं शुभमन को भी बधाई देना चाहता हूं जो पहली बार कप्तानी कर रहे हैं। अपने देश की टेस्ट टीम का नेतृत्व करने से बड़ा कोई सम्मान नहीं है। बधाई हो। ऋषभ पंत को भी जो अब नेतृत्व समूह का हिस्सा हैं। गंभीर ने करुण नायर की भी तारीफ की जिन्होंने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम में वापसी की। भारतीय कोच ने कहा, वापसी कभी आसान नहीं होती, जिसने सात साल बाद वापसी की हो, उसका पिछला साल शानदार रहा। कप्तान गिल ने अपने साथियों से खुद को थोड़ा दबाव में रखने का आग्रह किया जिससे कि सीरीज शुरू होने पर वे परिस्थितियों से प्रभावित नहीं हों। गिल ने कहा, आइए प्रत्येक नेट सत्र को सार्थक बनाएं। आइए खुद को थोड़ा दबाव में रखें। जब हम मैदान पर उतरते हैं तो इसका मतलब सिर्फ मैदान पर जाकर टिके रहना नहीं होता, आइए हम अपने खेल का पता लगाएं, जब हम पर दबाव डाला जाएगा तो हम कैसे खेलेंगे, चाहे वह गेंदबाज हो या बल्लेबाज।

# रिकी पोंटिंग ने की ब्यू वेबस्टर की तारीफ

**लंदन, वार्ता।** आईसीसी हॉल ऑफ फेम रिकी पोंटिंग ने ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर की प्रशंसा की है, जिन्होंने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मैच के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी को निखारने में अहम भूमिका निभायी। पोंटिंग ने कहा कि वह (वेबस्टर) पूरी तरह से तैयार लग रहे थे और 'तैयार' बिल्कुल वही शब्द है जो वेबस्टर ने अपने सीमित टेस्ट करियर में अब तक करके दिखाया है।

दवाब में वेबस्टर की पारी उनके महत्व को दर्शाती है। ऑस्ट्रेलिया के इस दिग्गज ऑलराउंडर ने इस साल की शुरुआत में भारत के खिलाफ सिडनी में निर्णायक टेस्ट में अपना टेस्ट डेब्यू किया था, जिसमें उन्होंने अपनी पहली पारी में 57 रन बनाए थे। वे उस समय क्रीज पर आए थे जब उनकी टीम का स्कोर चार विकेट पर 39 रन था, और टीम अभी भी 146 रन पीछे थी और पहली पारी में बड़ी कमी का सामना कर रही थी। इस पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 181 रन बनाए, जिससे मेजबान टीम को भारतीयों पर रोमांचक जीत हासिल करने का मौका मिला। लॉर्ड्स में खेले गए अंतिम टेस्ट की चमकीली रोशनी में वेबस्टर ने फिर से ऐसा किया। अपने चौथे टेस्ट में, 31 वर्षीय खिलाड़ी ने शुरुआती मुश्किल दौर से निपटते हुए 92 गेंदों पर 72 रन बनाए, ऑस्ट्रेलिया के लिए शीर्ष स्कोरर रहे और सुनिश्चित किया कि उनकी टीम विश्व स्तरीय गेंदबाजी के खिलाफ मुश्किल पिच पर 212 रनों का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाए। इस प्रदर्शन की काफी प्रशंसा हुई है। रिकी पोंटिंग ने ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के बाद आईसीसी डिजिटल से कहा कि आप उन 70 रनों को हटा दें, तो स्कोरकार्ड बिल्कुल अलग दिखता है। मुझे लगता है कि यह इस बात को दर्शाता है कि वह अभी अपने खेल में कितना सहज है और ऑस्ट्रेलियाई मध्य क्रम में होने के बावजूद भी वह कितना सहज है। आज मुझे जो बात पसंद आई, वह यह थी कि ऑस्ट्रेलिया थोड़ी परेशानी में थी, विकेट गिर रहे थे। ऐसे में वेबस्टर ने मैदान पर जाकर अपनी स्वाभाविक खेल शैली को बनाए रखा। जिस तरह से वह खेलना चाहता था, उसने आक्रामक होने की कोशिश की और दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों पर दबाव बनाने की कोशिश की।

# ऑस्ट्रेलिया-दक्षिण अफ्रीका ने बनाया अनचाहा रिकॉर्ड

● विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 फाइनल के पहले दिन लार्ड्स में तेज गेंदबाजों का बोलबाला रहा



**लंदन, वार्ता।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 फाइनल के पहले दिन लार्ड्स में तेज गेंदबाजों का बोलबाला रहा। कगिसो रबाडा (51 रन पर पांच विकेट) और मार्को यानसेन (49 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया को 212 रन पर समेटने के बाद दक्षिण अफ्रीका की भी शुरुआत खराब रही और उसने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 43 रन पर चार विकेट गंवा दिए हैं।

मिचेल स्टार्क (10 रन पर दो विकेट) ने दोनों सलामी बल्लेबाजों एडेन मार्करम (00) और रेयान रिकेल्टन (16) को जल्दी पवेलियन भेजकर ऑस्ट्रेलिया को अच्छी शुरुआत दिलाई। कप्तान पैट कमिंस (14 रन पर एक विकेट) और जोश हेजलवुड (10 रन पर एक विकेट) ने भी एक-एक विकेट चटकाया। पहले दिन ही एक ऐसा अनचाहा रिकॉर्ड बना जो इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट के 145 साल के इतिहास में नहीं बना था। दरअसल, इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट 1880 से खेला जा रहा है। तब से इस फाइनल से पहले तक इस देश में 561 टेस्ट हुए, लेकिन कभी यह रिकॉर्ड नहीं बना। अब फाइनल में पहली बार ऐसा हुआ है कि इंग्लैंड में किसी टेस्ट में दोनों टीमों का पहले नंबर का बल्लेबाज (पहली गेंद पर स्ट्राइक लेने वाला बल्लेबाज) अपनी-अपनी पहली पारी में खाता नहीं खोल सका हो। बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा शून्य पर आउट हुए थे। उन्हें रबाडा ने पवेलियन भेजा था। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी में एडेन मार्करम भी खाता नहीं खोल पाए। यह अनचाहा रिकॉर्ड इंग्लैंड में 145 साल के टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार बना। ओवरआल (सभी देशों को मिलाकर) ऐसा 10वीं बार हुआ है। पहले दिन का खेल खत्म होने पर दक्षिण अफ्रीका के डेविड बेडिंघम आठ, जबकि कप्तान तेम्बा बावुमा तीन रन बनाकर खेल रहे थे। दक्षिण अफ्रीका की टीम अब भी ऑस्ट्रेलिया से 169 रन से पीछे है। ऑस्ट्रेलिया को इससे पहले ब्यू वेबस्टर (72 रन, 92 गेंद, 11 चौके) और स्टीव स्मिथ (66 रन, 112 गेंद, 10 चौके) ने पांचवें विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी करके उस समय मुश्किल से उबारा जब टीम 67 रन पर चार विकेट गंवा चुकी थी। इन दोनों के अलावा एलेक्स कैरी (23) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए।

वेबस्टर और कैरी ने छठे विकेट के लिए 46 रन की साझेदारी भी की। दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत भी खराब रही। टीम ने पहले ओवर में ही मार्करम (00) का विकेट गंवा दिया जो मिचेल स्टार्क की गेंद पर बोल्ड हुए। वियान मुल्डर को एक रन के निजी स्कोर पर स्टार्क की गेंद पर कैरी ने जीवनदान दिया। सलामी बल्लेबाज रियान रिकेल्टन (16) ने स्टार्क और हेजलवुड पर चौके मारे। वह हालांकि स्टार्क की गेंद पर पहली स्लिप में उस्मान ख्वाजा को कैच दे बैठे। मुल्डर ने 44 गेंद में छह रन बनाने के दौरान काफी संघर्ष किया और फिर ऑस्ट्रेलिया के कप्तान कमिंस की गेंद पर बोल्ड हो गए।

# एफआईएच हॉकी प्रो लीग में भारत को अर्जेंटीना से मिली नजदीकी हार

**एम्स्टेलवीन, वार्ता।** एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 में शानदार प्रदर्शन करने के बावजूद भारतीय टीम को अर्जेंटीना के खिलाफ 3-4 से करीबी हार का सामना करना पड़ा। नीदरलैंड के वैगनर हॉकी स्टेडियम में भारत के लिए हरमनप्रीत सिंह (12', 33') ने दो गोल किए, जबकि अभिषेक (42') ने तीसरा गोल किया।

अर्जेंटीना के लिए बुधवार रात को मटियास रे (3'), लुकास मार्टिनेज (17'), सैंटियागो तराज़ोना (34') और लुसियो मेंडेज़ (46') ने गोल किए। अर्जेंटीना ने भारत से पहले ही बढ़त बना ली थी जब शुरुआती दबाव का फायदा मटियास रे (3') ने उठाया और अर्जेंटीना की टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद, भारतीयों ने दबाव को झेलते हुए आक्रमण करना शुरू कर दिया। भारत ने बराबरी के लिए लगातार प्रयास जारी रखा और ब्रेक से ठीक पहले, हरमनप्रीत (12') ने गोल करके क्वार्टर को 1-1 से बराबरी पर समाप्त किया। भारतीय टीम दूसरे क्वार्टर में गति बनाने की कोशिश कर रही थी, लेकिन अर्जेंटीना के मार्टिनेज (17') ने शुरुआती गोल करके भारत को कुछ दबाव में ला दिया। हालांकि, भारत ने वापसी की और दूसरे बराबरी के लिए प्रयास किया। लेकिन अर्जेंटीना भारत के आक्रमण के बावजूद अपनी पकड़ बनाए रखने में सफल रहा और हाफ टाइम तक बढ़त के साथ आगे बढ़ा। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में, मनदीप सिंह ने भारत के लिए पेनल्टी स्ट्रोक अर्जित किया और कप्तान हरमनप्रीत सिंह (33') ने आगे बढ़कर इसे निचले कोने में पहुंचा दिया। भारत अर्जेंटीना के साथ फिर से बराबरी पर आ गया। हालांकि, एक मिनट के भीतर अर्जेंटीना ने सैंटियागो तराज़ोना (34') के गोल के साथ अपना तीसरा गोल दागा। इसके बाद से भारत ने अपने खेल को और बेहतर करना शुरू कर दिया और अर्जेंटीना को अपने ही हाफ में वापस धकेल दिया। लगातार दबाव का अंतत: फायदा मिला और क्वार्टर खत्म होने से ठीक पहले अभिषेक (42') ने गोल करके स्कोर 3-3 कर दिया। अंतिम क्वार्टर की शुरुआत भी तेज रही। अर्जेंटीना ने भारत के डिफेंस को भेदने का प्रयास किया और लुसियो (46') ने नजदीकी रेंज से गोल किया।

# ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी को कम स्कोर पर समेटा जा सकता था: रबाडा



**लंदन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के स्टार गेंदबाज कैगिसो रबाडा का मानना है कि आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी को सस्ते में निपटाया जा सकता था। लॉर्ड्स में दक्षिण अफीकी कप्तान टेम्बा बावुमा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया, जिसके बाद नई गेंद से जिम्मेदारी कैगिसो रबाडा पर आ गई और इस अनुभवी खिलाड़ी ने अल्टीमेट टेस्ट में अपनी छाप छोड़ने में बहुत कम समय लिया। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा और कैमरून ग्रीन को आउट करते हुए रबाडा ने टेस्ट मैचों में अपना 17वां पांच विकेट हॉल हासिल किया।

उनके इस स्पैल की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने गत चैंपियन को 212 रनों पर समेट दिया लेकिन रबाडा का मानना है कि प्रोटियाज ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी को और भी पहले ध्वस्त कर सकते थे।

लॉर्ड्स में दिन का खेल खत्म होने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए तेज गेंदबाज ने कहा कि 212 रनो की चुनौती को हम स्वीकार करेंगे। हमें लगा कि हमें उन्हें 160 पर रोक देना चाहिए था, लेकिन खेल इसी तरह चलता है। ऑस्ट्रेलिया के 146 रन पर पांच विकेट गिरने के बाद ब्यू वेबस्टर ने 72 रन की शानदार पारी खेलकर पहली पारी की कमान संभाली। रबाडा ने ऑलराउंडर की खूब प्रशंसा की, जिन्होंने अपनी पारी की शुरुआत में ही दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाजी को भांपकर अपनी रणनीति बदली। उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा था कि वह किसी भी गेंद पर आउट हो जाएंगे, लेकिन मुझे लगता है कि उनके सकारात्मक इरादे ने उन्हें जीत दिलाई। रबाडा ने आखिरकार वेबस्टर को आउट किया और एलन डोनाल्ड को पछाड़कर प्रोटियाज के लिए टेस्ट मैचों में चौथे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। रबाडा ने इस उपलब्धि पर कहा, ह्गेंदबाजों की इस सूची में शामिल होना खास है। एक खिलाड़ी के रूप में बड़े होते हुए और दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व करते हुए, मैं उन लोगों से प्रेरित हुआ हूं जो पहले आए हैं और उन्होंने बड़े मंच पर जो कुछ किया है, उसे देखा है। उन नामों में शामिल होना खास है और यह लंबे समय तक जारी रह सकता है।

## एमबापे, मेसी और रामोस क्लब विश्व कप के लिए तैयार

**लंदन, वार्ता।** क्लब विश्व कप का आयोजन इस साल पहले से कहीं बड़ा होगा, जिसमें फुटबॉल के सबसे बड़े नाम शामिल होंगे। अमेरिका के 11 शहरों में होने वाले इस टूर्नामेंट में दुनिया भर की 32 टीमें हिस्सा लेंगी। महीने भर चलने वाला यह मुकाबला 15 जून से शुरू होगा और 13 जुलाई को समाप्त होगा। आठ बार बैलन डी' ओर जीतने वाले लियोनेल मेसी इंटर मियामी में बार्सिलोना के पूर्व खिलाड़ियों की एक शानदार चौकड़ी का हिस्सा हैं, जिसमें लिवरपूल के पूर्व स्ट्राइकर लुइस सुआरेज़, मिडफील्डर सर्जियो बुस्केट्स और लेफ्ट-बैक जोर्डी अल्बा शामिल हैं। 2010 में स्पेन के साथ विश्व कप विजेता टीम के सदस्य डिफेंडर सर्जियो रामोस मैक्सिकन टीम मॉन्टेरी के कप्तान हैं, जबकि स्ट्राइकर ओलिवर गिरौद और गोलकीपर ह्यूगो लोरिस लॉस एंजिल्स एफसी की टीम में हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, विश्व कप विजेता किलियन एमबाप्पे और एंटोनी ग्रिज़मैन क्रमशघ रियल मैड्रिड और एटलेटिको मैड्रिड की टीमों में हैं। मैनचेस्टर सिटी ने अपनी टीम में तिजानी रेइंडर्स, रेयान ऐट-नूरी, मार्कस बेटिनेली और रेयान चेर्की को चुना है।

# ऑस्ट्रेलिया की वापसी पर स्मिथ खुश



**लंदन, वार्ता।** आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में अर्द्धशतकीय पारी खेलने वाले स्टीव स्मिथ ने कहा कि लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के विकेट गिरने के बाद उनकी टीम की वापसी सराहनीय है।

स्मिथ ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2025 के पहले दिन 66 रनों की शानदार पारी खेली, लेकिन पार्ट-टाइम स्पिनर एडेन मार्कराम का सामना करते समय उनका ध्यान भंग हो गया और गेंद स्लिप में चली गई। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम 212 रनों पर आउट हो गई, जिसमें ब्यू वेबस्टर ने 72 रनों की पारी खेली। चायकाल के बाद अंतिम पांच विकेट सिर्फ 20 रन पर गिरने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया ने वापसी की। मिचेल स्टार्क ने पहले ओवर में मार्कराम को क्लीन बोल्ड करके लय हासिल की। इसके बाद पैट कलमस और जोश हेजलवुड ने भी एक-एक विकेट लिया, जिससे दक्षिण अफ्रीका का स्कोर चार विकेट पर 43 रन हो गया और खेल का रुख पूरी तरह से बदल गया।

स्मिथ ने कहा कि मुझे लगता है कि हम अच्छी स्थिति में हैं, हमने बल्लेबाजी करते हुए बड़ा स्कोर बनाने के कुछ मौके गंवाए। विकेट ने पूरे दिन कुछ न कुछ दिया, लेकिन हम अच्छी स्थिति में हैं।

169 रन आगे हैं और उनके चार विकेट गिर चुके हैं। उम्मीद है कि सुबह भी कुछ ऐसा ही होगा, जैसा आज हुआ। यह एक बेहतर दिन हो सकता था, लेकिन हम अच्छी स्थिति में हैं। उन्होने कहा कि मुझे लॉर्ड्स में बल्लेबाजी करना पसंद है और जब मैं क्रीज पर था, तो मैंने अपना समय का आनंद लिया। जब मैं आउट हुआ, तो मुझे लगा कि गेंद नरम थी, लेकिन विकेट अभी भी कुछ दे रहा था और उम्मीद है कि कल भी ऐसा ही होगा।

## दिल्ली में आयोजित होगा पहला ग्लोबल पायथियन गेम्स

**नई दिल्ली, वार्ता।** यूनान का प्राचीन खेल ग्लोबल पायथियन गेम्स पहली बार दिल्ली में तीन से पांच दिसंबर तक आयोजित होगा। यहां आयोजित कार्यक्रम में आधुनिक पायथियन गेम्स के संस्थापक एवं पायथियन काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष बिजेन्दर गोयल ने बताया कि पहली ग्लोबल पायथनोवा पायथियन गेम्स का आयोजन तीन से पांच दिसंबर दिल्ली में किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान पायथियन गेम्स को लेकर देशभर से आये सदस्यों के साथ चर्चा भी हुई। हाल ही में भारतीय स्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के साथ हुई बैठक में परिषद ने इस वैश्विक सांस्कृतिक मिशन में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है। इसके समर्थन के लिए पायथियन परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और संस्कृति मंत्रालय के सचिव से मुलाकात करेगा। श्री गोयल ने कहा कि विभाजनों से भरी इस दुनिया में, पायथियन गेम्स संस्कृति के माध्यम से एकता का वैश्विक मंच प्रदान करते है। पायथियन गेम्स के लिए वैश्विक, राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर एक केंद्रीकृत फ्रेंचाइज़ी मॉडल लाया जाएगा, जिससे इसकी कार्यप्रणाली पारदर्शी, उत्तरदायी और सुव्यवस्थित हो सके। उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल डेल्फिक कमेटी (रूस), इक्युमेनिकल डेल्फिक यूनियन (ग्रीस) और साइप्रस सरकार ने आधिकारिक रूप से आधुनिक पायथियन का समर्थन किया है। प्राचीन पायथियन गेम्स, यूनान की चार पनहेलनिक खेलों में से एक थे, जो देवता अपोलो को समर्पित थे और डेल्फी में आयोजित किए जाते थे।

# सर्राफा व्यापारी से 10 लाख रुपये के आभूषण की लूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत असालतपुर जारई रोड पर वाटरपार्क के नजदीक हथियारबंद बदमाशों ने सर्राफा व्यापारी से दस लाख रु0 की कीमत के जेवरात का थैला व 50 हजार रु. की नकदी लूट ली। बता दें कि पांच वर्ष पूर्व भी इसी स्थान के आसपास सर्राफा व्यापारी से लूट हुई थी, इससे पूर्व गणेश कॉलोनी नि0 खाद व्यापारी की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। अब पुनः सर्राफा व्यापारी से दिन में ही हथियारबंद बदमाशों द्वारा लूट की गई है। घटनाक्रम के अनुसार, आवास विकास नि0 मनोज पुत्र बनवारी व उसकी भाभी मोनिका पत्नी सोनू बुधवार शाम बेरनी से अपनी दुकान बंद कर बाइक से लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक जारई रोड स्थित वाटरपार्क के निकट पहुंची तो पीछे से आ रही स्पलैंडर व अपाची बाइक सवार बदमाशों ने रोक लिया और तमंचे की नोंक पर जान से मारने की धमकी देकर मनोज का बैग छीन लिया और जान से मारने की धमकी देकर चन्दौसी दिशा की ओर फरार हो गये। वहीं मौके पर पहुंचे लोगों ने पुलिस को मामले की सूचना दी। व्यापारी द्वारा कोतवाली में तहरीर दी गई है। हालांकि पुलिस का मानना है कि घटनास्थल से कुछ दूरी पर पुलिस की गाड़ी खड़ी थी। ऐसे में बदमाशों का दिन दहाड़े लूट को अंजाम देना असंभव है। पुलिस ने व्यापारी की तहरीर के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर पूरे मामले की जांच कर रही है। इंस्पेक्टर मोहित कुमार ने बताया कि शीघ्र ही बदमाश पकड़े जायेंगे।

## गर्मी से राहत के लिए नगरपालिका ने लगवाया वाटरकूलर

**चन्दौसी।** जून माह में तेज धूप के साथ भीषण गर्मी पड़ रही है। जन-जीवन बेहाल है। ऐसे में यदि राहगीरों को ठंडा पानी मिल जाये तो इससे अच्छा क्या हो सकता है। नगर में पूर्व में लगे अधिकांश वाटरकूलर खराब हो चुके हैं। नगरपालिका की ओर से रामबाग रोड स्थित बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर परिसर में वाटरकूलर लगाया गया है।

बता दें कि मंदिर परिसर में लगा वाटरकूलर खराब हो गया था जिससे श्रद्धालुओं व राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध नहीं हो पा रहा था। अब पालिकाध्यक्षा लता वार्ष्णेय के निर्देश पर नया वाटरकूलर लगवाया गया है जिससे आमजन को काफी राहल मिलेगी।

# कौशांबी मामले को लेकर ब्राह्मण शक्ति संघ ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** ब्राह्मण शक्ति संघ द्वारा गुरुवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा गया जिसमें कहा गया कि कौशांबी जनपद में सैनी थाना अंतर्गत लोहड़ा गांव में एक ब्राह्मण परिवार से पुलिस प्रशासन व ग्राम प्रधान की मिली भगत से झूठे आरोप में फंसा कर एक युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। इन झूठे आरोपों से आहत होकर युवक के पिता ब्राह्मण रामबाबू शर्मा ने आत्महत्या कर ली। ब्राह्मण शक्ति संघ उक्त घटना की घोर निंदा करता है तथा मुख्यमंत्री से यह अनुरोध करता है कि जिम्मेदार पुलिस अधिकारी ग्राम प्रधान व अन्य साजिशकर्ताओं की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए तथा उन पर हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए। परिवार की मुखिया की मृत्यु के उपरांत परिवार के भरण-पोषण की समस्या उत्पन्न हो गई है। इसलिए परिवार को मुआवजा स्वरूप एक करोड रुपए की धनराशि परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाए। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा ने उत्तर प्रदेश सरकार से इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों पर कठोर से कठोर से कार्यवाही की मांग की। संगठन के प्रदेश संयोजक मुकेश गौड़ ने कहा कि सरकार यदि उक्त घटना में उचित कदम नहीं उठाती है तो ब्राह्मण शक्ति संघ पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगा जिसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार स्वयं



जिम्मेदार होगी। ज्ञापन देते समय विवेक मिश्रा, सचिन मिश्रा, मुकेश गौड़, अविरल शर्मा, विभोर भारद्वाज, प्रिंस शर्मा, विवेक शर्मा गुमथल, विनीत शर्मा, सचिन शर्मा, अमूल शर्मा, बृजेश शर्मा, निशांत शर्मा, प्रशांत वशिष्ठ, राजीव मिश्रा, विवेक पाराशरी, अर्जुन भारद्वाज, सूरज पाराशरी, वैभव शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर हुई कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** आईटीसी मिशन सुनहरा कल एवं नगर विकास विभाग उ0प्र0 के संयुक्त तत्वाधान में नगरपालिका परिषद् चंदौसी में विकेन्द्रीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु नगर निकाय स्तर पर मास्टर ट्रेनर्स के क्षमता संवर्धन हेतु गुरुवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रशिक्षक तबरेज, अंकित खन्ना व करन सिंह के द्वारा टी.एल.एम. चलचित्र के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में कचरा क्या है, कचरे के प्रकार, कचरे के पृथक्करण का महत्व एवं कचरे की नजदीकी इकाई पर प्रबंधन, होम कम्युनिटी कम्पोस्टिंग, स्वच्छ वातावरण मोहल्ला निगरानी समिति की सहभागिता, जन जागरूकता कार्यक्रम व्यवहार परिवर्तन के सात चरणों पर और सूखे कचरे को एमआरएफ व आरआरआर केंद्र के माध्यम से निस्तारण करने पर चर्चा कर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों से सीधे जुड़ाव पर जोर दिया गया।

उक्त कार्यक्रम का क्रियान्वयन प्रशिक्षण के उपरांत जमीनी स्तर पर किया जाना है। कार्यशाला में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार, प्रियंका, एसबीएम इंचार्ज चंद्रमोहन सैनी, ललित कुमार समस्त सफाई नायक, डोर-टू-डोर सुपरवाइजर व अन्य कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## उपजिलाधिकारी ने बहजोई मंडी समिति में हटाया अवैध अतिक्रमण

**चन्दौसी।** गुरुवार को उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा बहजोई मुख्यालय पहुंचे जहां से नगरपालिका अध्यक्ष राजेश शंकर राजू, अधिशासी अधिकारी, तहसीलदार रवि सोनकर के साथ बहजोई मंडी समिति पहुंचकर अतिक्रमण हटाया। अतिक्रमण हटाने के दौरान कुछ व्यापारियों से नोंकझोंक भी हुई, हालांकि नगरपालिका चेयरमैन ने समझाबुझाकर किसी तरह व्यापारियों को शांत किया। उपजिलाधिकारी का कहना था कि अतिक्रमण हर हालत में हटाया जायेगा जिससे आवागमन में परेशानी न हो। गुरुवार को बहजोई मंडी समिति में लगभग तीन घंटे तक अतिक्रमण हटाया गया जिसमें अवैध रुप से लगायी गयीं दुकानें व खोखे हटाये गये।

वहीं चन्दौसी में उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा द्वारा हटाया गया अतिक्रमण का प्रभाव चौड़ी सड़कों के रुप में देखा जा रहा है।

## महिला ने युवक पर लगाया छेड़खानी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर के मौहल्ला घटलेश्वर गेट निवासी एक महिला द्वारा कोतवाली में तहरीर देकर युवक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई है। महिला का आरोप है कि मौहल्ले का ही रहने वाला उदित शर्मा पुत्र पवन शर्मा उसके घर के आसपास गली में घण्टों तक बैठा रहता है व गाली-गलौंच करता है। मना करने पर अभद्र टिप्पणी व छेड़खानी करने लगता है। महिला द्वारा कोतवाली में तहरीर देकर युवक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई। हालांकि महिला के परिजनों ने युवक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

## गन्ना विकास सहकारी समिति की बैठक में गोदाम पर खाद् दवाई की उपलब्धता पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** सहकारी गन्ना विकास समिति कांठ में बोर्ड की बैठक का आयोजन अध्यक्ष कुंबर सुरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में किया गया जिसमें गत बैठक की कार्रवाई की पुष्टि की गई तथा अप्रैल व मई के महीने के खर्च का विवरण कमेटी के समक्ष रखा गया। डायरेक्टर गौरव कुमार ने गन्ना समिति के गोदाम पर खाद एवं कीटनाशक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने, कर्ज कटौती देखभालकर करने, और भीकनपुर गोदाम की साफ सफाई करने एवं बैठक में चीनी मिल के अधिकारियों को बुलाने की मांग रखी। संजय कुमार डायरेक्टर ने भी गोदाम पर खाद्द दवा की उपलब्धता पर जोर



दिया अध्यक्ष ने सभी गोदाम पर खाद की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता तथा चीनी मिलों द्वारा दी जा रही छूट का व्यापक प्रचार प्रचार करने को निर्देशित किया। बैठक में संजय कुमार उपसभापति, गौरव कुमार समरपाल सिंह राहुल कुमार उधम सिंह महिपाल सिंह सचिन कुमार संजय कुमार तथा अंजू देवी आदि मौजूद रहे। संचालन गन्ना विकास सहकारी समिति कांठ के सचिव खेत सिंह द्वारा किया गया

# केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर प्रेसवार्ता का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा,सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य सतपाल सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 11 वर्ष का यह कार्यकाल नए भारत को एक विकसित,आत्मनिर्भर के रूप में प्रस्तुत करता है। इस स्वर्णिम कालखंड के लिए हम सब प्रधानमंत्री को बधाई देते हैं। सतपाल सिंह सैनी ने इन 11 वर्षों के कार्यकाल को विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का स्वर्णिम काल करार देते हुए कहा कि इन 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी जी ने भारत को न केवल वैश्विक पहचान दी है, बल्कि स्वयं को तपाकर और खपाकर 140 करोड़ भारतवासियों को भी एक विश्वास का प्रतीक बनाया है।11 वर्ष का यह कार्यकाल सेवा को संकल्प के रूप में, सुशासन को संस्कृति के रूप में और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। आज मोदी जी की वजह से पूरी दुनिया में भारत का वर्चस्व हैं। मोदी जी की वजह से भारत दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था में शामिल हुआ है, जल्द ही जापान जैसे देश को पीछे करके भारत चौथी अर्थव्यवस्था में शामिल हो जाएगा।सतपाल सिंह सैनी ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकसित भारत के अमृतकाल में सेवा सुशासान और गरीब कल्याण के विकास की नई यात्रा तय की देश के इतिहास में मोदी सरकार का यह कार्यकाल स्वर्णीय अक्षरों में लिखा जाएगा यह कार्यकाल विकसित भारत के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प सिद्धि का सवर्णीय काल बन रहा है बीते 11वर्षों की यह यात्रा मोदीजी ने अकेले नहीं बल्कि खुद को तपा कर 140 करोड़ देशवासियों के परिश्रम त्याग और सपनों को परवाज देते हुए की है। मोदी सरकार का कालखंड भारत के भविष्य के लिए एक मजबूत नींव रखने का कार्यकाल है 11 साल के निरंतर जारी सफर को एक भाषण में या एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में समेटना उतना ही मुश्किल है जैसे पूरी जिंदगी को कुछ पन्नों में समेटना।आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नये भारत की सोच में जहां तकनीकी वहां तरक्की है जहां भाजपा सरकार है वहां गरीब का कल्याण है। शासन अब सेवा है सरकार अब सहभागी है सुशासान अब संस्कृति है।भाजपा जिला अध्यक्ष



आकाश पाल ने बताया कि पार्टी कार्यालय पर सिर्फ प्रेस कॉन्फ्रेंस और प्रदर्शनी का उद्घाटन हुआ। गुजरात में हुए हृदय विदारक हादसे के कारण प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर आज होने वाले आगामी कार्यक्रमों को स्थागित कर दिया गया।प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आकाश पाल, महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह ठाकुर, संभल लोकसभा से पूर्व प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी, जिला महामंत्री राजन बिश्नोई, रामपुर पूर्व जिला अध्यक्ष अभय गुप्ता,महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका, सह संयोजक विशाल त्यागी व हेमराज सैनी, मिथुन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### स्कूल न जाने वाली किशोरी बालिकाओं की हुई स्वास्थ्य जांच, वितरित हुई दवाइयां



**बिलारी।** बाल विकास परियोजना बिलारी के अंतर्गत 102 किशोरियों की स्वस्थ्य जांच की गई जिसमें स्वाथ्य विभाग की टीम द्वारा हीमोग्लोबिन के स्तर की जांच की एवं आवश्यक दवाइयां वितरित की, जिसमे की 10 से कम हिमोग्लोबिन किसी भी किशोरि बालिका में नही पाया गया, 29 किशोरी बालिकाओं में 11 से कम, एवं 11 से उच्च स्तर का हीमोग्लोबिन 73 किशोरी बालिकाओं में पाया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी सुरेन्द्र पाल सिंह ने बताया जो किशोरी बालिका का हीमोग्लोबिन का स्तर कम है, उन किशोरियों को स्वस्थ्य विभाग एवं बाल विकास विभाग के सयुंक्त प्रयास से उनके माता पिता को उनके खान पान व्यक्तिगत स्वच्छता, मासिक धर्म संबन्धी विस्तृत जानकारी दी जाएगी, एवं मुख्यसेविका द्वारा व्यक्तिगत स्वछता के बारे में जानकारी प्रदान करते हुऐ उन्हें सेंटरी पेड का वितरण किया, मुख्यचिकत्साधिकारी डॉ हरीश चंद्रा न कहा सभी किशोरी बालिकाओं के हीमोग्लोबिन के स्तर की जांच की जाएगी, उनके बेहतर स्वस्थ्य प्रबंधन हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं बाल विकास के द्वारा आवश्यक परामर्श दिया जाएगा, ताकि उनका बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण हो, इस अवसर ओर स्वस्थ्य विभाग की टीम मुख्य सेविका शिवकुमारी , ब्लाक समन्वय श्री ओम व क्षेत्रीय आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम डॉ वीके सिंह, विशाल सकसेना, फिजियोथेरेपिस्ट केपीसिंह , लेब टेकिनिशियन पवन, एएनम जयंती, बोर्ड बॉय महेश उपस्थित रहे।

### पारिवारिक जीवन में ब्रह्मचर्य संयम नियम का करें पालन



**बिलारी।** नगर के शिव मंदिर बच्चा बाग में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिवस कथा व्यास आचार्य शिव शंकर भारद्वाज में कहा कि अपने अंदर सदगुण एकत्र करो, न जाने प्रभु कौन से सद्गुण पर रीझ जाएं और जीव का कल्याण कर दें जिस प्रकार गिद्धराज जटायु ने जीवन पर्यंत मांस भक्षण किया कोई सद्गुण नहीं किया परंतु जब अत्याचारी रावण माता सीता का हरण करके ले जा रहा था तब स्त्री का अपमान उससे देखा नहीं गया और उसने विरोध करते हुए अपनी जान गंवा दी। बस जटायु का यही सद्गुण प्रभु को पसंद आ गया और उसका कल्याण कर दिया। व्यास जी बोले आज का मानव अपने सुख का अनुभव कम दूसरे के दुख में आनंद का अनुभव अधिक करता है जो नकारात्मक प्रवृत्ति है जबकि होना यह चाहिए कि दूसरे के दुख में हमें भी दुख का अनुभव हो और हम उसके साथ खड़े हों। यह मानवता है इस भाव से परमात्मा प्रसन्न होते हैं। उन्होंने आगे कहा परमात्मा का कोई भी नाम रख लें और सच्चे मन से स्मरण करें तो वह समझ जाते हैं यह मेरा भक्त है और मुझे ही याद कर रहा है इसी में उसका भला कर देते हैं। कथा प्रसंग के माध्यम से कहा कि अपने पारिवारिक जीवन में भी हम ब्रह्मचर्य संयम नियम का पालन करें तो सब कुछ सकारात्मक होगा संतान भी सतगुणी उत्पन्न होगी घर स्वर्ग जैसा बन जाएगा परंतु आज के भौतिकवादी जीवन में लोग इस पर कम ध्यान दे रहे हैं इसका प्रभाव संतान पर पड़ता है। उन्होंने शूकर अवतार के अलावा वृंदावन धाम की महिमा का विस्तार से बखान किया। व्यास जी बोले की सत्संगति से अहंकार नहीं होता इसलिए अच्छे लोगों का संग करो अच्छे विचार रखो सबके प्रति भला सोचो इन्हीं सद्गुणों से परमात्मा प्रसन्न होते हैं। यजमान के रूप में अखिलेश मिश्रा, शकुन मिश्रा, चकित मिश्रा रहे।

# उप्र फुटबॉल गर्ल्स टीम ने प्रथम स्थान किया प्राप्त

## सेमीफाइनल में राजस्थान को 2-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ओपन नेशनल चौंपियनशिप 2025 जयपुर को आयोजित प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश फुटबॉल गर्ल्स टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसमें उत्तर प्रदेश की टीम ने सेमीफाइनल में राजस्थान को 2-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई और फाइनल में उत्तर प्रदेश ने गुजरात को 1-0 से हराकर जीत दर्ज की जिसमें पारुल ने गोल करके अपनी टीम को फाइनल जिताया। सभी खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश की टीम में मुरादाबाद के 4 खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। टीम के कोच गौरव कुमार टीम की कप्तान. गुलनाज पारुल, वंशिका, हिबा जिनका स्वागत फूल मालाओं से आजाद



समाज पार्टी की प्रदेश महासचिव महिला मोर्चा एवं बोधिसत्व करुणा ट्रस्ट की अध्यक्ष बबीता रानी जी, सचिव शीशपाल सिंह जी, कोषाध्यक्ष एवं आजाद समाज पार्ट से मुस्लिम भाई चारा के मंडल अध्यक्ष प्रशांत सागर जी, एवं ट्रस्ट के कार्यकारिणी सदस्य चाहत राणा एवं राजीव राणा आदि लोगों ने मिठाई खिला कर और माला पहना कर स्वागत किया।

## झूठा फंसाने का आरोप लगा अधिकारियों से की निष्पक्ष जांच की मांग

**कांठ।** पीड़ित ने परिवार के लोगों से उसे झूठा फसाने का आरोप लगाकर उच्च अधिकारियों से निष्पक्ष जांच की मांग की है मामला नगर के मोहल्ला पट्टी वाले का है वहां के भावेश पुत्र भोले बाज का कहना है कि उसका चाचा रामकुमार एवं उसके लड़के उस पर आए दिन झूठा इल्जाम लगाकर फसाने का काम करते रहते हैं 20 मई को उन्होंने उसके खिलाफ सामान चोरी कर लिए जाने की तहरीर देकर उसे फसाने का प्रयास किया इस मामले में उसे थाने पर बुलाया गया लेकिन पुलिस के सामने घटना साबित नहीं हो सकी जिसकी वजह से उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं हुई। जिसकी वजह से वह काफी परेशान है पीड़ित ने उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर इस मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

## योग शरीर को आरोग्य व मस्तिष्क की एकाग्रता है बढ़ाता

**भोजपुर।** राजकीय महा विद्यालय में निर्धारित थीम योगा फार वन अर्थवन हेल्थ के कार्यक्रम की श्रृंखला में बुधवार को सूक्ष्म व्यायाम एवं प्राणायाम शीर्षक के अंतर्गत इसके विभिन्न आसनों, प्रकारों एवं लाभों के बारे में बताया। छात्र छात्राओं ने आसन की विभिन्न मुद्राओं का प्रदर्शन किया। सूक्ष्म व्यायाम किसी भी स्थान पर किया जा सकता है एवं संस्कृति इनकी क्रियाओं में भस्त्रिका के प्रकार यथा चंद्रांग, सूर्यांग एवं सुषुम्ना सम्मिलित हैं।सूक्ष्म व्यायाम रक्त संचार को उत्तेजित करता है।सभी जोड़ों को पोषण प्रदान करता है।

शरीर को आरोग्य एवं मस्तिष्क को ध्यान केंद्रित करने एवं एकाग्रता को बढ़ाने में मदद करके मनुष्य की कार्य क्षमता को बढ़ाता है। अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ नरेश कुमार एवं संचालन वंदना भारती ने किया।

## खेत से सोलर कंट्रोलर रोटोसोल चोरी

**भोजपुर।** पुलिस ने मुरादाबाद निवासी सर्वेश बंसल पुत्र प्यारे लाल बंसल की तहरीर पर थाना क्षेत्र के गांव त्रिलोकपुर के जंगल में स्थित खेत पर लगे सोलर पम्प का कंट्रोलर रोटोसोल चोरी होने का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना तीन चार दिन पहले की बताई जा रही है।

## दवाई लेने घर से निकली लड़की लापता, मामला दर्ज

**कांठ।** ससुरेश कुमार पुत्र रामनाथ सिंह निवासी ग्राम खूटखेडा थाना कांठ का कहना है 07.06.2025 को समय करीब शाम 05.30 बजे उसकी पुत्री चिंकी जिसकी उम्र करीब 18 वर्ष 2 माह 19 दिन की है जो दवाई लेने के लिये मिश्रीपुर मझरा आयी थी शाम तक वापस नही आयी। हमने सब जगह तलाश किया पर चिंकी कहीं नही मिली हमे शक है की मेरी पुत्री मझरा मिश्रीपुर के रहने वाले हिमांशु पुत्र शेर सिंह के साथ कहीं चली गयी है। लाल रंग के सूट सलवार पहने थे नीले रंग की चप्पल पहने थी सुरेश कुमार की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है




# विकसित भारत संकल्प सभा का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** ब्लाक सभागार में विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण की 11 साल भारतीय जनता पार्टी विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया जिसमें जिला महामंत्री हर ज्ञान सिंह ने भाजपा की केंद्र सरकार की 11 साल की उपलब्धियां को गिनाया उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार में महिलाओं का सम्मान बड़ा है तथा गुंडाराज खत्म हुआ है तथा कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने बताया कि भाजपा सरकार में चारों ओर चहुंमुखी विकास हुआ है भाजपा सरकार में किसान खुशहाल है किसानों के लिए किसान सम्मान निधि तथा ट्यूबवेल का बिल भाजपा सरकार ने पूर्णता खत्म कर दिया गया है तथा पूरे भारत में सड़कों का जाल विछ रहा है तथा गरीबों के लिए



भाजपा सरकार ने आयुष्मान कार्ड तथा बिजली व्यवस्था को सुधारने का काम किया है।

मोदी सरकार में भारत का सम्मान विदेशो में भी बड़ा है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास की गंगा बह रही है महिलाओं के सम्मान के लिए हर घर इज्जत घर बनवाने का काम भाजपा सरकार ने किया तथा उत्तर प्रदेश को गुंडाराज मुक्त किया कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष डॉ विश्वास शर्मा ,जिला उपाध्यक्ष राजपाल आर्य ,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गुलाम रब्बानी, मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप,निवर्तमान मंडल अध्यक्ष रमन भूषण एडवोकेट, जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ अमर सिंह सैनी, मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर ,मंडल महामंत्री संजय दिवाकर ,दिनेश सिंह,रवि पाल हाजी मजलूम पाशा,बाबू पाशा,कलीम अख्तर,शुऐब शावरी, संजय सैनी,देव सिंह सैनी,जयपाल सिंह,डा असलम मालिक,नरेंद्र चौधरी, जीशान खान, जगदीश जैन, तारिक अली, देवेंद्र सिंह, राकेश प्रजापति, कृपाल सिंह सैनी, मंसूर अहमद, दीपक जैन ,जीशान खान, आफताब आलम, लोकेश, माजिद, हरिराम सिंह, कृष्ण अवतार सिंह, नफीस खान, विनीत कुमार, प्रदीप कुमार, वसीमुल हसन, रामरक्षपाल सिंह, सौरभ अग्रवाल आदि उपस्थित रहे संचालन मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर ने किया।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 13 जून 2025

# विमान सुरक्षा पर गंभीर सवाल

गुरुवार का काला दिन, जिसने दो सौ से भी ज्यादा जिंदगी लील ली, लेकिन हमने अभी तक ऐसी घटनाओं से सबक नहीं लिया है। आखिर कब तक ऐसे ही निर्दोष लोगों की जान जाती रहेगी। गुजरात के अहमदाबाद एयरपोर्ट पर एयर इंडिया का बो. इंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हुआ है। इसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी समेत 242 यात्री सवार थे सभी की मौत हो गई। अभी तक देखने में आया है कि घटना होने के बाद ही शासन-प्रशासन हरकत में आता है। इससे पहले भी ऐसी ही घटनाएं हुई हैं, लेकिन उनसे हमारी सरकार ने कोई सबक नहीं सीखा है। भारत में विमान हादसों का लंबा इतिहास रहा है, जिन्होंने देश को झकझोर दिया। इन हादसों ने न केवल सैकड़ों जिंदगियों को छीना, बल्कि विमानन सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े किए। इससे पहले विमान का मलबा देखकर नहीं लगता है कि इस हादसे में कोई व्यक्ति जीवित बचा होगा। भारत में विमान हादसे का लंबा इतिहास रहा है, जिन्होंने देश को झकझोर दिया। इन हादसों ने न केवल सैकड़ों जिंदगियों को छीना, बल्कि विमानन सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े किए। इससे पहले हरियाणा के चरखी दादरी में सऊदी अरब एयरलाइंस और कजाकिस्तान एयरलाइंस के विमानों की मिड-एयर टक्कर हुई थी ,जिसमें 349 लोगों की मौत हुई थी, जबकि अटलांटिक महासागर, आयरलैंड तट पर विमान में खालिस्तानी आतंकी हमले में बम विस्फोट हुआ था, जिसमें 329 लोगों की जान गई थी। मुंबई में अरब सागर पर एयर इंडिया फ्लाइट में जनवरी 1978 में टेकआफ के बाद फेल्योर होने के कारण 213 लोगों की मौत हुई थी और भी ऐसे हादसे हैं, जिन्होंने देश को झकझोरा है, लेकिन नागरिक उड्डयन विभाग ने कोई सबक नहीं सीखा है। आखिर ये हादसे क्यों होते हैं, ये जानना भी जरूरी है। कई बार देखने को मिलता है कि विमान का इंजन फेल हो जाता है, नेविगेशन सिस्टम में खराबी हो जाती है या लैंडिंग गियर या विंग्स में गड़बड़ी हो जाती है, जिसकी वजह से विमान क्रैश होता है। कई बार पायलट की गलती या एयर ट्रैफिक कंट्रोल में हुई चूक की वजह से प्लैन क्रैश हो जाता है। इसके अलावा कई बार प्लेन उड़ा रहे पायलट के अनुभव की कमी की वजह से उसके द्वारा लिए गए गलत निर्णय के चलते प्लेन क्रैश होता है। कई बार प्लेन में ईंधन ठीक से न भरा जाना, टायर प्रेशर की निगरानी में हुई चूक या टेक्निकल स्टाफ से हुई चूक भी विमान के क्रैश होने की संभावना को काफी ज्यादा बढ़ा देती है। तेज आंधी तूफान, बिजली, भारी वर्षा खराब मौसम में टर्बुलेंस की वजह से विमान नियंत्रण से बाहर चला जाता है, जिसकी वजह से वह हादसे का शिकार हो जाता है। जब भी कोई विमान हादसा होता है, तो संबंधित जांच विभाग दुर्घटना के कारणों की जांच में जुट जाते हैं। हादसे के जांच होना तो लाजमी है, परंतु जब-जब विमान हादसे होते हैं और हादसों की जांच की रिपोर्ट आती है, तो क्या वास्तव में इन रिपोर्टों से सबक लिए जाते हैं कि भविष्य में ऐसे हादसे न हों। क्या विश्व भर के नागरिक उड्डयन मंत्रालय व उससे संबंधित विभाग और एयरलाइंस इन रिपोर्टों को गंभीरता से लेते हैं।

## हस्तक्षेप की सीमा और मर्यादा होनी चाहिए



ज्यूडिशियल रिव्यू (न्यायिक समीक्षा) की शक्ति का इस्तेमाल संयम से करना चाहिए, ऐसा तभी हो, जब कोई कानून संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता हो, कई बार आप (कोर्ट) सीमाओं को पार करने की कोशिश करते हैं और वहां घुसने की कोशिश करते हैं, जहां आमतौर पर न्यायपालिका को प्रवेश नहीं करना चाहिए, ज्यूडिशियल अलर्टनेस जरूरी है, लेकिन इसे ज्यूडिशियल टेररिज्म में नहीं बदलना चाहिए, जब विधायिका और कार्यपालिका नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने में असफल रहती हैं, तब न्यायपालिका को हस्तक्षेप करना पड़ता है, लेकिन इस हस्तक्षेप की सीमा और मर्यादा होनी चाहिए।

**-जस्टिस बीआर गवई**
**चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया**

# पिता-पुत्र का रिश्ता बेजोड़ एवं विलक्षण





ललित गर्ग

भारतीय संस्कृति में पिता का स्थान आक. ाश से भी ऊंचा माना गया है, पिता की धर्म है, पिता ही संबल है, पिता ही ताकत है। पिता हर संतान के लिए एक प्रेरणा हैं, एक प्रकाश हैं और संवेदनाओं के पुंज हैं। इसके महत्व को दर्शाने और पिता व पिता तुल्य व्यक्तियों के योगदान को सम्मान देने के लिए हर साल जून महीने के तीसरे रविवार को अंतर्राष्ट्रीय पिता दिवस यानी फादर्स डे मनाया जाता है।

इस साल 15 जून 2025 को भारत समेत विश्वभर में यह दिवस मनाया जाएगा। फादर्स डे 2025 का आधिकारिक थीम पिता: लचीलेपन का पोषण और भविष्य को आकार देना है। यह थीम हमारे जीवन में पिताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालती है, जो बच्चों में सकारात्मक भावनाओं और सामाजिक विकास को बढ़ावा देते हैं। दुनिया के अलग-अलग देशों में अलग-अलग दिन और विविध परंपराओं के कारण उत्साह एवं उमंग से यह दिवस मनाया जाता है। यह एक ऐसा दिन है जिसे अपने पिता के सम्मान के लिए मनाया जाता है, साथ ही पितृत्व, पैतृक बंधन और समाज में पिताओं के प्रभाव को भी याद किया जाता है। हिन्दू परंपरा के मुताबिक पितृ दिवस भाद्रपद महीने की सर्वपितृ अमावस्या के दिन होता है। पिता एक ऐसा शब्द जिसके बिना किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। एक ऐसा पवित्र रिश्ता जिसकी तुलना किसी और रिश्ते से नहीं हो सकती। पिता ईश्वर का सबसे अच्छा उपहार हैं। जीवन में कोई भी पिता की जगह नहीं ले सकता। पिता अपनी संतान के सच्चे शुभचिंतक एवं हितैषी होते हैं।

सोनेरा डोड जब नन्ही-सी थी, तभी उनकी मां का देहांत हो गया। पिता विलियम स्मार्ट ने सोनेरो के जीवन में मां की कमी नहीं महसूस होने दी और उसे मां का भी प्यार दिया। एक दिन यूं ही सोनेरा के दिल में ख्याल आया कि आखिर एक दिन पिता के नाम क्यों नहीं हो सकता? इस तरह 19 जून 1910 को पहली बार फादर्स डे मनाया गया। 1924 में अमेरिकी राष्ट्रपति कैल्विन कोली ने फादर्स डे पर अपनी सहमति दी। फिर 1966 में राष्ट्रपति लिंडन जानसन ने जून के तीसरे रविवार को फादर्स डे मनाने की आधिकारिक घोषणा की। पिता ही बच्चों की सुरक्षा, विकास व समृद्धि के बारे में सोचते हैं। बावजूद बच्चों द्वारा पिता की लगातार उपेक्षा, दुर्व्यवहार एवं प्रताड़ना की स्थितियों बढ़ती जा रही है, जिन पर नियंत्रण के लिए इस दिवस की विशेष उपयोगिता एवं प्रासंगिकता है। मानवीय रिश्तों में दुनिया में सबसे बड़ा स्थान मां को दिया जाता है, लेकिन एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। पिता नीम के पेड़ जैसा होता है उसके पत्ते भले ही कड़वे होते हैं पर वो छाया ठंडी देता है। पिता और बच्चों का रिश्ता इस दुनिया में सबसे अलग होता है। एक तरफ पिता बच्चों को डांटते हैं, तो दूसरी तरह बच्चों से बेहद प्रेम भी करते हैं। पिता अपने बेटे की चोट पर व्यथित तो होता है लेकिन उसे बेटे के सामने मजबूत बने रहना है। ताकि बेटा उसे देख कर जीवन की समस्याओं से लड़ने का पाठ सीखे, सख्त एवं निडर बनकर जिंदगी की तकलीफों का सामना करने में सक्षम हो। भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों में पिता को देवतुल्य माना गया है। हमारे ग्रन्थों में माता-पिता और गुरु तीनों को ही देवता माना गया है।

इनकी सेवा और भक्ति में कसर रह जाए तो फिर ईश्वर की प्राप्ति संभव नहीं। और अगर हमने इनकी सेवा पूरे मन से की तो भगवान स्वयं कच्चे धागे से बंधे भक्त के पीछे-पीछे चल पड़ते हैं। इस दिवस को मनाने के तरीके अलग-अलग हो सकते हैं, परन्तु सभी का मुख्य उद्देश्य यह होता है कि वे अपने पिता के योगदान को न भूलें और उनको अकेलेपन की कमी को महसूस न होने दें। इतिहास में अनेकों ऐसे उदाहरण है कि पिता की आज्ञा से भगवान राम जैसे अवतारी पुरुषों ने राजपाट त्याग कर वनों में विचरण किया, मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार ने अपने अन्धे माता-पिता को कांवड़ में बैठाकर चारधाम की यात्रा कराई। फिर क्यों आधुनिक समाज में पिता और उनकी संतान के बीच दूरियां बढ़ती जा रही है। आज के पिता समाज-परिवार से कटे रहते हैं और सामान्यत: इस बात से सर्वाधिक दु:खी है कि जीवन का विशद अनुभव होने के बावजूद कोई उनकी राय न तो लेना चाहता है और न ही उनकी राय को महत्व देता है। समाज में अपनी एक तरह से अहमियत न समझे जाने के कारण हमारे पिता दु:खी, उपेक्षित एवं त्रासद जीवन जीने को विवश है। पिता को इस दु:ख और कष्ट से छुटकारा दिलाना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। मां ममता का सागर है पर पिता उसका किनारा है। मां से ही बनता घर है पर पिता घर का सहारा है। मां से स्वर्ग है मां से बैकुंठ, मां से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पिता ही है। उन्हीं पिता के सम्मान में पितृ दिवस मनाया जाता है।

आधुनिक समाज में पिता-पुत्र के संबंधों की संस्कृति को जीवंत बनाने की अपेक्षा है। हर पिता अपने पुत्र की निषेधात्मक और दुष्प्रवृत्तियों को समाप्त करके नया जीवन प्रदान करता है। वरुण जल का देवता होता है। जैसे जल वस्त्र आदि के मैल को दूर करता है, वैसे ही पिता पुत्र की मान. सिक कलुषता को दूर कर सद्संस्कारों का बीजारोपण करता है एवं उसके व्यक्तित्व को नव्य और स्वच्छ रूप प्रदान करता है। चन्द्रमा सबको शांति और प्रदान करता है, वैसे ही पिता की प्रेरणाएं पुत्र को मानसिक प्रसन्नता और परम शांति देती है। जैसे औषधि दुख, दर्द और पीड़ा का हरण करती है, वैसे ही पिता शिव शंकर की भांति पुत्र के सारे अवसाद और दुखों का हरण करते हैं। पय का अर्थ है-दूध। जैसे माता का दूध पुष्टि प्रदान करता है, वैसे ही पिता पुत्र के आत्मिक बल को पुष्ट करते हैं। मेरे लिए मेरे पिता स्व। रामस्वरूपजी गर्ग देवतुल्य एवं गहन आध्यात्मिक- धार्मिक जीवट वाले व्यक्तित्व थे। उनकी जैसी सादगी, उनकी जैसी सरलता, उनकी जैसा समर्पण, उनकी जैसी धार्मिकता, उनकी जैसी पारिवारिक नेतृत्वशीलता और उनकी जैसी संवेदनशीलता को जीना दुर्लभ है। उन्होंने परिवार एवं समाज को समृद्धशाली और शक्तिशाली बनाने की दृष्टि से उल्लेखनीय कार्य किया। मेरे लिए तो वे आज भी दिव्य ऊर्जा के केन्द्र हैं। मेरे पिता मेरे आदर्श हैं, मेरे पिता संघर्ष की आंधियों में हौंसलों की उड़ान रहे तो आत्मविश्वास की दीवार रहे। पिता आंसुओं और मुस्कान का एक समुच्चय है, जो बेटे के दुख में रोता तो सुख में हंसता है। उसे आसमान छूता देख अपने को कद्दावर मानता है तो राह भटकते देख अपनी किस्मत की बुरी लकीरों को कोसता है। पिता गंगोत्री की वह बूंद है जो गंगा सागर तक एक-एक तट, एक-एक घाट को पवित्र करने के लिए धोता रहता है। पिता वह आग है जो घड़े को पकाता है, लेकिन जलाता नहीं जरा भी। वह ऐसी चिंगारी है जो जरूरत के वक्त बेटे को शोले में तब्दील करता है। वह ऐसा सूरज है, जो सुबह पक्षियों के कलरव के साथ धरती पर हलचल शुरू करता है, दोपहर में तपता है और शाम को धीरे से चांद को लिए रास्ता छोड़ देता है।

पिता वह पूनम का चांद है जो बच्चे के बचपने में रहता है, तो धीरे-धीरे घटता हुआ क्रमश: अमावस का हो जाता है। पिता समंदर के जैसा भी है, जिसकी सतह पर असंख्य लहरें खेलती हैं, तो जिसकी गहराई में खामोशी ही खामोशी है। वह चखने में भले खारा लगे, लेकिन जब बारिश बन खेतों में आता है तो मीठे से मीठा हो जाता है। बचपन में चॉकलेट, खिलौने दिलाने से लेकर युवावर्ग तक बाइक, कार, लैपटॉप और उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजने तक संतान की सभी मांगों को पिता ही पूरा करते रहते हैं।

# आज तक आग ने कोई रिश्ता नहीं निभाया

**बशीर बद्र साहेब का एक शेर है-**
**लोग टूट जाते हैं एक घर बनाने में। तुम तरस नहीं खाते बस्तियां जलाने में।**
**आज यह बस्तियां तोड़ दीं ये मजलूमों की भीड़ फिर किसी और शहर की ओर रवाना हो जाएगी-**
**हटो कांधे से आंसू पोंछ डालो वो देखो रेल-गाड़ी आ रही है। मैं तुम को छोड़ कर हरगिज न जाता गरीबी मुझ को ले कर जा रही है।**
**अज्ञात**
**गरीब तो वह जंगली जानवर हैं कि वो दीपावली के दिए में बचे तेल से निवाले निकाल लिया करते हैं। लखनऊ से फरीदाबाद, दिल्ली से नोएडा और गुड़गांव तक, धारावी से लेकर जयपुर और मध्य प्रदेश तक। जहां-जहां यह बस्तियां मिलें इन्हें नेस्तनाबूद किया जाना चाहिए क्योंकि गरीबों का मर जाना ही अच्छा है। स्मार्ट सिटीज पर मलिन बस्तियों का पैबंद रहे तो रहे क्यों?**



पवन सिंह

एक सरकारी कवयित्री का एक भजन कभी बहुत चर्चित हुआ था। मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे वो आएंगे। झोपड़ी वालों ने सावन के काले-कजरारे बादलों की तरह झूम-झूमकर कर खूब भजन गाए और अपनी झोपड़ियों के दरवाजे खुले रखे लेकिन वो नहीं आए उन्होंने बुल्डोजर भिजवा दिया। लाखों की संख्या में गरीबों की झोपड़ियां, टीन शेड्स, तिरपाल के घर। सब कुछ तबाह कर दिए गए। मानवीय मूल्यों, संवेदनाओं और एक इंसान होने की सलाहियत तक को बुल्डोजर के लौह पंजों ने रौंद डाला। लोग रोते रहे।

चीखते रहे। आंखों में आंसुओं का सैलाब। सुबकते दों होठों के बीच जुड़े और कांपते हुए दोनों हाथ। दर्द और पीड़ा इतनी कि होंठ कुछ कहने के लिए कांपते रहे लेकिन कह न सके। एल्यूमिनियम का पतीला और चंद थालियां, कुछ ग्राम या बमुश्किल एक किलो अनाज समेट कर। सब कुछ धूलधूसरित हो जाने की वह पीर, वही जान सकता है जिसने अपनी आंखों के सामने सब कुछ कतरा-कतरा बिखरते हुए देखा है। कभी ये झोपड़ पट्टियां भी सांसे लेती थीं। जिंदगी यहां भी चलती थी। इन बस्तियों में लाशें नहीं रहती थीं। तुम्हारी हिकारत भरी नजरों के बावजूद कभी उन्होंने तुमसे शिकायत भी न की, लेकिन फिर भी तुमने दशकों-दशक से बसे घरौंदों को जमींदोज कर दिया। माना वह घरौंदे अवैध थे, लेकिन लोग तो इंसान थे। बिल्कुल वैसे ही, जैसे हम और आप हैं।

इन लेच्छ जानवरों ने कभी राह चलते आपकी मर्सिडीज नहीं रोकी और न अपनी बांसी रोटी को आपके पिज्जा से टकराया। न कभी आपके फ्राइड राइस और मशरूम पनीर भरी प्लेट से सूखे चावल की टुटही एल्यूमिनियम की थाली टकराई, लेकिन आपने उसके टीन शेड, पालीथीन और ईंट के घरों को पल भर में नेस्तनाबूत कर दिया। जब आप बस्तियां धूल में मिला रहे थे तो बदहवासी देखी थी क्या? गंदे और फटे कपड़ो में घुटनों के बल बैठे, दोनों कोहनियों को घुटनों में फंसाए, उंगलियों से टपकते अश्क को पोंछते इन इंसानी जानवरों को देखा था क्या। माना कि उन बस्तियों के नीचे की जमीनें बहुत कीमती हैं। आप ले लेते जमीनें, लेकिन उनको पहले कहीं पुर्नवासित तो कर देते। ये जो बस्तियां उजाड़ी हैं, यह आपके घरों की टाइल्स और मार्बल्स की चमक थीं। दो रोटी कमाने आपके शहर आए थे। आपके घरों में झाड़ू पोंछा, आपके कमोड की सफाई, आपके कपड़ों पर प्रेस, आपकी गली की सफाई, पानी पीकर सड़क पर फेंकी गईं करोड़ों बोतलों और चिप्स खाकर फेंके गए पैक्टों को बीन कर साफ करने वालों, मंडी से सुबह 4 बजे सब्जी लाकर आप की गली में बेचने वाले। इन जानवरों के लिए बुल्डोजर ही विकल्प है। इनमें से तमाम ये इंसानी जानवर अपने-अपने शहरों, गांवों की ओर लौट जाएंगे। हो सकता है इनमें से तमाम युवा न लौटें। यह जो नहीं लौटेंगे इनकी भूख और बेबसी इन्हें अपराधी बनाएगी। यह आंच आप तक भी आएगी। भरे-अघाए पेट वालों से कहीं ज्यादा ताकतवर भूखा और बेबस आदमी होता है। भूख डर खा जाती है और बेबसी व लाचारी संवेदनाओं को चबा जाती है। किसी भी शहर की व्यवस्था को संचालित करने का एक बड़ा पहिया यह मलिन बस्तियां भी रही हैं, लेकिन बुल्डोजर इनका समाधान नहीं हो सकता। गरीबी, बेरोजगारी, मुफलिसी का बहुत गहरा याराना जरायम से है और विगत कुछ सालों में इसमें जबरदस्त इजाफा हुआ है। यह और भी भयावह होगा इसके लिए आप लोग मानसिक रूप से तैयार रहें। आज तक आग ने कभी कोई रिश्ता नहीं निभाया है। फिलहाल, झोपड़ियां, बस्तियां उजड़ गईं, आगे और उजड़ेंगी, क्योंकि आपकी झोपड़ी के भाग में वो कभी नहीं आते। जब वो धर्मस्थलों में पांच साल की बच्चियों महिलाओं के रेप पर बाहर निकल कर नहीं आते तो क्या खाक तेरी झोपड़ी में आएंगे। वो उनके साथ है जो इनको लाए थे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# वायरल और प्रसिद्ध होने के लिए कुछ भी!



रजनीश कपूर

आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया ने लोगों को अपनी बात दुनिया तक पहुंचाने का एक शक्तिशाली मंच प्रदान किया है। यह मंच जहां एक ओर रचनात्मकता, ज्ञान और सकारात्मक संदेशों को फैलाने का अवसर देता है, वहीं दूसरी ओर कुछ लोग इस मंच का दुरूपयोग भी कर रहे हैं। एक चिंताजनक प्रवृत्ति जो हाल के वर्षों में उभरी है, वह है सार्वजनिक स्थानों पर अश्लीलता के जरिए वायरल होने और प्रसिद्धि हासिल करने की कोशिश। यह न केवल सामाजिक मूल्यों को ठेस पहुंचाता है, बल्कि समाज में नैतिकता और संस्कृति के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करता है।

सोशल मीडिया पर वायरल होने की होड़ ने कई लोगों को गलत रास्ते पर धकेल दिया है। कुछ लोग त्वरित प्रसिद्धि के लिए सार्वजनिक स्थानों पर अश्लील व्यवहार, अभद्र भाषा, अनुचित कपड़े या आपत्तिजनक हरकतें करते हैं और इसे रिकॉर्ड करके ऑनलाइन डाल देते हैं। उदाहरण के तौर पर, कुछ युवा सार्वजनिक स्थानों जैसे मेट्रो, बस, पार्क या बाजारों में अश्लील नृत्य, अशोभनीय टिप्पणियां या विवादास्पद कृत्य करते हैं, ताकि लोग उनकी वीडियो देखें, शेयर करें और वे रातोंरात प्रसिद्ध हो जाएं।

इस तरह की सामग्री को अक्सर क्लिकबेट के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, क्योंकि यह लोगों का ध्यान तुरंत खींचती है, लेकिन यह प्रवृत्ति समाज के लिए हानिकारक है, क्योंकि यह न केवल नैतिकता को कमजोर करती है, बल्कि युवा पीढ़ी को भी गलत संदेश देती है। यह सवाल उठता है कि क्या प्रसिद्धि के लिए नैतिकता और सामाजिक मर्यादाओं को ताक पर रखना उचित है? आज के समय में, सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स और व्यूज को सफलता का पैमाना माना जाता है। लोग मानते हैं कि वायरल होने से उन्हें प्रसिद्धि, पैसा और अवसर मिलेंगे। इस लालच में वे अश्लीलता का सहारा भी ले लेते हैं, क्योंकि यह तेजी से ध्यान आकर्षित करता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के एल्गोरिदम विवादास्पद और सनसनीखेज सामग्री को अधिक प्रचारित करते हैं। अश्लील वीडियो या पोस्ट को ज्यादा लाइक्स, शेयर और कमेंट्स मिलते हैं, जिससे वे ट्रेंडिंग लिस्ट में आ जाते हैं। यह क्रिएटर्स को ऐसी सामग्री बनाने के लिए प्रोत्साहित करता है।आधुनिक समाज में कुछ हद तक नैतिकता और सामाजिक मूल्यों में कमी आई है। लोग व्यक्तिगत स्वतंत्रता के नाम पर अनुचित व्यवहार को सही ठहराने लगे हैं। सोशल मीडिया पर लाखों कंटेंट क्रिएटर्स हैं और उनमें से अलग दिखने के लिए कुछ लोग गलत रास्ते चुन लेते हैं। अश्लीलता एक आसान और तेज तरीका लगता है। सार्वजनिक अश्लीलता के जरिए वायरल होने की प्रवृत्ति समाज पर कई नकारात्मक प्रभाव डाल रही है। जब लोग सार्वजनिक स्थानों पर अश्लील व्यवहार करते हैं, तो यह समाज की नैतिकता और मर्यादाओं को कमजोर करता है। खासकर बच्चे और युवा जो सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं, वे ऐसी सामग्री से प्रभावित हो सकते हैं और इसे सामान्य मानने लगते हैं। अश्लील व्यवहार सार्वजनिक स्थानों पर मौजूद अन्य लोगों के लिए असुविधा और असहजता का कारण बनता है। इससे सामाजिक तनाव और विवाद पैदा हो सकते हैं।कई बार अश्लील वीडियो में महिलाओं या बच्चों को अनुचित तरीके से दिखाया जाता है, जिससे उनकी गरिमा और सुरक्षा को खतरा होता है। भारत जैसे देश में, जहां संस्कृति और परंपराओं का विशेष महत्व है, ऐसी गतिविधियां सांस्कृतिक मूल्यों को नुकसान पहुंचाती हैं। यह सामाजिक एकता और सम्मान को कमजोर करता है।

भारत में सार्वजनिक अश्लीलता को रोकने के लिए कई कानून मौजूद हैं। भारतीय न्याय संहिता के तहत, सार्वजनिक स्थान पर अश्लील कृत्य या शब्दों का उपयोग दंडनीय अपराध है। इसके अलावा, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत भी ऑनलाइन अश्लील सामग्री को फैलाना भी गैरकानूनी है। फिर भी, इन कानूनों का सख्ती से पालन नहीं हो पाता, क्योंकि सोशल मीडिया पर सामग्री की मात्रा इतनी अधिक है कि हर पोस्ट की निगरानी करना मुश्किल है। इस समस्या से निपटने के लिए समाज, सरकार और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को मिलकर काम करना होगा। सार्वजनिक अश्लीलता और ऑनलाइन अश्लील सामग्री के खिलाफ कानूनों का सख्ती से पालन करना जरूरी है। दोषियों को उचित सजा मिलनी चाहिए, ताकि दूसरों के लिए नजीर बने।सोशल मीडिया कंपनियों को अपने एल्गोरिदम में बदलाव करना चाहिए, ताकि अश्लील और विवादास्पद सामग्री को बढ़ावा न मिले। ऐसी सामग्री को तुरंत हटाने और क्रिएटर्स के अकाउंट पर प्रतिबंध लगाने की नीति लागू करनी चाहिए।समाज में नैतिकता और सामाजिक मर्यादाओं के महत्व को समझाने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में युवाओं को सोशल मीडिया के सही उपयोग के बारे में शिक्षित करना जरूरी है। वहीं माता-पिता को अपने बच्चों के सोशल मीडिया उपयोग पर नजर रखनी चाहिए और उन्हें सही-गलत का अंतर समझाना चाहिए। सोशल मीडिया पर सकारात्मक, रचनात्मक और प्रेरणादायक सामग्री को बढ़ावा देना चाहिए। सरकार और गैर-सरकारी संगठन ऐसी पहल शुरू कर सकते हैं, जो युवाओं को सही दिशा में प्रेरित करें। सार्वजनिक अश्लीलता के जरिए वायरल होने और प्रसिद्धि हासिल करने की प्रवृत्ति एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जो न केवल व्यक्तिगत नैतिकता को प्रभावित करती है, बल्कि समाज और संस्कृति पर भी गहरा असर डालती है।



(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अहमदाबाद एयर क्रेश पर बोले ब्रिटिश पीएमः हादसे के विजुअल बहुत भयानक

## दुर्घटनाग्रस्त जहाज में 61 विदेशी यात्री थे शामिल

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हो गया। इस प्लेन में 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत 242 पैसेंजर सवार थे। हादसे की जगह से अब तक 100 शव मिलने की खबर है।

एयर इंडिया की फ्लाइट नंबर एआई-171 ने दोपहर 1:38 बजे अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। दोपहर 1:40 बजे यह प्लेन क्रैश हो गया। ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने इस हादसे पर दुख जताया है। कीर स्टार्मर ने संसद में कहा कई ब्रिटिश नागरिकों को लेकर लंदन जा रहे प्लेन के अहमदाबाद में क्रैश होने



के कई विजुअल बहुत भयानक हैं। मुझे हर अपडेट के बारे में जानकारी दी जा रही है। मेरी संवेदनाएं पीड़ितों के साथ है। वहीं, ब्रिटिश सांसद लूसी पावेल ने कहा कि ब्रिटिश सरकार एयर इंडिया विमान में सवार लोगों को 'हर संभव मदद' मुहैया कराएगी। संसद में बोलते हुए पावेल ने कहा कि कई परिवार हैं, जो अपने लोगों के आने का इंतजार कर रहे हैं। यह बहुत चिंता की बात है। हम उन सभी परिवारों के लिए अपनी गहरी संवेदना जताते हैं। ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह भारत में लोकल अधिकारियों के साथ मिलकर हादसे के हर पहलू को पता करने और इसमें शामिल लोगों को मदद देने की कोशिश कर रहा है। अगर किसी ब्रिटिश नागरिक को कान्सुलेट से मदद चाहिए या उन्हें अपने दोस्तों या परिवार की चिंता है, तो वे 020 7008 5000 नंबर पर काल कर सकते हैं। वहीं, पुर्तगाल के समुदाय मामलों के राज्य सचिव एमिडियो सूसा ने कहा कि प्लेन क्रैश में दोहरी राष्ट्रीयता वाले 7 पुर्तगाली नागरिक सवार थे। पुर्तगाली अधिकारी उन सभी लोगों के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश कर रहे हैं।




पटना। बेरोजगारी के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

## पाकिस्तान ने आईएमएफ की मांगों के अनुरूप बजट को अंतिम रूप दिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की मांगों के अनुरूप अपने बजट को अंतिम रूप देने में कामयाबी हासिल की है। पाकिस्तान के वित्त सचिव इमदादुल्लाह बोसल ने मंगलवार को यह जानकारी दी। 'समा टीवी' की रिपोर्ट के अनुसार बोसल ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आईएमएफ ने कृषि क्षेत्र पर कर न लगाने के पाकिस्तान के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने इसे पाकिस्तान के लिए 'बड़ी उपलब्धि' बताया। उन्होंने कहा कि उर्वरकों और कृषि रसायनों पर कर मूल रूप से पिछले वित्तीय वर्ष (2024) के लिए निर्धारित किया गया था, लेकिन प्रधानमंत्री के निर्देश के तहत हमने इसे स्थगित करने के लिए आईएमएफ के साथ बातचीत की।

# अमेरिका में भारतीय फैकल्टी की नियुक्ति 45 प्रतिशत तक घटी

## स्टूडेंट की संख्या 1 लाख तक कम हुई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी यूनिवर्सिटी- कालेज में भारतीय फैकल्टी की नियुक्ति में 45 प्रतिशत तक की कमी आई है। इस साल सिर्फ 380 भारतीय प्रोफेसरों को नौकरी मिली, जबकि पिछले साल यह संख्या 700 से ज्यादा थी।

अमेरिका में विदेशी फैकल्टी की नियुक्तियां भी कम हुई हैं, इस साल 2500 को नौकरी मिली, जो पिछले साल बाइडेन के समय दोगुनी से अधिक थी। साथ ही, अमेरिका जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में भी कमी दर्ज की गई है। इस साल 2.31 लाख छात्रों ने ही दाखिला लिया, जबकि 2024 में 3.31 लाख छात्र अमेरिका गए थे। इसके दो बड़े कारण यूनिवर्सिटी का एडमिशन आफर वापस लेना

**■ यूनिवर्सिटी ने छात्रों के एडमिशन आफर वापस लिए**

और अमेरिकी दूतावास की ओर से वीजा जारी नहीं करना माना जा रहा है। ट्रम्प ने अमेरिका में विविधता, समानता और समावेशी (डीईएल) प्रोजेक्ट को खत्म कर दिया।

इसके के तहत भारतीयों और अन्य अश्वेत फैकल्टी का कोटा तय होता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। यह कोटा खत्म होने से श्वेत प्रोफेसरों की एंट्री आसान हो गई। ट्रम्प ने कालेज-यूनिवर्सिटी को दिए एग्जीक्यूटिव आर्डर में श्वेत प्रोफेसरों को अहमियत देने के निर्देश दिए हैं। इसके चलते अब अमेरिकी कैंपस में श्वेत फैकल्टी की संख्या बढ़ रही है। अमेरिकी कैंपस वाच ग्रुप नेबरहुड के अनुसार अमेरिकी यूनिवर्सिटी में विदेशी विजिटिंग प्रोफेसरों की संख्या में भी कमी दर्ज की गई है।

पूर्वी अमेरिका के न्यूयार्क, वाशिंगटन डीसी, पेन्सिलवेनिया में ये ट्रेंड ज्यादा नजर आ रहा है। कुछ यूनिवर्सिटी ने आर्थिक कारणों या नीतिगत दबाव के चलते विदेशी फैकल्टी की भर्तियों को कम किया है। बोस्टन कालेज के प्रो. क्रिस ग्लास ने बताया कि स्टूडेंट एक्सचेंज व विजिटर इन्फार्मेशन सिस्टम के तहत अमेरिका में विदेशी छात्रों की संख्या घटी है। इस साल अप्रैल तक कुल विदेशी छात्रों की संख्या में 12 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है।

## इराक से अमेरिकी दूतावास के कर्मचारियों की वापसी

**ह्यूस्टन।** इराक में अमेरिकी दूतावास के गैर-जरुरी कर्मचारियों और उनके आश्रितों को अनिर्दिष्ट सुरक्षा जोखिमों के कारण देश छोड़ने का आदेश दिया गया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी है। विदेश विभाग ने बुधवार को एक बयान में कहा कि हमारे नवीनतम विश्लेषण के आधार पर हमने इराक में अपने मिशन का दायरा कम करने का फैसला किया है। हम अपने सभी दूतावासों में उचित कर्मियों की स्थिति का लगातार आकलन कर रहे हैं। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने मध्य पूर्व से अमेरिकी सैन्य कर्मियों के परिजनों की स्वैच्छिक वापसी की मंजूरी दी है। हालांकि इराक से वापसी के पीछे की सुरक्षा चिंताएं स्पष्ट नहीं हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ईरान ने हाल ही में चेतावनी दी थी कि अगर उसके परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत विफल हुई तो वह क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों पर हमला कर सकता है।

# कनाडा पुलिस ने 400 करोड़ की कोकीन पकड़ी

## भारतीय मूल के सात लोग गिरफ्तार

**ओटावा।** कनाडा की पील रीजनल पुलिस ने एक बड़े ड्रग नेटवर्क का खुलासा करते हुए कोकीन तस्करी के आरोप में 7 भारतीय समेत 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को आशंका है कि इस नेटवर्क से जुड़े लोग खालिस्तान समर्थक हैं। दरअसल, कनाडा पुलिस ने प्रोजेक्ट पेलिकन नाम से एक आपरेशन चलाया था। इस आपरेशन में फरवरी से मई के बीच 479 किलो कोकीन जब्त की गई, जिसकी कीमत 47.9 मिलियन डालर (लगभग 400 करोड़ रुपये) है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस ड्रग तस्करी से मिले पैसे का इस्तेमाल कई भारत विरोधी गतिविधियों में होता था।

6 जून तक मामले में गिरफ्तार गए किए भारतीय मूल के लोगों में टोरंटो के साजगित योगेंद्र राजा (31), ब्रैम्पटन के मनप्रीत सिंह (44), ब्रैम्पटन के अरविंदर पोवार (29), कैलेडन के करमजीत सिंह (36), कैलेडन के गुरतेज सिंह (36), कैम्ब्रिज के सरताज सिंह (27) और जार्जटाउन के शिव ओंकार सिंह (31) शामिल हैं। इनके अलावा 2 अन्य आरोपी मिसिसागा के हाओ टामी हुइन्ह (27) और हैमिल्टन के फिलिप टेप (39) को गिरफ्तार किया गया है। कनाडाई पुलिस ने बताया कि इन सभी पर हथियार और ड्रग्स से जुड़े कुल 35




**■ दावाः पैसे का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों में होता था**

**■ गिरफ्तार लोगों को ब्रैम्पटन की ओंटारियो कोर्ट आफ जस्टिस में जमानत के लिए पेश किया गया है**

आरोप लगाए गए हैं। पील पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार लोगों को ब्रैम्पटन की ओंटारियो कोर्ट आफ जस्टिस में जमानत के लिए पेश किया गया है। ओंटारियो के सालिसिटर जनरल माइकल एस. कर्जर ने कहा कि प्रोजेक्ट पेलिकन इस बात का सबूत है कि सही संसाधनों के साथ पुलिस हमारे समाज को सुरक्षित रख सकती है। जून 2024 में, पील पुलिस ने अमेरिका-कनाडा ट्रकिंग मार्गों का इस्तेमाल करके कोकीन तस्करी अभियान की जांच शुरू की थी। रिपोर्ट में कनाडा की पुलिस के हवाले से बताया गया है कि, यह नेटवर्क अमेरिका से कनाडा तक कमर्शियल ट्रकिंग रूट्स का इस्तेमाल कर कोकीन की तस्करी करता था। इसका मैक्सिकन कार्टेल्स और अमेरिका के ड्रग डिस्ट्रीब्यूटर्स से संबंध था। ड्रग तस्करी से मिले पैसे भारत विरोधी गतिविधियों, जैसे विरोध प्रदर्शन, जनमत संग्रह और हथियारों की फंडिंग के लिए इस्तेमाल हो रहे थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई इस नेटवर्क को समर्थन दे रही थी, जो मैक्सिकन कोकीन और अफगान हेरोइन की तस्करी में शामिल था।

## खड़गे ने अमेरिका, बांग्लादेश की घटना को चिंताजनक बताया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि अमेरिकी सेना का पाकिस्तान को आतंकवाद से लड़ने में मजबूत सहयोगी बताकर जनरल मुनीर को सेना दिवस पर आमंत्रित करना और बंगलादेश में रवींद्रनाथ टैगोर के आवास को जलाने की घटना बेहद चिंताजनक है।

खड़गे ने गुरुवार को कहा अंतर्राष्ट्रीय पटल पर हमारे लिए दो घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं-अमेरिका के सेंट्रल कमांड के कमांडर का पाकिस्तान को 'आतंकवाद से लड़ने में अपना मजबूत सहयोगी' बताना और फिर पाकिस्तानी सेना प्रमुख को अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ में आमंत्रण देना। उन्होंने कहा कि इसके अलावा दूसरी बड़ी घटना बंगलादेश में हुई है जहां हुड़दंगियों ने गुरुदेव



**■ कांग्रेस पार्टी इसकी घोर निंदा करती है**

रवींद्रनाथ ठाकुर के पुश्तैनी घर को आग के हवाले किया है। उन्होंने कहा कि आमार सोनार बांग्ला-बंगलादेश के राष्ट्रगान के रचियता-गुरुदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर के सिराजगंज, बंगलादेश स्थित पुश्तैनी निवास में तोड़फोड़ की घटना। कांग्रेस पार्टी इसकी घोर निंदा करती है।

# ट्रम्प का पाक प्रेम बढ़ रहा, मुनीर को न्योता दिया

## यूएस आर्मी की 250वीं वर्षगांठ के जश्न में होंगे शामिल

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर इस हफ्ते अमेरिका दौरे पर पहुंचेंगे। वे शनिवार यानी 14 जून को वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के जश्न में शामिल होंगे। इस दिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का 79वां जन्मदिन भी है। इस मौके पर राजधानी वाशिंगटन में एक परेड का आयोजन होगा।

मुनीर का पहला अमेरिकी दौरा 2023 में हुआ था, तब उन्होंने तत्कालीन अमेरिकी रक्षा मंत्री लायड आस्टिन, तत्कालीन विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात की थी। उस वक्त भारत ने कहा था कि पाकिस्तान की तरफ से आतंकवाद का समर्थन और क्रास-बार्डर हमलों को लेकर हमारी चिंताएं जगजाहिर हैं। हम

**■ पाकिस्तान के सेना प्रमुख, इमरान की पार्टी विरोध करेगी**

उम्मीद करते हैं कि अन्य देश भी आतंकवाद के खिलाफ गंभीरता से कदम उठाएंगे। मुनीर के दौरे से पहले ही विरोध के स्वर भी सुनाई देने लगे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने इस दौरे के दौरान प्रदर्शन की धमकी दी है। पीटीआई के ओवरसीज अफेयर्स सेक्रेटरी सज्जाद बुरकी ने शनिवार को वाशिंगटन में पाकिस्तान दूतावास के बाहर प्रदर्शन की अपील की है। उन्होंने एक्स पर लिखा-व्हाइट हाउस को बताएं कि इस सरकार के साथ कोई भी समझौता पाकिस्तान की जनता स्वीकार नहीं

**■ मुनीर के दौरे से पहले ही विरोध के स्वर भी सुनाई देने लगे हैं**

करेगी। मुनीर के दौरे से पहले पाकिस्तान को लेकर अमेरिका के सुर भी बदले-बदले नजर आ रहे हैं। अमेरिका की सेंट्रल कमांड के प्रमुख जनरल माइकल कुरिल्ला का कहना है कि अमेरिका को भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ रिश्ते बनाए रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना इस्लामी स्टेट खुरासान (आईएसआई-के) के खतरे से निपटने के लिए जरूरी है। उन्होंने यह बयान मंगलवार को हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी की सुनवाई के दौरान दिया। जनरल कुरिल्ला ने पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में मजबूत सहयोगी बताया। उन्होंने कहा-अमेरिका को पाकिस्तान और भारत दोनों से रिश्ते रखने होंगे। ये बाइनरी स्विच नहीं है कि एक से रिश्ता रखेंगे तो दूसरे से नहीं रख सकते। हमे रिश्तों के फायदों को देखना चाहिए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रमुख जनरल माइकल कुरिल्ला ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ अपनी क्षमता के हिसाब से लड़ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मुनीर के दौरे की वजह चीन से भी जुड़ी हो सकती है। बीते कुछ वक्त में पाकिस्तान और चीन की नजदीकी बढ़ गई है। अमेरिका मुनीर को अपने यहां परेड में शामिल करके अमेरिका चीन के प्रभाव को कम करने की कोशिश कर सकता है।

## लॉस एंजिल्स में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें जारी

**लॉस एंजिलेस।** अमेरिका के लॉस एंजिलेस में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जारी हिंसक झड़पों के बीच पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के एक समूह की घेराबंदी कर उनमें से कुछ को गिरफ्तार कर लिया है। अंत में सभी को इस चेतावनी के बाद छोड़ दिया गया कि अगर वे वापस आए तो उन्हें हिरासत में ले लिया जाएगा।

संवाद एजेंसी रिया नोवोस्ती के एक संवाददाता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जब पुलिस प्रदर्शनकारियों को घेर रही थी, तब कई पत्रकार भी वहां मौजूद थे। उन्होंने बताया कि स्थानीय समयानुसार रात 8:50 बजे तक एक हेलिकॉप्टर उस निषिद्ध क्षेत्र के ऊपर मंडराता रहा, जहां प्रदर्शनकारी कर्फ्यू के बावजूद रैली कर रहे थे। इससे पहले दिन में

**■ जब पुलिस प्रदर्शनकारियों को घेर रही थी, तब कई पत्रकार भी वहां मौजूद थे**

पुलिस ने कर्फ्यू क्षेत्र के बाहर सैकड़ों प्रदर्शनकारियों के एक समूह के खिलाफ रबर की गोलियों का इस्तेमाल किया, जिसके बाद प्रदर्शनकारी पीछे हट गए, लेकिन तितर-बितर नहीं हुए। गौरतलब है कि सात जून को दंगे उस समय भड़के, जब अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) ने अवैध प्रवासियों की पहचान करने के उद्देश्य से एक बड़े अभियान के तहत शहर में छापेमारी शुरू की। प्रदर्शनकारियों के साथ झड़पें राज्य के लिए संभावित संघीय निधि कटौती की रिपोर्ट के बीच भड़की।

# ड्रामा खत्मः ट्रम्प ने मस्क की माफी स्वीकार की

## मस्क बोले थेः पछतावा है, उपराष्ट्रपति वेंस ने लड़ाई खत्म करने की पहल की थी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मस्क की माफी को स्वीकार कर लिया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बुधवार को प्रेस को बताया कि-राष्ट्रपति ने मस्क की पोस्ट को सराहा।

हम अब अमेरिकी जनता पर ध्यान दे रहे हैं। मस्क के सरकारी अनुबंधों की समीक्षा के बारे में पूछने पर प्रेस सचिव ने कहा कि अभी तक इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है। मस्क ने 9 जून की रात ट्रम्प से फोन पर बात की थी। इससे पहले 6 जून को उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और व्हाइट हाउस की चीफ आफ स्टाफ सूसी वाइल्स ने मस्क से फोन पर बात की थी। इस बातचीत में वेंस ने मस्क से विवाद खत्म करने की पहल की थी। दरअसल, मस्क ने डोनाल्ड ट्रम्प से बहस को लेकर खेद जताया था। उन्होंने 11 जून को इसे लेकर एक सोशल मीडिया




**■ मस्क ने 9 जून की रात ट्रम्प से फोन पर बात की थी**

एक्स पर एक पोस्ट किया था। मस्क और ट्रम्प के बीच विवाद से टेस्ला के शेयरों में गिरावट आई, जो इस साल 19 प्रतिशत नीचे हैं। जो लगभग 300 बिलियन डालर (26 लाख करोड़) के बराबर है। यूरोप, चीन और अमेरिका में टेस्ला की बिक्री घटी है, क्योंकि मस्क की दक्षिणपंथी राजनीति से ग्राहक दूरी बना रहे हैं। मस्क ड्राइवरलेस तकनीक पर जोर दे रहे हैं, लेकिन यह तकनीक शुरुआती चरण में है। ट्रम्प के साथ तनाव से टेस्ला की रोबोटैक्सी योजनाओं पर असर पड़ सकता है। मस्क ने पिछले कुछ पोस्ट में उन्होंने ट्रम्प के बयानों और नीतियों का समर्थन भी किया है। उन्होंने लास एंजिलिस में अवैध अप्रवासियों पर हुई छापेमारी को लेकर खुशी भी जताई। इससे पहले एक इंटरव्यू में जब अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प से मस्क को लेकर सवाल पूछा गया था, तो उन्होंने बेहद शांत लहजे में जवाब दिया। ट्रम्प ने कहा हमारे बीच अच्छे संबंध थे और मैं बस उनके अच्छे होने की कामना करता हूं। ट्रम्प का यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था।

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस करें
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए.
और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD — Bijnor's Leading Education Consultancy
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313, 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)